आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 341, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 18

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 17

गोंडा में रेल हादसा, 3 की मौत, 34 घायल

चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई जांच

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर 2:30 बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के तीन डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

रेलवे के अनुसार, एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

दर्दनाक घायलों में 11 की हालत गंभीर

मनकापुर-गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

ट्रेन हादसे में 3 यात्रियों की मौत की पुष्टि

- राहुल पुत्र नाथूलाल निवासी चंडीगढ़।
- सरोज पुत्र रघुनंदन निवासी बिहार।
- अज्ञात।

डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में 3 यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के 8 डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में 5 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मौके पर 4 लोगों की मौत हुई है। रेल प्रशासन ने अभी तक घायलों व मरने वालों की सूची जारी नहीं की है। जबकि जिला प्रशासन ने 3 यात्रियों की मौत की पुष्टि की है।

> हादसे में 3 लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2 .5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है।
> – **पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

मुंबई। शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।

● सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर

विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

पुणे। विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।

एक नजर

केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम को गिरफ्तार किया है।

नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

बीजापुर, एजेंसी

● गंभीर रूप से घायल चार जवानों को रायपुर अस्पताल भेजा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

इसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : विष्णु देव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि आतंकवादी उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा से घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सतर्क सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की हरकत को देखा और उन्हें ललकारा तथा इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जारी है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 14 जुलाई को केरन सेक्टर में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।

नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, 20 जुलाई को परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।

शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

पटना एम्स के चार छात्रों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गुरुवार को पटना एम्स में पढ़ने वाले एमबीबीएस के चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। एम्स पटना के निदेशक जीके पॉल ने बताया, सीबीआई पटना एम्स के चार छात्रों को अपने साथ ले गई है। इनमें चंदन सिंह, राहुल अनंत और कुमार शानू तीसरे वर्ष के छात्र हैं जबकि करण जैन दूसरे वर्ष का छात्र है। आरोप है कि कुमार ने हजारीबाग में एनटीए के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र चुराया था। सीबीआई ने राजू सिंह नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराने में कुमार की मदद की थी।

पुनः परीक्षा के लिए ठोस आधार जरूरी : सीजेआई

सीजेआई ने कहा पुन : परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है। इस मामले की जारी जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने हमें जो बताया है अगर उसका खुलासा कर दिया जाता है तो इससे जांच पर असर पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

हाईवे पर पलटी स्कार्पियो, पांच की मौत, एक घायल

मृतकों में 4 अयोध्या व एक बस्ती का, गंभीर रूप से घायल युवक को कानपुर किया गया रेफर

संवाददाता गंजमुरादाबाद (उन्नाव)

● लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ के समीप चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

अमृत विचार : बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार देर शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो चालक को झपकी आने से डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उसमें सवार 5 लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल छठे व्यक्ति को जिला अस्पताल से कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया है। यूपीडा व पुलिस की टीम ने राहत व बचाव कार्य चलाया।

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार शाम हरियाणा के रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो चालक को अचानक झपकी लगने से स्कार्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे में गाड़ी के परखचे उड़ गये, उसमें सवार सभी व्यक्ति उसी में फंस गए। मौके पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और पीतमपुरा चौकी पुलिस ने गाड़ी की खिड़कियों के कांच तोड़कर उसमें सवार 6 व्यक्तियों को बाहर निकाला और सभी को सीएचसी बांगरमऊ भेजा।

जहां पर मौजूद डॉक्टर ने वैभव पांडेय (35) निवासी गांव बीबीपुर थाना नया बाजार अयोध्या, हरविंद सिंह निवासी महाराजगंज अयोध्या व मनोज सिंह निवासी नया बाजार अयोध्या को मृत घोषित कर दिया। घायल महेंद्र सिंह (38) निवासी रजवापुर थाना परशुरामपुर जिला बस्ती व अनुज पांडेय निवासी अयोध्या व आशीष कुमार (45) निवासी बीबीपुर नया बाजार अयोध्या को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान महेंद्र सिंह और अनुज पांडेय की भी मौत हो गई। जबकि आशीष कुमार (45) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया। हाइड्रा से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात शुरू कराया गया। हादसे की सूचना पर सीओ अरविंद चौरसिया फोर्स के साथ पहुंचे और जांच की। पुलिस ने इसकी जानकारी परिजनों को दे दी है।

हादसे में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो।

ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

संवाददाता,गंजडुण्डवारा (कासगंज)

अमृत विचार: मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। इसके बाद भड़के लोगों ने पुलिस के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की।

गंजडुंडवारा में मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर।

● पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम, धरना देकर कई घंटे किया हंगामा

> लाठीचार्ज को लेकर विवाद हुआ था। लाठीचार्ज का क्या कारण रहा है इसकी जांच की जा रही है। दो पुलिस कर्मियों के विरुद्ध तहरीर प्राप्त हुई है। – **विजय कुमार राणा**, सीओ पटियाली

हाईटेंशन लाइन से टकराया 50 फुट ऊंचा ताजिया, एक की मौत

अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)। मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया। हादसे में 19 लोग झुलस गए, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर में 15 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि इनमें से 20 वर्षीय हसीब को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में तहसील प्रशासन शाहजहांपुर अस्पताल में तैनात हैं।

100 जोड़े हुए तो डीएम कराएंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिए निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अगर 100 से ज्यादा जोड़े हुए तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सामूहिक विवाह कराएंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने इस सिलसिले में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। राज्यमंत्री ने विभाग की ओर से जारी मानक परिचालन प्रक्रिया एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। राज्यमंत्री की ओर से बीती 17 जुलाई को जारी निर्देश में कहा गया है कि सामूहिक विवाह में विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए। अगर संख्या 100 से ऊपर हो तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित कराएं। समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि को इन कार्यक्रमों में शामिल कराने के लिए आमंत्रित करें। सांसद व विधायक से पूछकर ही विवाह कार्यक्रम की तारीख तय की जाए। समाज कल्याण निदेशक की ओर से जारी एसओपी का सख्ती से पालन कराया जाए।

विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

नई दिल्ली। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है।

सपा प्रमुख ने कहा-100 लाओ, सरकार बनाओ

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अंदरूनी कलह के चलते अखिलेश यादव ने भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर

अमृत विचार: प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है। इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।

समाज में भाईचारा बिगाड़ रही भाजपा

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक भाईचारा बिगाड़ने को अमादा दिख रही है। मुजफ्फरनगर में ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदारों को अपना नाम ठेले पर लिखने का आदेश पुलिस द्वारा दिया गया है। यह कतई उचित नहीं है, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला है। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। अखिलेश ने आगे कहा कि भाजपा की ऐसी ही विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

एक नजर

एसडीएम से की कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे की शिकायत

रुदौली, अयोध्या : तहसील के ग्राम दशरथ मऊ गांव में कब्रिस्तान की सुरक्षित भूमि कब्जा करने की शिकायत एसडीएम से की गई है। तहसील रुदौली के ग्राम दशरथमऊ की गाटा संख्या 190 व 194 की सुरक्षित भूमि पर मुस्लिम समुदाय का कदीमी कब्रिस्तान है। आरोप है कि इसी कब्रिस्तान पर गांव के दो लोगों ने कब्रिस्तान भूमि पर जबरदस्ती भैंस की नाद लगाकर चारा मशीन लगा ली और कूड़ा करकट एवं गंदगी का ढेर लगा कब्जा कर रहे हैं। एसडीएम प्रवीण यादव ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच के निर्देश दिए है।

भट्ठा मजदूर की मौत

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद भट्ठा मजदूर भावना निषाद (19) पुत्री सुरेश निषाद निवासी सिमगाँव थाना बाग बहरा जिला महासमुंद्र, छत्तीसगढ़ की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि युवती अपने परिवार के साथ पड़ोसी जनपद गोंडा के छपिया थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे पर काम करती थी। पुलिस को अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

एलएलबी की परीक्षा में धरे गए छह नकलची

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी, बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर व बीबीए, बीसीए, बीपीएड व एमपीएड की सेमेस्टर परीक्षा गुरुवार को दो पालियों में शुरू हुई। विश्वविद्यालय परीक्षा के प्रथम दिन एलएलबी की प्रथम पाली परीक्षा में छह परीक्षार्थी सचलदल की तलाशी में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए। इन परीक्षार्थियों पर कार्यवाही की गई। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने कंट्रोल रूम से केन्द्रों के परीक्षा संचालन को परखा। इसके अलावा उन्होंने द्वितीय पाली में झुनझुनवाला महाविद्यालय केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

मनरेगा के जंजाल में उलझा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण

31 आंगनबाड़ी केंद्र आधे-अधूरे, 119 का नहीं शुरू हुआ निर्माण, पढ़ाई की कामचलाऊ व्यवस्था में फंसे कई सौ नौनिहाल

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहालों को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिले के 125 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण मनरेगा के जंजाल में उलझ गया है। कुछ केंद्रों का निर्माण आधा अधूरा है तो 100 से ज्यादा का निर्माण साल बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है।

साल 2022-23 में जिले में 31 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण शुरू कराया गया, लेकिन लगभग दो साल बीतने के बावजूद अब तक इनके कार्य पूरे नहीं हो पाए। साल 2023-24 में 119 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को स्वीकृति दी गई। लेकिन अब तक इनमें से एक भी आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण शुरू नहीं हो पाया। साल बीत गया। अगला वित्तीय साल चल रहा है। अब विभाग में इसको लेकर हलचल है। खास बात यह है कि इनमें पढ़ने वाले नन्हे-मुन्ने काम चलाऊ व्यवस्था में प्राथमिक विद्यालय या फिर किसी दूसरे सरकारी भवन में किसी तरह शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

बीकापुर स्थित शेरपुर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

निर्माण में बाधक बनी गड़बड़ी

आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में मनरेगा की गड़बड़ी बाधक बन गई। मनरेगा से पैसा न मिल पाने के कारण ग्राम पंचायतें लाखों की बकाएदार हो गईं। भुगतान नहीं हुआ तो हाथ खड़े कर दिये। नई कार्ययोजना के अनुसार प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में 11.84 लाख रुपये खर्च होते हैं। इसमें बाल विकास विभाग से दो लाख, ग्राम पंचायत से दो लाख और मनरेगा से 7.84 लाख रुपये खर्च किए जाने का प्रावधान है। बाल विकास विभाग ने केंद्रों के निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को पैसा दे दिया। लेकिन मनरेगा में कच्चे और पक्के का काम का अनुपात 60 और 40, इसमें बाधक बन गया। ग्राम पंचायतों के साथ पूरे जिले में 60:40 के अनुपात को दरकिनार करके परियोजनाओं की स्वीकृति दे दी गई, फिर इस पर रोक लगी। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में पक्का काम ज्यादा है। अनुपात बिगड़ने और बकाए के चलते ग्राम पंचायतों ने निर्माण से हाथ खड़े किये तो दो साल से परियोजना का हाल खराब हो गया। अब पूरे विभाग में हलचल है।

नया रास्ता खोजने का प्रयास

आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण न शुरू हो पाना विभागों के लिए मुसीबत बन गया है। सूत्रों की माने तो जल्द इसकी शुरुआत कराए जाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नया रास्ता खोजे जाने के लिए बड़े अफसरों ने पिछले महीने बैठक की। इसको लेकर पैसे की व्यवस्था के लिए दूसरा रास्ता खोजा जा रहा है।

▸▸ दो साल बीतने के बाद भी अब तक पूरे नहीं हो पाए कार्य

> साल 2023-24 के केंद्रों के लिए विभागीय दो लाख रुपये प्रति केंद्र ट्रांसफर कर दिया गया है। मनरेगा से पुराने काम का पेमेंट नहीं हो पाया। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण बाधित है। आईडी जनरेट हो जाए तो काम की शुरूआत हो। **-एके त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी**

> साल 2022-23 के निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों का कुछ पैसा बकाया रह गया। इसलिए इस साल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण शुरू नहीं हो पाया। इस साल पैसा आने पर पहले उसका भुगतान किया जाएगा। इसके बाद नये आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी। **- सविता सिंह**

महिला पर थूका आपत्ति पर पीटा

मवई, अयोध्या : पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पैगंबर नगर में दुकान पर अगरबत्ती लेने जा रही एक महिला के ऊपर एक युवक ने थूक दिया। महिला ने आपत्ति जताई तो मारपीट करने लगा। महिला का पुत्र जब अपनी मां को बचाने दौड़ा तो कुछ लोग उसकी भी पिटाई करने लगे। अरमान अली पुत्र शहजादे ने पटरंगा थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी मां तबस्सुम दुकान पर रास्ते में अब्दुल ने थूक दिया। मेराज पुत्र नईम व उनके लड़के मो. जाकिर, सिरताज, मो. कैफ, पत्नी नफीसा, पुत्री गुड़िया ने अरमान व उनकी मां तबस्सुम को लात-घूंसों से मारने लगे। घायलों को सीएचसी मवई ले जाया गया। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

छह दिन नहीं आए बच्चे तो प्रधानाध्यापक पहुंचेंगे घर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने का अभियान चलेगा। लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा। बुलावा टोली बच्चों के घर पहुंचेगी और अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई के प्रति प्रेरित करेगी। इतना ही नहीं प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को छह दिन तक स्कूल न आने वाले बच्चों को बुलाने के लिए उनके घर तक दस्तक देनी होगी।

शासन की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि बच्चे किसी कारण के तीन दिन तक लगातार स्कूल नहीं आ रहे हैं तो उनके अभिभावकों से मोबाइल, सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया जाएगा। बच्चे एक माह में अधिकतम छह दिन अनुपस्थित रहते हैं तो उनके माता-पिता की काउंसलिंग कराई जाएगी। इसके अलावा हर माह दो दिवस अभिभावकों के साथ बैठक के लिए भी चुने जाएंगे। इसकी निगरानी खंड शिक्षा अधिकारियों को दी गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर बता दिया गया है। प्रधानाध्यापक सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे।

तीन विभागों का चेकिंग केंद्र बना टोल प्लाजा, हो रही परेशानी

एआरटीओ, सेल टैक्स व रोडवेज निरीक्षक तीनों के लिए टोल प्लाजा बना है कमाई का जरिया

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : रौनाही टोल प्लाजा पर तीन विभागों की चेकिंग के नाम पर वाहनों की अफरा-तफरी अब आम लोगों को भारी पड़ने लगी है। बचने के लिए भागने वाले वाहनों की चपेट में अन्य वाहन और टोलकर्मी तक आने से नहीं बच रहे हैं, जबकि एनएचएआई के नियमों के विरुद्ध भोर से ही चेकिंग लगाकर राजस्व की कमाई के लिए तीन तरफ से हो रहे इस होड़ का विरोध अब स्थानीय नागरिक भी करने लगे हैं। यहां रोडवेज निरीक्षक, परिवहन और सेल्स टैक्स वाले नियमित रूप से चेकिंग करते हैं।

कभी टोल बूथ के पूरब तो कभी पश्चिम सुबह होते ही वाहनों की अफरा-तफरी टोल के आसपास लगभग प्रायः देखने को मिलती है। चाहे संभागीय परिवहन अधिकारी हो या सेल टैक्स अधिकारी इनसे फुरसत मिली तो रोडवेज का चेकिंग दस्ता टोल पार होते ही घेराबंदी कर हाइवे पर बीचों बीच खड़ा हो जाता है। एक वाहन आड़ा तिरछा खड़ा हो गया तो बूथ पर इसके चलते कभी कभी लंबी लाइन तक लग जाती है। गत वर्ष इसी तरह की एआरटीओ की घेराबंदी से बचकर ड्राइवर ने बस को भगाया तो टोल बूथ पर ही पलट गई थी। एक की जान गई तो 50 घायल हुए थे। वह बस दिल्ली से बिहार जा रही थी। हादसे के बाद कुछ दिन तक यह निरीक्षण दस्ते दूर-दूर तक नजर नहीं आए, लेकिन वह सबक भूलते हुए अब फिर डेरा डाले हुए हैं। इनके कारण आए दिन घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

रौनाही टोल प्लाजा पर बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर चेकिंग करते जिम्मेदार।

> टोल बूथ से दोनों तरफ 500 मीटर की रेंज में किसी को भी खड़े होने की इजाजत एनएचएआई के नियमों में नहीं है। चेकिंग के वाहन भी नहीं खड़े किए जा सकते हैं। **-एसएस सिकरवार, टोल प्रबंधक**

> टोल के पास लगा कांटा वाहन तौल कराने में मददगार बनता है। अवैध वाहन भाग नहीं पाते हैं। रौनाही थाना भी करीब है। इसलिए यहां टोल के आसपास चेकिंग लगा ली जाती है। **-राजेश कुमार, पीटीओ परिवहन**

बारिश न होने से मात्र 20 फीसदी हुई धान की रोपाई

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : जिले में बेहतर बारिश न होने से धान की रोपाई बाधित हो गई है। कृषि विभाग के आंकड़ों की बात करें तो अभी तक मात्र 20 फीसदी रोपाई हो पाई है। बारिश के अभाव में खेतों में रोपी गई धान की फसलों की पत्तियां मुरझा रही हैं।

33 हजार हेक्टेयर के लक्ष्य पर छाया संकट

किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र बेहतर बरसात न हुई तो इस वर्ष भी धान की फसल का उत्पादन प्रभावित हो जाएगा। इससे किसानों को भारी क्षति हो सकती है। जिले में जुलाई की महीने में बेहतर बारिश न होने के कारण खरीफ की प्रमुख फसल धान की रोपाई का कार्य प्रभावित हो गया है। जून में हुई बारिश से उत्साहित किसानों ने धान की रोपाई के लिए नर्सरी डाल दिए, लेकिन अब जुलाई माह में बेहतर बारिश न होने के कारण धान की रोपाई पूरी तरह से बंद है। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र के मुताबिक लगभग 33 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई की जानी है, बारिश न होने के कारण जून से लेकर अब तक अभी तक मात्र 20 फीसदी किसान धान की रोपाई कर सके हैं। वहीं शेष किसान धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

अब एसडीओ 25 किलो वाट तो जेई दे सकेंगे चार केवी का कनेक्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : उप्र. पावर कार्पोरेशन ने उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन देने के साथ ही उनका लोड बढ़ाने से जुड़ी प्रक्रिया को काफी आसान कर दिया है, जिससे उपभोक्ताओं को अब अनावश्यक धक्के खाने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। एसडीओ को जहां 25 किलो वाट तक तो अवर अभियंता को चार केवी तक कनेक्शन देने का अधिकार दिया गया है। इसके चलते नगरीय क्षेत्र के 36 उपकेंद्रों पर लंबित कनेक्शन शीघ्र होने के आसार बढ़ गए हैं। करीब दस हजार आवेदन लंबित बताए जा रहे हैं। बता दें कि इससे पहले अनापत्ति प्रमाणपत्र से लेकर तमाम दस्तावेज के लिए विभिन्न स्थानों पर भटकना पड़ता था।

एसडीओ स्तर से अब निजी संस्थान, वाणिज्यिक स्थान एवं घरेलू कनेक्शन के मामले में 25 किलोवाट तक का कनेक्शन जारी हो सकेगा। पहले उन्हें मात्र दस केवी तक की ही अनुमति थी। अधिशासी अभियंता अब सभी तरह के 25 केवी से 3600 केवी तक के कनेक्शन जारी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसी तरह अधीक्षण अभियंता सभी तरह के छत्तीस सौ मेगावाट से अधिक के कनेक्शन जारी कर सकेंगे। इससे पहले उन्हें 3600 मेगावाट से अधिक के कनेक्शन देने को मुख्य अभियंता से अनुमति लेनी पड़ती थी। अभी एक सप्ताह में इस प्रक्रिया को प्रभावी कर दिया जाएगा।

▸▸ पावर कार्पोरेशन ने आसान की लोड बढ़ाने व कनेक्शन की प्रक्रिया

> पावर कार्पोरेशन द्वारा 10 जुलाई को कनेक्शन सरलीकरण व्यवस्था लागू की गई है। जिसे शीघ्र संचालित किया जा रहा है। सभी अवर अभियंता को जरूरी जानकारी दी गई है। इससे उपभोक्ताओं को आसानी होगी। **-प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम**

किशोरी से दुराचार, पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार : खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने रिश्तेदारी में रह रही एक किशोरी के साथ दबंग ने दुराचार किया। किशोरी अपने मौसी के घर रह रही है। घटना के बाद पीड़िता की मौसी ने डायल 112 व 1090 पर कॉल कर मदद मांगी। उसके अगले दिन महिला ने खण्डासा थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया। पीड़िता किशोरी की मौसी ने पुलिस महानिरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि 14 जुलाई को शाम साढ़े सात बजे गांव के एक युवक ने मेरी बहन की लड़की के साथ दुराचार किया। किशोरी के माता-पिता की काफी पहले मौत हो गई थी। महिला ने लिखा है कि जब थानाध्यक्ष को तहरीर दिया तो उन्होंने मुझे दो सौ रुपए दिए और कहा कि जाओ लड़की का इलाज करवा लो और सुलह कर लो। खंडासा थानाध्यक्ष विवेक सिंह को कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं रिसीव हुआ।

सार-संक्षेप

आम तोड़ रहा अधेड़ पेड़ से गिरा, मौत

रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार : थाना बाबा बाजार के ग्राम रतनपुर में आम तोड़ते समय एक अधेड़ की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। बाबाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर के सीताराम पुत्र राम प्रसाद (51) बुधवार देर शाम को आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहे थे, तभी डाल टूट गई और वह नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सालय ले जाते समय घायल ने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

साकेत महाविद्यालय में राष्ट्रीय व्याख्यान कार्यशाला आज से

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रीय विकास पर चिंतन-मंथन के लिए अयोध्या स्थित साकेत महाविद्यालय में आज 19 जुलाई से दो दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान कार्यशाला का आयोजन होगा। प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह और आयोजन समन्वयक प्रो. आशुतोष सिंह ने गुरुवार को बताया कि कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी और महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपने 64 वर्षों की यात्रा में कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग को पहली बार राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (नासी) के साथ राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन का मौका मिला है। कार्यशाला का उद्घाटन विज्ञान अकादमी की पूर्व अध्यक्ष और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व सचिव तथा विज्ञान अकादमी के न्यू इनिशिएटिव कार्यक्रम अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो. मंजू शर्मा करेंगी। दो दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान कार्यशाला में देश के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक प्रो. अनुराग शर्मा, डॉ. मुकुल दास, प्रो. राजेंद्र डोभाल, डॉ. देवाशीष मोहंती, प्रो. प्रतिभा जौली, प्रो. विनय शर्मा, प्रो. अखिलेश त्यागी, डॉ. अलका शर्मा, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. राजीव गौड़ और प्रो. अभिषेक सिंह का व्याख्यान होगा।

प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह

वार मेमोरियल ट्रॉफी का ध्वजारोहण 25 को

अयोध्या, अमृत विचार : साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक कक्षाओं में प्रवेश का पहला चरण पूरा कर 16 जुलाई से वर्तमान शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई है। प्रो. अशोक कुमार मिश्र- मुख्य नियंता और प्रो. अमूल्य कुमार सिंह नए छात्र कल्याण अधिकारी बनाए गए हैं। सैन्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा और उनकी टीम के प्रयास से पोर्टिको के सामने वार मेमोरियल ट्रॉफी के रूप में 1965 के भारत-पाक युद्ध में प्रयुक्त टी-55 भीम टैंक स्थापित किया गया है। राष्ट्रीय ध्वज लहराने के लिए 108 फ़ीट ऊंचा पोल लगवाया गया है। जिस पर 25 जुलाई को तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा।

सीएचसी में वार्ड ब्वॉय के निर्वस्त्र रहने का वीडियो वायरल

पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार : मया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक वार्ड ब्वाय का सीएचसी में निर्वस्त्र होने का वीडियो वायरल हुआ है। घटना चार दिन पहले की बताई जा रही है। हालांकि अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं। यह वीडियो एक मरीज के परिजन द्वारा बना कर विभाग से शिकायत की गई है। गत दिनों एक किशोरी को इलाज के लिए लिए लेकर गए भाई को सीएचसी में मौके पर कोई नहीं मिला। जब उसने कमरों में झांकना शुरू किया तो एक कमरे में वार्ड ब्वाय राम प्रकाश निर्वस्त्र मिला। पीड़ित रोहित कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल और विभाग में शिकायत की। सीएससी अधीक्षक मया अंशुमन यादव ने बताया कि वार्ड ब्वाय रामप्रकाश से स्पष्टीकरण मांगा गया है, दोषी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

एटीएस कमांडो व बख्तरबंद वाहनों के साथ मंदिर परिसर पहुंची एनएसजी टीम

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार। जिले में दो दिन से डेरा डाले एनएसजी की टीम ने गुरुवार देर शाम एटीएस और पीएसी समेत अन्य दस्तों के कमांडो तथा बख्तरबंद वाहनों के साथ सड़क पर उतरकर शक्ति प्रदर्शन किया तथा रामजन्म भूमि परिसर पहुंचे।

खबर लिखे जाने तक सुरक्षा एजेंसियों की टीम परिसर में मौजूद थी। एसपी सिटी मधुबन सिंह की अगुवाई में दो दर्जन वाहनों पर सवार विभिन्न दस्तों के कमांडो दो बख्तर बंद वाहनों के साथ मुख्य मार्ग रामपथ पर हूटर बजाते और शक्ति प्रदर्शन करते हुए टेढ़ी बाजार पहुंचे। टेढ़ी बाजार पर कारवां की अगुवाई कर रहे चार छोटे वाहन गोकुल भवन की तरफ मुड़ गए तो एनएसजी के जवानों ने अपने बड़े वाहन चौराहे पर ही खड़े कर दिए और गोकुल भवन की ओर मुड़े वाहनों को वापस बुलाया गया। इसके बाद कारवां आगे बढ़ा और राम जन्मभूमि परिसर के गेट नंबर-11 पर पहुंचने के बाद एक-एक कर कारवां के वाहन परिसर में दाखिल हो गए। कारवां में पुलिस के अलावा प्रशासन के अधिकारी तथा एंबुलेंस व आपात व्यवस्था से जुड़े अन्य वाहन भी शामिल रहे। जबकि मार्ग खाली कराने के लिए आगे यातायात पुलिस का दस्ता चल रहा था।

मॉकड्रिल के दौरान वाहनों में सवार एनएसजी टीम के सदस्य। अमृत विचार

मुख्यमंत्री से मिलकर बताईं समस्याएं

बीकापुर विधायक ने क्षतिग्रस्त सड़कों, लो-वोल्टेज के बारे में दी जानकारी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की। बीकापुर विधानसभा की विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए बिंदुवार अवगत कराया।

विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में जल पहुंचाने के लिए पाइप बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठीक कराने और कई ग्रामों में लो- वोल्टेज और ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी। ढेमवा, मांझाकला, कलाफरपुर, सनाहा सहित विभिन्न ग्राम सभाओं में सरयू के जल से हो रही कटान से गांवों की सुरक्षित करवाने की मांग की। विभिन्न सड़कों की सूची देकर सड़कों के निर्माण का आग्रह किया। इस दौरान पूर्व विधायक बीकापुर शोभा सिंह चौहान, डॉ. अनामिका सिंह चौहान, दर्श सिंह आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करता बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह का परिवार।

बीएसएनएल चार बीटीएस का ट्रायल शुरू, जिले में छह अतिरिक्त बीटीएस को भी मिली स्वीकृत

काल ड्रॉप व कंजक्शन रोकने को स्थापित किया गया राउटर

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार। तकनीक की दौड़ में पिछड़ उपभोक्ताओं को खोने वाले भारत संचार निगम लिमिटेड ने अपना पुराना वैभव हासिल करने के मशक्क्त तेज कर दी है। विभाग निजी समूह के साथ 4जी सेवा में पदार्पण के बाद निर्बाध संचार की राह में आ रही बाधाओं को दूर करने की कवायद में जुटा है। जिसके तहत काल ड्रॉप और कंजक्शन रोकने के लिए लखनऊ में राउटर स्थापित किया है। साथ ही जिला मुख्यालय के चार बीटीएस (बेसिक स्विचिंग सिस्टम) का इस राउटर से ट्रायल शुरू किया गया है। वहीं ट्रैफिक लोड को कम करने के लिए शहर क्षेत्र में छह अतिरिक्त बीटीएस स्वीकृत हुए हैं।

कभी दूरसंचार के क्षेत्र में बीएसएनएल का एकछत्र राज्य था। हालांकि निजी दूरसंचार कंपनियों के पदार्पण तथा उनकी ओर से नई तकनीक के समावेश के चलते बीएसएनएल फिसड्डी साबित होता गया। अब 4जी सेवा और सेवाओं में सुधार की कवायद के साथ बीएसएनएल फिर से अपना खोया आधार पाने की कवायद में जुट गया है। जिले में शहर क्षेत्र के 53 में से 52 और देहात क्षेत्र के 65 में से 25 यानी शहर से गांव तक कुल 128 बीटीएस में से 110 पर टीसीएस की मदद से 4जी उपकरण स्थापित कराया गया है और पूर्व से उपलब्ध 2जी व 3जी के साथ 4जी सेवा का ट्रायल शुरू किया गया है। नेटवर्क को लेकर आ रही दिक्क्तों के चलते चडीगढ़ स्थित मुख्य सर्वर के अतिरिक्त लखनऊ में राउटर स्थापित कराया गया है। सेवाओं की गुणवत्ता को आंकने के लिए शहर के चार बीटीएस इस राउटर से संबद्ध कर ट्रायल कराया जा रहा है। साथ ही सब जगह नेटवर्क की उपलब्धता के लिए शहर क्षेत्र के सिविल लाइन, नियावां, कारसेवकपुरम, बाग बिजेशी, शाहजहांपुर और आशापुर में नया बीटीएस लगवाने की कवायद शुरू हुई है।

बीएसएनल अयोध्या के महप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि टीसीएस कंसोर्टियम के सहयोग से सभी टावरों पर 4जी उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं और यह कार्य 90 फीसदी से ज्यादा पूरा कर लिया गया है।

प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान लगे थे पांच नए बीटीएस, 10 हुए थे अपग्रेड

बीएसएनएल की ओर से नेटवर्क की उपलब्धता के लिए प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, राम जन्मभूमि परिसर, विहिप की टेंट सिटी समेत पांच स्थानों पर नए बीटीएस लगवाए गए थे, जबकि काल ड्राप और कन्जेक्शन की समस्या से निजात के लिए जुड़वा शहरों अयोध्या और फ़ैजाबाद के 10 बीटीएस टावरों को 2जी से 3जी में अपग्रेड किया गया था। साथ ही पावर सप्लाई के बाधित होने से आने वाली नेटवर्क संबंधी दिक्क्त से निपटने के लिए बीएसएनल की ओर से सभी बीटीएस पर बैटरियों को बदलवाया गया है।

अहेलेबैत से मोहब्बत ईमान का सबूत

जलसा शोहदा ए इस्लाम का दसवां कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सीरत कमेटी के तहत जलसा शोहदा ए इस्लाम एक गेस्ट हाउस में मुफ्ती हस्ब उल्लाह खान की सरपरस्ती में किया गया। संचालन कारी मोहम्मद तौसीफ इंचार्ज मदरसा रहमानिया मोहल्ला ठठरहिया ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना शारिक द्वारा पवित्र पुस्तक कुरआन की आयतें पढ़ कर किया गया। सुप्रसिद्ध शायर कारी बातिन फैजी ने नात ए पाक का नजराना पेश किया।

जलसा शोहदा ए इस्लाम आर्गनाइजर कारी इरफान अहमद हलीमी ने कहा कि अहले बैत से मोहब्बत करना ईमान का हिस्सा है। मुफ्ती अब्दुल मन्नान नदवी ने कहा कि जुल्म के खिलाफ अपनी जान की आहूति देने वाले को शहीद कहा जाता है और उसको हमेशा सम्मान मिलता है। मुख्य अतिथि मौलाना मोहम्मद वसीम शेरवानी जौनपुरी ने मुहर्रम और आशूरा की फजीलत बयान की। मुफ्ती अफजाल अहमद कासमी, मौलाना सलमान, मुफ्ती मोहम्मद असजद, मास्टर इरशाद रब्बानी, कारी मोहम्मद नदीम, और मौलाना अतीक उर्रहमान रौनक समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मोहर्रम पर आयोजित जलसे को सम्बोधित करते उलेमा। अमृत विचार

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने व बूंदाबांदी होने की संभावना है।

36.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

एक नजर

फंदे से लटका मिला युवक

अयोध्या, अमृत विचार : हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार मजरे चौबे का पुरवा में एक युवक महेश कुमार (35) पुत्र द्वारिका प्रसाद का शव उसके ही घर में फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। थाना प्रभारी हैदरगंज अरशद खान का कहना है युवक ने बुधवार की शाम कमरा बंद कर फंदे पर झूल गया। उसकी पत्नी बच्चे के साथ 20 दिन पूर्व अपने मायके गई थी। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीएम के बाद शव परिवार के हवाले किया गया है।

सर्पदंश से युवती की मौत

अयोध्या, अमृत विचार : सर्पदंश के चलते इनायतनगर थाना क्षेत्र के गांव पड़रे पूरे जालिम सिंह निवासी नेहा (18) पुत्री जय मिलन पाल की मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि युवती को गंभीर हाल में उसका पिता लेकर जिला अस्पताल आया था। भर्ती किए जाने के कुछ देर बाद ही युवती ने दम तोड़ दिया।

सरयू में डूबा युवक, मौत

अयोध्या, अमृत विचार : सरयू में डूबने के चलते गुरुवार को एक युवक की मौत हो गई। शव को परिवार के हवाले किया गया है। बताया गया कि गांव के एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोनू यादव (21) पुत्र बिंदेश्वरी यादव निवासी मनकापुर जिला गोंडा अयोध्या आया था। अंतिम संस्कार के बाद सरयू के आरती घाट घाट पर स्नान के दौरान मोनू ने जेटी पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी और वह सरयू के घरने पानी में डूब गया। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने बताया कि तलाश के बाद शव को बरामद किया गया है।

रामलला के नित्य दर्शन के लिए मिलेगा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र

छह माह तक वैध होगा दर्शन पास, माह में एक-दो बार आने वालों का होगा निरस्त

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के नित्य दर्शन करने वाले भक्तों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र जारी किया जाएगा। प्रतिदिन दर्शन करने वाले भक्त की पहले ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। फिर राम मंदिर में रामलला का दर्शन प्राप्त होगा।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के संत-धर्माचार्य व स्थानीय लोगों के लिए नित्य दर्शन की व्यवस्था बनाई जानी है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भी नित्य दर्शन की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिख अनुरोध किया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या के प्रमुख संतों के साथ बैठक कर नित्य दर्शन की सहमति दी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्रातः काल 10 से शाम 6 बजे के मध्य राम कचहरी स्थित ट्रस्ट के कैंप कार्यालय और रामपथ पर स्थित बिड़ला धर्मशाला के सामने बने तीर्थ यात्री सेवा केंद्र में अपना आधार कार्ड दिखाकर निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करके नित्य दर्शन के लिए अनुमति पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अनुमति पत्र छह माह के लिए वैध होगा और प्रवेश डी-1 से ही होगा। सुरक्षा में लगे जवान क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश देंगे। सुरक्षा कारणों से मोबाइल फोन, पूजन सामग्री धूपबत्ती, अगरबत्ती, दीपक बाती और मिष्ठान आदि ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति नित्य दर्शन का पास बनवाकर माह में केवल एक-दो बार ही दर्शन को आता है, तो उसका पास निरस्त कर दिया जाएगा।

चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर अन्य मंदिरों जैसा नहीं है। इसकी सुरक्षा में 2500 सुरक्षाकर्मी 32 साल से लगे हुए हैं। एनएसजी सर्वे करती रहती है।

तीर्थ सेवा केंद्र पर भी मिलेगी पास बनवाने की सुविधा।

स्थानीय लोगों के लिए अलग लाइन नहीं

अयोध्या के लोगों के लिए कोई अलग लाइन निर्धारित नहीं की गई है। महासचिव चंपतराय ने बताया कि अयोध्या के लोगों के लिए राम मंदिर में अलग से लाइन की कोई व्यवस्था लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 100 से 200 के बीच की संख्या में ही लोग दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे। यह उचित नहीं है।

उज्जैन से पादुका चिन्ह लेकर अयोध्या पहुंचे प्रभात मित्र मंडल के सदस्य।

ट्रस्ट को चांदी का पदचिह्न समर्पित

उज्जैन के प्रभात मित्र मंडल के सदस्य ने सीतामरा के पदचिह्नों की चांदी से निर्मित अनुकृति रामलला को अर्पित की। सभी सदस्यों ने चंपत राय से मुलाकात कर पदचिह्न को समर्पित करते हुए बताया कि अरण्यकांड में जटायु द्वारा वर्णित श्रीराम और जनकसुता के पदचिह्नों को तैयार किया गया है। बड़भागी जटायु ने जंगल में विचरण के दौरान श्रीराम सीता के पदचिह्नों को बहुत ध्यान से देखा और उसी वर्णन के आधार पर चांदी के पदचिह्न तैयार किए गए हैं। उज्जैन से आए तीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में प्रो .वीके कुमार गणपतलाल अग्रवाल, अनिता कुमावत, महेंद्र अरोरा, बालचंद्र कुलमी, वीरेंद्र कुमार माहेश्वरी हरिलाल सोनिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

सरयू में स्नान कर सीधे रामलला के मंदिर पहुंच सकेंगे भक्त

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीराम मंदिर तक पहुंचने वाले जन्मभूमि पथ, रामपथ और भक्तिपथ के बाद अब भ्रमण पथ भी श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार तक पहुंचाने का काम करेगा। इसका एक चौथाई कार्य पूरा कर लिया गया है। भ्रमण पथ काशी में गंगा और विश्वनाथ धाम को जोड़ने की तर्ज पर सरयू नदी से राम मंदिर को जोड़ेगा। इसके बन जाने के बाद रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे। इस योजना पर लगभग 23.38 करोड़ रुपए खर्च हो रहा है।

▸▸ 23.38 करोड़ से तैयार किया जा रहा भ्रमण पथ

यह पथ सरयू नदी के घाटों से होते हुए राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्रीराम के मंदिर तक बनाया जा रहा है। इस पथ में हेरिटेज टाइल्स, पत्थरों की परत के साथ मार्ग की दीवारों पर भगवान राम के जीवन चरित्र के प्रसंगों को पेंटिंग के माध्यम से उकेरा जा रहा है। सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार का यह कार्य यूपी प्रॉजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव का कहना है कि भ्रमण पथ का निर्माण दिसम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। मेलों के दौरान निर्माण कुछ धीमा हो जाएगा, लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य तेज कर दिया जाएगा।

निजी हॉस्पिटल में बवाल, दो वाहन क्षतिग्रस्त, पुलिस का सख्त पहरा

मेडिसिटी हॉस्पिटल पर पीड़ित पक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

भूतपूर्व सैनिक ने कहा- स्टाफ ने मिलकर पीटा, अस्पताल प्रबंधक बोले- डॉक्टर से की अभद्रता, नहीं की पिटाई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या-अम्बेडकरनगर मार्ग पर सहनवा चौराहा स्थित मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में गुरुवार को लगभग चार बजे एक भूतपूर्व सैनिक और चिकित्सक के बीच वाद-विवाद हुआ। इसके बाद बवाल हो गया। अस्पताल के बाहर अस्पताल प्रबंधन की दो गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त पाई गईं। पीड़ित भूतपूर्व सैनिक अपनी पुत्री और पुत्र के साथ चोटिल हालत में मिले। अस्पताल प्रबंधन और पीड़ित मरीज की ओर से एक दूसरे पर तमाम आरोप लगाए गए। अयोध्या कोतवाली पुलिस साढ़े चार से शाम साढ़े सात बजे तक अस्पताल के अंदर जांच करती रही। घटना निकट के शहनवा गांव के व्यक्ति से ही जुड़ी होने के कारण मुख्य प्रवेश द्वार बंद करा बाहर पुलिस तैनात कर दी गई। गांव के लोग भी बड़ी संख्या में अस्पताल के निकट मौजूद रहकर अस्पताल प्रबंधन पर दबंगई और घटना खुद कारित करने जैसे आरोप लगा रहे थे, जिसे प्रबंधन ने निराधार बताया है।

पीड़ित की बेटी को धक्का दिया, फिर पिस्टल तानी

सहनवा गांव के रहने वाले पीड़ित भूतपूर्व सैनिक अब्दुल सलीम पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मुनीम ने अमृत विचार को बताया कि वह बुधवार को अपना नंबर लगा कर गए थे और गुरुवार को चार बजे दिखाने आए थे। बताया कि उनका 25वां नंबर था। जब वह चिकित्सक डॉ. शशांक वर्मा के कक्ष में दाखिल हुए तो उन्होंने देखने के बजाए गेट आउट कह बाहर निकलने को कहा। पीड़ित का कहना है कि आपत्ति की तो तत्काल स्टाफ के कुछ लोग आए और उन्हें व बेटी को धक्का दे दिया। आरोप लगाया कि विरोध किया तो सबने मिलकर बुरी तरह से पीटकर अस्पताल से बाहर निकाल दिया। पिटाई से हाथ, चेहरे और कई जगह चोटें आने की बात कही। आरोप लगाया कि पुत्री के साथ भी बदसलूकी की गई। इसके बाद अस्पताल के लोगों ने ही बाहर आकर दोनों गाड़ियों को तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। यह भी आरोप है कि प्रबंधक ने पिस्टल निकाल ली और उसके ऊपर तान दी। आस-पास के लोगों ने किसी तरह से बचाया। पूरे मामले में अस्पताल की एक महिला चिकित्सक की भूमिका की चर्चा की।

अस्पताल प्रबंधन ने कहा- कुछ अराजक तत्वों ने तोड़ दी गाड़ियां

मौके पर पहुंचा संवाददाता पीड़ित से बातचीत करने के बाद जब अस्पताल में चिकित्सक डॉ. शशांक वर्मा के कक्ष में गया तो अयोध्या कोतवाल सीसीटीवी फुटेज देख कर उसकी फोटो ले रहे थे। कुछ फुटेज के अलावा अन्य फुटेज गायब भी मिलीं। चिकित्सक डॉ. शशांक वर्मा ने तो कुछ नहीं बताया, लेकिन घटनाक्रम के बाद आए अस्पताल के मालिक सर्वेश वर्मा ने बताया कि भूतपूर्व सैनिक ने कक्ष में आते ही चिकित्सक को गाली दी और अभद्रता की, जिस पर उसे बाहर जाने के लिए कहा गया। बताया कि कोई मारपीट नहीं की गई है। अस्पताल में 32 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं कोई भी फुटेज देख सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक दबंग किस्म का प्रापर्टी डीलर का काम करने वाला आया, जिसने पिस्टल भी लगा रखी थी। उसी ने बाहर खड़ी दोनों गाड़ियों को कुछ लोगों के साथ तोड़ा और धमकी दी। बताया कि वह खुद डॉक्टर नहीं हैं, लेकिन अस्पताल उनका ही है। सरकारी सुरक्षा मिली है, लेकिन आजकल हटी हुई है। यह भी बताया कि अब पुनः सुरक्षा के लिए मांग कर रहे हैं।

चिकित्सक डॉ. शशांक व प्रबंधक सर्वेश से पूछताछ करते कोतवाल मनोज शर्मा।

अस्पताल के बाहर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

पीड़ित भूतपूर्व सैनिक अब्दुल सलीम दुकान पर गांव के लोगों के साथ।

अस्पताल का मुख्य द्वार बंद कर खड़े नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय।

हॉस्पिटल के सीसीटीवी को लेकर उठे सवाल

पूरे घटनाक्रम के दौरान दोनों पक्षों के अपने-अपने आरोप प्रत्यारोप के बीच 32 सीसीटीवी कैमरों वाले अस्पताल की सीसीटीवी फुटेज फिलहाल सवालों से घिरी हुई है। घटनाक्रम के दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से दो वीडियो मीडिया को दी गई, जिसमें अस्पताल के कर्मी अंदर खुद सीसीटीवी निकालते दिख रहे हैं और बाहर खड़े लोग यह क्या कर रहे हो, यह क्या कर रहे हो, चिल्ला रहे हैं। दोनों वीडियो से साफ होता है कि कुछ कर्मी दीवार पर चढ़े कैमरे निकाल रहे हैं। वहीं अस्पताल प्रबंधन द्वारा गाड़ियों में तोड़फोड़ की जगह बाहर जुटे लोगों की फुटेज पुलिस को दिखाई और दी गई। आसपास के लोगों ने बताया कि आए दिन अस्पताल में बवाल होता रहता है।

पीड़ित को अकेला छोड़ा, प्रबंधन के पास रही पुलिस

घटनाक्रम के बाद जब संवाददाता मौके पर पहुंचा तो अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार बंद करा दिया गया था और अंदर कुछ पुलिस अधिकारी व बाहर भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद थे। बगल की चाय की दुकान पर गांव के लोगों के साथ पीड़ित एक कुर्सी पर पुत्री के साथ मौजूद था। घायल के पास कोई पुलिसकर्मी नहीं था। चिकित्सक के कक्ष में अयोध्या कोतवाल और एक अन्य पुलिस अधिकारी जांच कर रहे थे। लोगों का कहना था कि पुलिस हमारी सुनने के बजाए अस्पताल प्रबंधन की सेवा में लगी हुई है। अभी तक न तहरीर मांगी न ही कुछ पूछा। पीड़ित के पुत्र मोहम्मद अशरफ ने बताया कि दो घंटे से अधिक हो गए। चोटिल पिता को मेडिकल परीक्षण के लिए नहीं भेजा गया।

> मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मामले की जांच कराई जा रही है। दो पक्षों के बीच विवाद हुआ है। अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। कुछ फुटेज हासिल हुए हैं, लेकिन जब जांच होगी, तब बता सकते हैं कि संपूर्ण घटनाक्रम क्या रहा।
> **-मनोज कुमार शर्मा, अयोध्या कोतवाल**

बहराइच इंटरसिटी अयोध्या में रुकी

ट्रेन हादसा

▸▸ कई गाड़ियों का बदला गया मार्ग अयोध्या से गुजरीं चार ट्रेनें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा-गोरखपुर रेल प्रखंड पर डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घनाग्रस्त होने के चलते रेल प्रबंधन ने वाराणसी से बहराइच की ओर जा रही इंटरसिटी को अयोध्या धाम जंक्शन पर रोक दिया है। साथ ही कई ट्रेनों का रूट वाया अयोध्या बदला है।

पड़ोसी जनपद गोंडा क्षेत्र में गाड़ी संख्या 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण वाराणसी से चलकर बहराइच को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 14213 को शाम सात बजे अयोध्या धाम जंक्शन पहुंचने के बाद रोक दिया गया। शुक्रवार की सुबह यह ट्रेन 14214 बहराइच-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस के रूप में अपने निर्धारित समय से अयोध्या धाम स्टेशन से वाराणसी के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं गोरखपुर-बाराबंकी वाया गोंडा रूट से गुजरने वाली 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस, 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12557 सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 15029 गोरखपुर-पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस, 15057 गोरखपुर-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस, 15008 कृषक एक्सप्रेस, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, 12558 सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 14673 शहीद एक्सप्रेस, 15279 पुरबिया एक्सप्रेस, 20104 गोरखपुर-मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 15007 कृषक एक्सप्रेस व 15909 अवध असम एक्सप्रेस को अयोध्या धाम-अयोध्या कैंट-बाराबंकी जंक्शन के रास्ते चलाया जा रहा है।

उत्तर रेलवे के सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम ने बताया कि रेलवे की ओर से कंट्रोल रूम सक्रिय किया गया है। गोरखपुर-गोंडा रूट की कई ट्रेनों को अयोध्या-बाराबंकी रुट पर डायवर्ट किया गया है। वाराणसी से बहराइच के बीच चलनी वाली इंटरसिटी ट्रेन को रूट दुरस्त होने तक अयोध्या धाम जंक्शन से चलाया जा रहा है।

ऑनलाइन हाजिरी लगाना शिक्षक नेता को पड़ा महंगा

▸▸ संगठन विरोधी गतिविधि में फंसे मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष, संघ ने मांगा स्पष्टीकरण

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : ऑनलाइन हाजिरी को लेकर आंदोलन कर रहे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ को गुमराह करते हुए मिल्कीपुर ब्लॉक इकाई अध्यक्ष द्वारा अपने तैनाती विद्यालय के शिक्षकों का ऑनलाइन हाजिरी लगाना मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष सहित जिले के तारुन ब्लॉक संघर्ष समिति के अध्यक्ष को महंगा पड़ गया है।

संगठन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने का भंडाफोड़ होने के बाद संगठन के जिला नेतृत्व में कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी एवं मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह एवं ब्लॉक संघर्ष समिति तारुन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रहरी को चेतावनी पत्र प्रेषित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांग लिया है। मामला संगठन के जनपदीय नेतृत्व के संज्ञान में आने के बाद पदाधिकारियों ने शिक्षक नेता के खिलाफ कार्रवाई का मन बना लिया और बीते 16 जुलाई को संगठन के जिलाध्यक्ष व मंत्री ने मुकेश प्रताप सिंह और राजेंद्र प्रहरी को पत्र भेज दिया है। जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने आगामी 25 जुलाई शाम 5 बजे तक लिखित रूप से साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा है।

खाते से लिंक कराएं आधार तो ही आएगी पेंशन

अयोध्या, अमृत विचार : जिले की हजारों निराश्रित महिलाओं की पेंशन लटक सकती है। यह समस्या भुगतान आधार बेस्ड प्रणाली के तहत होने से आ सकती है। विभाग ने लाभार्थियों को बैंक खाते को आधार प्रमाणीकरण और बैंक खाते से लिंक कराने की सलाह दी है।

जिले में पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन के तहत कई हजार लाभार्थी हैं। इनको पेंशन का भुगतान करने के लिए आधार आधारित प्रणाली को लागू किया गया है। जिले में लगभग 41 सौ महिला लाभार्थियों का आधार रिसेट हो गया है। 3119 लाभार्थियों का बैंक में आधार बैंक खाते से लिंक नहीं है। ऐसे में लाभार्थियों की पेंशन उनके खाते में नहीं पहुंच पाएगी। जिला प्रोवेशन अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि आधार रिसेट और बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण लाभार्थियों के खाते में पेंशन में दिक्कत हो सकती है।

पंचायत उपचुनाव की घोषणा, 22 को नामांकन

▸▸ दो प्रधान व 31 ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए होगा उपचुनाव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव की घोषणा कर दी गई। जिले में दो प्रधान और 31 ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए उप चुनाव कराए जाएंगे। 22 जुलाई को नामांकन होगा। छह अगस्त को मतदान कराया जाएगा।

जिले में बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र के चौरे चंदौली और तारुन के पारा गरीब शाह के प्रधान के पद रिक्त हैं। इसके साथ ही विभिन्न ब्लॉक क्षेत्र में 31 ग्राम पंचायत सदस्य पद के पद रिक्त हैं। इसके लिए उपचुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए घोषणा कर दी गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत व नगरीय निकाय) के मुताबिक उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र 22 जुलाई को 10 से चार बजे तक दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 23 जुलाई को 10 बजे से कार्य समाप्ति तक, 24 जुलाई को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिंह्न वितरित किया जाएगा। मतदान छह अगस्त को सुबह सात से शाम को पांच बजे तक होगा। मतगणना आठ अगस्त को होगी।

सरोकार

2021 में शुरू की गई थी गुड सेमेरिटन योजना, घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर पांच हजार का इनाम

28 लाख की आबादी में तीन साल में नहीं मिला एक भी 'नेक आदमी'

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : दुर्घटना में घायल हुए लोगों की सहायता करने वालों को पुरस्कृत करने के लिए सरकार योजना चला रही है, लेकिन पुलिस को इसके लिए नेक आदमी नहीं मिल रहे हैं। तीन साल में जिले में एक भी नेक आदमी पुलिस को नहीं मिला, जिसने घायलों को अस्पताल पहुंचाया हो। इस साल भी अब तक कोई नेक आदमी नहीं मिला है, जबकि जिले की आबादी करीब 28 लाख और अयोध्या महानगर की साढ़े तीन लाख है। बात चौंकाने वाली हमारी नैतिक जिम्मेदारी की भी है। जबकि शहर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों तक रोज हादसे हो रहे हैं।

दुर्घटना में घायल होने के बाद सही समय पर उपचार न मिलने और अस्पताल न पहुंचने के कारण लोगों की मौत हो जाती है। सड़क पर हादसे होने के बाद लोग घायलों की मदद करने के बजाय वहां से तेजी से निकल जाते हैं। सरकार ने लोगों की इस मनोदशा को बदलने के लिए घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। दुर्घटना के बाद का करीब आधे घंटे का समय जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस परिस्थिति में निःस्वार्थ भाव से अस्पताल पहुंचाने वालों को सरकार पुरस्कृत करती है। शासन की तरफ से प्रति घटना पांच हजार रुपये दिए जाते हैं। हालांकि इसका भी असर नजर नहीं आ रहा है। इसके लिए पुलिस को नेक आदमी नहीं मिल रहे हैं। जिले में पांच तहसीलों में भी यही स्थिति है। मिल्कीपुर, सोहावल, रुदौली, बीकापुर और सदर क्षेत्र में भी इस योजना के तहत एक भी व्यक्ति सामने नहीं आया है, जबकि अयोध्या प्रयागराज, अयोध्या लखनऊ समेत सभी हाईवे और विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बताया जाता है प्रचार प्रसार के अभाव में लोगों को इस योजना की बहुत जानकारी भी नहीं है।



जानिए क्या है योजना

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 3 अक्टूबर 2021 को शुरू की गई, "नेक सेमेरिटन योजना" उस अच्छे सेमेरिटन को पुरस्कार प्रदान करती है। जिसने तत्काल सहायता प्रदान करके एक घातक दुर्घटना (मोटर वाहन सहित) के पीड़ित की जान बचाई है और चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए दुर्घटना के सुनहरे घंटे के भीतर अस्पताल/ट्रॉमा केयर तक पहुंचाया। इस योजना में आपको पांच हजार रुपये का इनाम और विशेष प्रमाणपत्र दिए जाने का प्राविधान है।

क्या होता है गुड सेमेरिटन

गुड सेमेरिटन वह व्यक्ति है, जो सद्भावपूर्वक, भुगतान या पुरस्कार की अपेक्षा के बिना और देखभाल या विशेष संबंध के किसी भी कर्तव्य के बिना, दुर्घटना, या दुर्घटना, या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति, या आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति को तत्काल सहायता या आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए स्वेच्छा से आगे आता है। यह परिभाषा योजना के तहत जारी किया गया है।

> योजना के तहत अभी तक कोई आदमी नहीं मिला है जिसने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया हो, यदि कोई किसी घायल की मदद करता है तो निश्चित रूप से योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा।
> **-अजय यादव, यातायात निरीक्षक**

एक नजर

एक लाख 80 हजार में हुई 12 पेड़ों की नीलामी

रुदौली, अयोध्या : तहसील के ग्राम बिबियापुर की आरक्षित भूमि बंजर में लगे एक दर्जन पेड़ों की नीलामी नायब तहसीलदार ने एक लाख अस्सी लाख रुपए में की। बीबीपुर की गाटा संख्या 180 पर लगे पेड़ों की नीलामी तहसील सभागार में नायब तहसीलदार रेशू जैन ने दिलीप कुमार गोस्वामी के पक्ष में सर्वाधिक बोली लगाने पर किया। राजस्व निरीक्षक श्याम जी तिवारी और लेखपाल योगेश सिंह मौजूद रहे।

श्रीअन्न का महत्व बताया

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : श्री अन्न के बेहतर उत्पादन को लेकर गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा में तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया डॉ. खादर वली ने श्रीअन्न के बारे में जानकारी दी। इसके महत्व और उपयोग पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राज्यसभा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा, संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. एके मिश्र, उप कृषि निदेशक डॉ. पीके कन्नौजिया, जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण व कल्चर सुभाष चंद्र वर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी/उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी एसपी सिंह व कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। प्रशिक्षण के बाद किसानों में श्री अन्न के मिनीकिट का वितरण किया गया।

जिला स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता आज

अयोध्या, अमृत विचार : जिला क्रीड़ा समिति की देखरेख में आदर्श इंटर कॉलेज के संयोजन में शुक्रवार को जनपदीय विद्यालयीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आदर्श इंटर कॉलेज प्रांगण के मैदान पर अंडर-14, 17 व अंडर-19 बालक व बालिका वर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता सुबह साढ़े 11 बजे से आयोजित की जाएगी। संयोजक विद्यालय आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता की सारी तैयारियां कर ली गई हैं।

पंचायत के बाद सुलझा रास्ते का विवाद

सर्किट हाउस में विधायक और अफसरों ने क्षत्रिय व निषाद समाज के लोगों से की बात

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सर्किट हाउस में विधायक और अफसरों की मौजूदगी में बातचीत के बाद सरायरासी गांव के रास्ते का विवाद सुलझ गया। शुक्रवार को सहमति के आधार पर नया रास्ता राजस्व अभिलेखों में दर्ज होगा। दो दिन से गांव में रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। निषाद समुदाय के लोगों ने तहसील में इसकी शिकायत की थी। इसके बाद हलचल बढ़ गई। क्षत्रिय समाज के लोग भी सामने आ गए।

मामला हाई प्रोफाइल हो गया। गुरुवार की सुबह क्षत्रिय समाज के बड़ी संख्या में लोग पूरा बाजार रामलीला मैदान में एकत्र हुए तो हलचल बढ़ गई। मामले को लेकर पुलिस के साथ प्रशासन भी हरकत में आ गया। बताया गया है कि समाज के लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। वह लोग धारा 133 के मामले को लेकर ज्ञापन देना चाहते थे। बाद में एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय ने दोनों पक्षों को बातचीत के लिए सर्किट हाउस बुलाया। कई दर्जन वाहनों से क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ पुलिस भी निकली। सर्किट हाउस में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, एसडीएम सदर, सीओ अरुण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सर्किट हाउस में नगर विधायक वेद प्रकाश से बात करते दोनों पक्षों के लोग।

सर्किट हाउस के हाल में दोनों पक्षों से गिने चुने लोगों को बुलाया गया। गांव के प्रधान प्रतिनिधि रणवीर सिंह लल्ला बताते हैं कि बातचीत में आशा राम निषाद, लक्ष्मण निषाद, संतोष निषाद व स्वयं जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह, देव नारायण सिंह, क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष गुरुबख्श सिंह शामिल रहे। बताया कि जिस रास्ते की बात की जा रही है वह राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है। त्रिभुवन सिंह, सीताराम सिंह, बजंरगी सिंह आदि की जमीन है। अब सात फीट के रास्ते पर सहमति बनी है। शुक्रवार को एसडीएम के न्यायालय पर धारा 133 को समाप्त किए जाने और रास्ता दर्ज किए जाने की कार्रवाई होगी।

मणि पर्वत पर सीताराम के 500 से अधिक विग्रह को झुलाया जाता है झूला

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी में स्थित प्राचीन मणि पर्वत पर हर साल 500 से अधिक सीताराम के विग्रह को झूला झुलाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि श्रीराम माता सीता के साथ विवाह के बाद अयोध्या में पहुंचे थे। सावन में माता सीता अपने मायके नहीं गईं तो श्रीराम मणि पर्वत को मायका बताकर लेकर पहुंचे और माता के सीता के साथ झूला झूल कर खुशियां मनाई थीं।

त्रेतायुग की इस प्राचीन परंपरा को आज भी मंदिरों में निभाया जाता है। राम के विग्रह को विधि विधान से श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन शोभायात्रा के माध्यम से लेकर पहुंचते हैं। जहां मौजूद भक्तों के द्वारा कजरी गीत गाया जाता है। उन्हें झूले पर बैठाकर झूला झुलाते हैं। इसके बाद से अयोध्या के सभी मंदिरों में उत्सव का आयोजन प्रारंभ होता है। मणि पर्वत मंदिर के पुजारी रामचरण दास बताते हैं कि मणि पर्वत का इतिहास रुद्रयामल और सत्योपाख्यान में वर्णित है। राम जब शादी के लिए जनकपुर गए, तब कैकई ने कनक भवन बनवाने का हठ किया। कैकई ने यह महल जानकी को उपहार में दिया। इंद्राणी से मिली मणि राम को दे दी, लेकिन राम सहित किसी भाई ने इसे धारण नहीं किया। बाद में यह मणि जानकी के चरणों में अर्पित कर दी गयी। बाद में जानकी के आशीर्वाद से जनकपुर में मणियों का अंबार लग गया। राजा जनक ने इसे पुत्री का धन मानते हुए अयोध्या भेज दिया था। यही मणियां रामकोट के दक्षिण दिशा में रख दी गईं, जो ऊंचे पहाड़ जैसी बन गईं, जिसे आज मणि पर्वत कहते हैं।

अयोध्या धाम स्थित प्राचीन मणि पर्वत। अमृत विचार

▸▸ श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन शोभायात्रा के माध्यम से पहुंचते हैं विग्रह

मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए मुकुल ने पेश किया दावा

मिल्कीपुर, अयोध्या : प्रधान संघ के जिला सचिव और युवा भाजपा नेता मुकुल आनंद ने रिक्त हुई मिल्कीपुर विधानसभा सीट से टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की।

भाजपा पदाधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री और पूर्व सांसद लल्लू सिंह से मिलकर अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता बताया। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना आवेदन पत्र दिया। प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद ने बताया कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा सीट अवधेश प्रसाद के सांसद निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर वह भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जिले और प्रदेश स्तर पर अपना दावा पेश किया है।

रेडिएशन का खौफ, नहीं चली एक्सरे मशीन

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पैथोलॉजी को एक कमरे की जगह भवन तो मिला लेकिन व्यवस्था लुंज पुंज होने से सारे उपकरण बेमतलब साबित हो रहे हैं। वर्षों लिखा पढ़ी और कागजी कोरम पूरा होने के बाद गत माह मिली एक्सरे मशीन कुछ दिन चलाने के बाद बंद कर दी गई। इससे रेडियोलॉजिस्ट को रेडिएशन होने का खतरा बताया जा रहा है, जिसके चलते सेवादायी कंपनी से रिस्क कवर तोड़ा ही नहीं गया है। यहां अल्ट्रासाउंड सिस्टम भी तैयार है लेकिन संचालन करता कोई नहीं है।

48 लाख की लागत से बनी सीएचसी की ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट कुछ माह पहले ही बनकर तैयार हुई है। इस भवन में महीना भर पहले पूरी पैथोलॉजी को स्वास्थ विभाग ने शिफ्ट कर दिया। पहले जहां केवल खून पेशाब की जांच ही हो पाती थी अब पैथोलॉजी में एक्स-रे ,अल्ट्रासाउंड सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जांचों को करने की भी व्यवस्था कर दी गई, लेकिन यह सारी व्यवस्थाएं तकनीकी खामियों के चलते पैथोलॉजी में धूल चाट रही हैं। चिकित्सकों द्वारा पूरे सिस्टम को कमरे में बंद कर पर्दा डाल दिया गया है। एक्स-रे मशीन से होने वाली रेडिएशन को खतरा बता कर टेक्नीशियन ने मशीन चलाना बंद कर दिया है। अल्ट्रासाउंड सिस्टम भी अस्पताल में तैयार बताया जा रहा है। इसे संचालित करने वाला कोई नहीं है। करीब सवा साल पहले लगाया गया स्वास्थ्य एटीएम नए भवन में शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन सिस्टम में खराबी के कारण पिछले छह माह से बंद पड़ा है।

सीएचसी में बंद पड़ा एटीएम। अमृत विचार

सीएचसी सोहावल का हाल

▸▸ अल्ट्रासाउंड सिस्टम भी है तैयार बंद पड़ा है स्वास्थ्य एटीएम

एक्सरे मशीन से निकलने वाले रेडिएशन को कंपनी ने बिना तकनीकी रूप से तोड़े लगा दिया है। इसलिए सारी मशीनों ने काम बंद कर दिया गया है। प्रयास किया जा रहा है गड़बड़ सारी मशीनों की सेवा जल्दी शुरू हो जाएगी।

-डॉ. प्रेम चंद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी

लखनऊ जा रहे समिति के लोगों को पुलिस ने रोका

अमृत विचार, अयोध्या : मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जाने के लिए प्रतिनिधिमंडल के साथ निकले अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के संयोजक पंडित कृपा निधान तिवारी को पुलिस ने रोक लिया। उन्होंने अपना ज्ञापन क्षेत्राधिकारी को सौंपा। उन्होंने बताया कि वह ब्राह्मणों के उत्पीड़न के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी को सम्बोधित ज्ञापन देने की तैयारी में थे। वाहनों के साथ निकले तो थाना पूरा कलंदर पुलिस ने रोक लिया। बताया कि हाथरस में योगेश उपाध्याय की हत्या के बाद डीआईजी जुगल किशोर तिवारी के निलंबन सहित पांच मांगों को लेकर लखनऊ जाने की तैयारी में थे।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र जितेंद्र कुमार उर्फ मीनू व उसकी पत्नी चित्रा देवी निवासी ग्राम ढकवा थाना मो. पुरखाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी को उनके गलत चल चलन व व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वो दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। जगदीश प्रसाद पुत्र हनोमान निवासी ग्राम ढकवा परगना मोहम्मदपुर थाना मो. पुरखाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बेटे नेब्बू लाल के नाम से एल आई सी की पॉलिसी ली थी। जिसकी पॉलिसी नं0 2366230558 है। मेरे बेटे के समस्त दस्तावेजों में वीरेंद्र कुमार पुत्र रामू सोनकर अंकित है। अतः दोनो नाम नेब्बू लाल ऊर्फ वीरेंद्र कुमार है। अब मेरे बेटे को वीरेंद्र कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए। रामू ग्राम भुड़कुड़ा पोस्ट रूपीईडीह जिला गोंडा।

मेथोडिस्ट व निर्भय कॉलेज की टीमों ने जीता खिताब

जिला स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता : अंडर-14 बालक वर्ग में आदर्श टीम रही विजेता

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जनपदीय विद्यालयीय बालक व बालिका हैंडबॉल अंडर-19, 17 व अंडर-14 प्रतियोगिता गुरुवार को मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के संयोजन में मेथोडिस्ट प्रांगण में हुई। प्रतियोगिता के अंडर-17 व अंडर-19 बालिका वर्ग में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही। अंडर-19 बालक वर्ग में निर्भय सिंह इंटर कॉलेज विजेता रही। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में आदर्श इंटर कॉलेज को विजेता घोषित किया गया।

जनपदीय विद्यालयीय बालक बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या रूही पॉल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के अंडर-19 व अंडर-17 बालिका वर्ग में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज ने निर्भय सिंह इंटर कॉलेज रामपुर सरधा को 17-3 व 15-2 गोल के अंतर से पराजित कर विजेता होने का गौरव हासिल किया। अंडर-19 बालक वर्ग में निर्भय सिंह इंटर कॉलेज रामपुर सरधा टीम राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 15-10 गोल से पराजित कर विजेता बनी। अंडर-14 बालक वर्ग में इकलौती आदर्श इंटर कॉलेज टीम प्रतिभागी रही। लिहाजा जिला क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह व संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह ने आदर्श टीम को विजेता घोषित किया। समापन अवसर पर जिला विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, विजेंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह, विनीत आशीष एंसन, प्रीति चौरसिया, सचिन यादव, रमेश सिंह, आलोक कुमार व शिवकुमार यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जिला स्कूल बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर बड़ागांव, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024–2025 दिनांक–18.07.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोपालपुर बड़ागांव , विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–19.07.2024 से 25.07.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत गोपालपुर बड़ागांव, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–25.07.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में)
1	पक्की सड़क से शीतला मिश्रा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।	2,31,944 रुपये	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट आदि सामग्री	100

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– गोपालपुर बड़ागांव
वि0खं0–मोतिगरपुर , जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– गोपालपुर बड़ागांव
वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

लालजी सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोथरा कला – सुल्तानपुर

(सम्बद्ध : – डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या उ. प्र.)

आवश्यकता है

प्रवक्ता (परास्नातक) – गृह विज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र – प्रत्येक विषय – दो पद

प्रवक्ता (स्नातक) –भूगोल ,राजनीतिशास्त्र प्रत्येक विषय – दो पद

विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर महाविद्यालय कार्यालय से सम्पर्क करें

वेतन व योग्यता– विश्वविद्यालय परिनियमावली व शासनादेश के अनुसार

प्रबंधक
8299490003, 8299448592

कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर

पत्रांकः एस0एस0ए0 / वाहन / 5255–60 /2024–25 दिनांकः 18/07/24

जेम–बिड – विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्रांकः अधि0 / वाहन मोबि0 भ0 / 2442 / 2024–25 दिनांक 20 जून, 2024 के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी / प्रभारी सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, समग्र शिक्षा, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों को पदीय दायित्वों के निर्वहन, निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु एक चार पहिया वाहन की सुविधा (ईधन, ड्राइवर, मेन्टीनेंस व सभी प्रकार के खर्च सहित) हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित ई–मार्केट प्लेस, जेम पोर्टल पर बिड सं0 GEM/2024/B/5162351 अपलोड की गयी है । इच्छुक फर्मो द्वारा बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि 25.07.2024 पूर्वाहन 4.00 बजे तक निर्धारित है जो समिति के समक्ष दिनांक 25.07.2024 को सायं 4.30 बजे खोली जायेगी। बिडर्स को बिना कारण बताये बिड को निरस्त करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर

एसएसवी इंटर कॉलेज में उप्र. प्रधानाचार्य परिषद की नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य। अमृत विचार

डॉ. मणि शंकर बने अध्यक्ष रामप्रिया को मंत्री का दायित्व

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : उप्र. प्रधानाचार्य परिषद के सत्र 2024-25 की प्रथम आमसभा बैठक गुरुवार को शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज में हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. राम सुरेश मिश्र ने की। सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष पद पर डॉ. मणि शंकर तिवारी और मंत्री पद पर एक बार फिर से रामप्रिया शरण सिंह को चुना गया। इसके साथ कार्यकारी अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष पद डॉ. उदय भान सिंह, संगठन मंत्री पद अशोक कुमार तिवारी, आय व्यय निरीक्षक पद अखिलेश कुमार उपाध्याय और संरक्षण मंत्री पद जितेंद्र कुमार राव को सौंपा गया। नवीन कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण मिश्रा (सदर), डॉ. केके यादव (रुदौली), डॉ. रमेश कुमार मिश्रा (मिल्कीपुर), सुनील कुमार द्विवेदी (गोसाईगंज), नीलम श्रीवास्तव (महिला पद), डॉ. रामकृष्ण पांडेय (सोहावल), भोपाल सिंह (बीकापुर) सहित संयुक्त मंत्री संजीव चतुर्वेदी, रूही पाल, राम मूर्ति पटेल, डॉ राजेश कुमार सिंह व रियाल अहमद बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में ममता निषाद, गोविंद माधव त्रिपाठी, पीएन सिंह, अमित कुमार सिंह, राजेश कुमार, सरोज कुमार दुबे, रामकृपाल व उदयभान तिवारी को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

▸▸ उप्र. प्रधानाचार्य परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

सलाहकार समिति का दायित्व हरिबक्श सिंह, देवी प्रसाद वर्मा, तिलकधारी सिंह व अशोक कुमार तिवारी संभालेंगे, जबकि डॉ. वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी और डॉ. राम सुरेश मिश्रा को कार्यकारिणी का संरक्षक बनाया गया है। मीडिया प्रभारी का उत्तरदायित्व अवनींद्र कुमार श्रीवास्तव व संजीव कुमार द्विवेदी को दिया गया। बैठक में अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य के विदाई समारोह पर भी विस्तार से चर्चा हुई। 24 अगस्त की तिथि का निर्धारण किया गया।

बगैर कुर्बानी के कुछ हासिल नहीं होता : डॉ शाह

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : इंसान बगैर कुर्बानी दिए न दीन हासिल कर सकता है, ना दुनिया। जिस तरह बिना त्याग एवं संघर्ष के हम दुनिया में सफलता नहीं हासिल कर सकते। उसी तरह जन्नत एवं रजा ए ईलाही बगैर कुर्बानी के नहीं हासिल हो सकती। यह बात बुधवार रात इमामबाड़ा जवाहर अली खान में आयोजित मजलिस ए शामे गरीबा को संबोधित करते हुए प्रो. मिर्जा शहाब शाह ने कही। संचालन मोहम्मद हसनैन लेखपाल ने किया। मजलिस के बाद अंजुमन मासूमिया के तत्वावधान में आलम का जुलूस इमामबाड़े से बरामद होकर राठ हवेली स्थित मरहूम मिर्जा सरफराज हुसैन के अजाखाने पर समाप्त हुआ।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

आवश्यकता है

अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को

अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)

अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **अभिलाषा कुमारी पुत्री संजय कुमार, निवासिनी–1/6, आवासीय परिसर सी0आई0एस0एच0 रायबरेली रोड, तेलीबाग, लखनऊ।** मेरा सही नाम अभिलाषा कुमारी है। जबकि मेरे हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाण पत्र में कुमारी अभिलाषा लिखा है। मुझे कुमारी अभिलाषा के स्थन पर अभिलाषा कुमारी ही समझा, पढ़ा व जाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी नंबर– 229 289 131 का पॉलिसी बांड वास्तव में खो गया है। खोजबीन के बावजूद मिला नहीं है। मैं **राजकुमार यादव पुत्र लाला यादव, निवासी–वार्ड नंबर–1, डोमाही, कृष्णानगर लालगंज, रायबरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र प्रवीन कुमार को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल–चलन के कारण अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–सत्यराम सिंह पुत्र सूबेदार, निवासी– ग्राम नगला सदारी, मौजा करमुल्लापुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं **बृजेश कुमार तिवारी पुत्र करूना शंकर तिवारी, नि. ग्राम–पूरे कलंदर मजरे हरिहरपुर पो. मानापुर, तह. गौरीगंज, जनपद–अमेठी** का निवासी हूं मैं भारतीय थल सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत हूं मेरी पत्नी का सर्विस के समस्त अभिलेखों में त्रुटिवश नाम RINA व जन्म तिथि 01.07.1982 हो गया है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम REENA TIWARI व जन्म तिथि 12.04.1984 जो सही है।

सूचना

सूचित हो कि मै **लाल पुत्र शिवदीन, निवासी–ग्राम–हरीरामपुरवा खण्ड चन्द्रपुरा थाना बिल्हौर तहसील बिल्हौर कानपुर नगर।** मेरा पुत्र बालकिशन पुत्र दरगाही लाल व मेरी बहू बिटोल पत्नी बालकिशन का चालो–चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। अपने पुत्र के कार्य व्यवहार से आजिज आकर अपने व अपने परिवार के सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है उनका मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता सारोकार नही होगा। तथा मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि पुत्र द्वारा कही भी कोई लेन देन व उचित अनुचित कृत्य व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

श्री शिवम शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा निवासी ग्राम पलौखरा तहसील करहल जनपद मैनपुरी मैनपुरी के द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 11.07.2024 को मोटर साइकिल संख्या – UP-84 AP-0227 चेसिस सं0 MBLHAW283 P4E05393 इंजन संख्या HF11ECP4E39852 का अपने पक्ष में रिलीज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि उक्त के सम्बन्ध में किती व्यक्ति/वाहन स्वामी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 23.07.2024 से पूर्व दाखिल/ प्रस्तुत कर सकता है। **(दीपशिखा सिंह) उप जिला मजिस्ट्रेट, सैफई।**

एक नजर

पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। गुरुवार को पुलिस कार्यालय पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष और प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है। अधिकारी ने कहा कि काम में शिथिलता किसी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी।

विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रियंका पाण्डेय और महिला हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया गया। महिला थानाध्यक्ष प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रियंका पाण्डेय व महिला हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

कांवड़ संघ की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरुओं के साथ की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक करते डीएम अविनाश सिंह व एसपी डॉ. कौस्तुभ।

अमृत विचार। कावड़ यात्रा और आगामी त्योहार को सकुशल शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संप्रदाय के गणमान्य और कांवड़ संघ के पदाधिकारी के साथ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण माहौल में कांवड़ यात्रा त्योहार मनाए जाने को लेकर बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कांवड़ यात्रा में कोई चूक न हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सभी संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। जिससे त्योहार को सकुशल व हर्सोल्लास के साथ संपन्न कराया सके। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया कि सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने डीपीआरओ और ईओ नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करा लिया जाए। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पेयजल आपूर्ति के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि ढीले विद्युत तार को ठीक कराया जाए। उन्होंने त्योहार के मद्देनजर चिकित्सा सुविधा चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार को निर्देशित किया। बैठक के दौरान कांवड़ संघ के पदाधिकारी और अन्य नागरिकों द्वारा सुझावों व अनुभवों को शेयर किया। कांवड़ यात्रा के दौरान सभी के द्वारा प्रशासन के सहयोग का आश्वासन दिलाया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ संघ के पदाधिकारी की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ससमय निस्तारण किया जाए।

सीसीटीवी कैमरों को ठीक करने के निर्देश : जिलाधिकारी ने रास्ते में पडने वाले सीसीटीवी कैमरे को ठीक कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ी गाड़ी जैसे ट्रैक्टर ट्रॉली, बस, ट्रक, डीसीएम, छोटा हाथी या कोई भी गाड़ी स्टार्ट करने से पहले गाड़ी के नीचे देख ले बरसात होने के नाते कही कोई कांवडिया सो तो नहीं रहे हैं। बरसात का मौसम है खंभों या ग्रील, शटर में जरूर दिखवा ले कि कही करंट तो नहीं आ रहा है।

पेट्रोल पंपों पर व्यवस्था कराई जाए दुरुस्त : जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि पेट्रोल पंप पर पीने के लिए पानी, बाथरूम की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सडक़ का समतलीकरण तत्काल कराया जाए। जिससे कांवडियों के आने-जाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। बैठक के दौरान डीएफओ डॉ. उमेश तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अकबरपुर बीना सिंह, नगर पंचायत, थाना अध्यक्ष और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए पौधरोपण जरूरी

टांडा, अमृत विचार। होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ व चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पोधारोपण कार्यक्रम नगर में सरयू नदी तट पर काली चौरा मंदिर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर होमियोपैथिक चिकित्सा विकास महासंघ के जिला अध्यक्ष व चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक डॉ. रविकांत त्रिपाठी ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ और सुन्दर प्रकृति ही स्वस्थ व्यक्ति व मजबूत मनोदशा का निर्माण करती हैं।

जिला कारागार में सीने में दर्द के बाद कैदी की गई जान

दुष्कर्म के आरोप में आजीवन कारावास की काट रहा था सजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

▸▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमृत विचार। जिला जेल में गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि कैदी के सीने में अचानक दर्द हुआ, जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कैदी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के रतनपुर निवासी अरशद उम्र 40 पुत्र अकरम दुष्कर्म के आरोप में 2018 से जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। डिप्टी जेलर छोटे लाल ने बताया कि कैदी सुबह रोजाना की तरह हाजिरी में भी शामिल हुआ, लेकिन सुबह करीब सात बजे कैदी के सीने में तेज दर्द की शिकायत पर जेल में मौजूद फार्मासिस्ट द्वारा दवाएं दी गई। जिसके बाद कैदी को जब आराम नहीं मिला तो उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाकर उसे भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान के दौरान कैदी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली प्रभारी बोले : अकबरपुर कोतवाली प्रभारी बिरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक कैदी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मामले की सूचना मृतक कैदी के परिजनों को भी भेज दी गई है।

श्मशान घाट में टिनशेड से लटका मिला युवक का शव

बेवाना थाना क्षेत्र के अहलादे गांव की घटना, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

युवक का शव मिलने के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र के आह्लादे गांव के बाहर बने श्मशान घाट के टीन शेड में एक युवक का फंदे से लटकता शव मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान गांव निवासी रवि पाल के रूप में हुई है।

बता दें कि बेवाना थाना क्षेत्र के आह्लादे गांव के बाहर बने शमशान घाट के टीन शेड में गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता शव देखा। शव मिलने की सूचना से आसपास के लोग मौके पर इक्ट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव फंदे से निकाल कर उसे नीचे उतारा। पुलिस ने शव की शिनाखत गांव निवासी रवि पाल उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र विश्ववनाथ पाल के रूप में हुई है। जिसके बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना यहां पहली बार देखी जा रही है।

थानाध्यक्ष बोले : बेवाना थाना प्रभारी प्रेमचंद ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

111वीं जन्मतिथि पर याद की गई नेल्सन आर मंडेला

जलालपुर, अंबेडकरनगर

नेल्सन आर मंडेला की जन्म तिथि पर केक काटते अध्यक्ष धीरेंद्र व शैल रंजन।

अमृत विचार। भारत रत्न दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन आर मंडेला की 111वीं जन्म तिथि धूमधाम से मनाई गई। नेशनल आर मंडेला स्मृति समिति कार्यालय मालीपुर मे अध्यक्ष धीरेंद्र यादव और आरती ग्रामोद्योग के अध्यक्ष शैल रंजन के नेतृत्व में केक काटा गया।

उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति मंडेला आधी उम्र से ज्यादा समय जेल मे बिता दिया। अन्त मे वहां की सरकार ने उन्हें रिहा किया गया और वहां की जनता ने राष्ट्रपति की जिमेदारी सौपी। उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए भारत की सरकार ने उन्हें भारत रत्न के सम्मान से अलंकृत किया था। इस मौके पर धरती को हरा भरा व प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए कार्यालय के सामने पोधारोपण किया गया। अध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र मे आठ हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर चन्द शेखर यादव उर्फ मुन्ना, नीरज चौबे, राजू पाल, राम दयाल गौतम, राकेश यादव, डॉ. दौलत सिंह मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के औरंगनगर में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के औरंगनगर में बुधवार देर रात बच्चों को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों बाबूराम और जयकरन के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें जयकरन की पत्नी, बेटी सहित दोनों पक्ष से करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दोनों पक्ष के घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने घायलों की हालत ठीक बताई है। घटना के बाद दोनों पक्ष में तनाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि बच्चों के खेलने के दौरान विवाद हुआ था, जिसमें दोनों पक्ष के परिवार आपस में भिड़ गए और मारपीट हुई।

किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आवासीय दर से प्रतिकर न मिलने पर होगी महापंचायत

टांडा, अंबेडकरनगर

उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के नेता मोहम्मद जफर।

अमृत विचार। किसान यूनियन टिकैत गुट के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-233 के अधिग्रहण प्रभावित गांवों के किसानों को उचित प्रतिकर दिलाए जाने को लेकर बीते डेढ़ वर्ष से फतेह जहुरपुर स्थित ओवर ब्रिज के बगल धरना जारी है। गुरुवार को धरना स्थल पर यूनियन के जिला अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी को उपजिला अधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-233 के लिए तीन चरणों में लिए गए भूमि से प्रभावित 12 गांवों के किसानों की भूमि का 0.0510 हेक्टेयर आवासीय प्रतिकर दिया जाए। जिला अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा ने बताया की 24 जुलाई तक किसानों को आवासीय दर से प्रतिकर नहीं मिला तो 25 जुलाई को महापंचायत किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला उपाध्यक्ष लक्षीराम वर्मा, तहसील अध्यक्ष मनोज वर्मा, मोहम्मद जफर राम जियावन मौर्य, रविंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। बीते दिवस दलित, मंद बुद्धि दिव्यांग महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोतवाली जलालपुर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के पश्चात धर पकड़ का प्रयास तेज कर दिया है। वहीं पीडिता के शिकायत के बाद से सभी आरोपी घर छोड़ कर फरार हो गए है।

बता दें कि कोतवाली जलालपुर के कस्बा में बीते 15 जुलाई को घटित हुई थी। पीडिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि 15 जून की शाम पांच बजे वह घर के पास सडक़ पर टहल रही थी। इसी बीच वाजिदपुर डड़वा निवासी पवन यादव, शिवम कॉलोनी निवासी सोनू सोनकर और सत्ती वाजिदपुर निवासी बिपुल यादव के साथ दो बाइक लेकर आए। उक्त लोगों ने बाइक पर बैठा लिया और एक बाग में ले गए। जहां तीनों ने मेरे साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। रात लगभग आठ बजे जलालपुर रोड पीपरपुर गांव के पास स्थित कोल्ड स्टोर पर छोडक़र फरार हो गए। इन लोगों ने धमकी दिया कि अगर किसी से बताओगी तो तुमको जान से मार डालेंगे। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपी युवकों के विरुद्ध एससी-एसटी, सामूहिक दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

कार्यदायी संस्थाएं कार्यों की गुणवत्ता पर दें ध्यान

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की उपस्थिति में समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता, परियोजना प्रबंधक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह ने बिंदुवार कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। अधिशासी अभियंता, परियोजना प्रबंधक द्वारा अभी तक कराए गए कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परियोजनाओं के अधूरे निर्माण कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यदायी संस्था के साथ ही साथ संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों के गुणवत्ता पर ध्यान दें और समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण करते रहें। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन और वित्तीय प्रगति व निर्माण कार्यों के हस्थानांतरण की भी समीक्षा किया।

बैठक में यह भी रहे मौजूद : बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, अधिशाषी अभियंता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

कौन्तेय बने असिस्टेंट कमांडेंट, मिली बधाई

बसखारी, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। हंसवर थाना क्षेत्र के लखनपुर निवासी कौन्तेय मिश्र ने सीएपीएफ की परीक्षा पास कर क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन किया है। कौन्तेय को असिस्टेंट कमांडेंट का पद हासिल हुआ है। कौन्तेय मिश्र के पिता शिवनाथ मिश्र पीएनबी बैंक से सेवानिवृत हुए है। जबकि उनकी माता ग्रहणी है। उनके भाई कार्तिकेय सीआईएसफ में ही वर्ष 2018 से असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर तैनात है। कौन्तेय मिश्र की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा अयोध्या से हुई है। जबकि दिल्ली में रहकर उन्होंने बीटेक की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता.पिता व गुरुजनों को दिया है। उनकी सफलता पर पैतृक गांव लखनपुर में बंधाई देने वालों का तांता लगा हुआ। भाजपा नेता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, मनोज मिश्र, सुरेंद्र मोहन उपाध्याय, मंगला प्रसाद मिश्र, चन्द्र भूषण त्रिपाठी, राजित राम पांडेय, मीरा पांडेय समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

लापरवाही सुरहुरपुर से सेठा कला तक चार किलोमीटर सड़क में पांच दर्जन से अधिक हैं गड्ढे

अफसरों की अनदेखी से सड़क गड्ढों में तब्दील

जलालपुर, अंबेडकरनगर

बदहाल सड़क से गुजरते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। वर्ष भर पूर्व मानक विहीन बनी सडक़ टूटने के बाद उसमे बने बड़े-बड़े गड्ढे में विभाग ने ईंट का टुकड़ा डाल कर मरम्मत का स्वरुप दे दिया है। गड्ढे में डाले गए ईंट के टुकड़े से राहगीरों को गुजरना मुसीबत बन गया है। वहीं सडक़ पर हुए गड्ढे बड़े वाहनों का नुकसान कर रहे हैं। यह हाल भ्रष्ट्राचार की तरफ इशारा कर रहा है। अमृत विचार ने पखवाड़ा भर पूर्व इस सडक़ की खबर प्रकाशित किया था।

बता दें कि पिछले वर्ष मार्च-अप्रैल में विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से सुरहूरपुर से टांडा रोड पर सेठा कला गांव तक गड्ढे में तब्दील सडक़ की मरम्मत 40 लाख रुपए से कराई थी। ठेकेदार ने मशीन लगाकर सडक़ में बने गड्ढे के आसपास की रोड को तोडक़र गड्ढे में भर दिया था। गुणवत्ता विहीन कार्य के कारण सडक़ एक माह के अंदर टूटना शुरू हो गई है। विभाग इस दौरान जिम्मेदार चकती लगा सडक़ को दुरुस्त करते रहे। इस बीच सुरहुरपुर से सेठा कला तक चार किलोमीटर सडक़ में पांच दर्जन से अधिक बड़े-बड़े गड्ढे बन गए। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों ने सडक़ मरम्मत करने के बजाय इसमें ईंट का बेतरतीब टुकड़ा डाल दिया, जिसपर चलना अब चुनौती बन गया है। यहां के निवासी कैलाश यादव, अरविंद शर्मा, मनोज तिवारी, मंशाराम आदि का कहना है कि घटिया निर्माण के चलते सडक़ टूट गई। बड़े-बड़े गड्ढे बन गए ऊपर से ईंट डाल दिया गया। जिससे बड़े वाहनों पर नई आफत आ गई। इतना ही नहीं हाल ही में जलालपुर नगपुर मोड़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगपुर तक टूटे रोड का मरम्मत कराया गया था, जो मौजूदा समय मे टूटकर गढ्डे मे तब्दील हो रही है जिससे परेशानी हो रही है।

बिजली कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन

जलालपुर, अमृत विचार। क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की बिजली समस्याओं को लेकर भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी और अधीक्षण अभियंता से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता ने अधिकारियों को कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाया और मालीपुर क्षेत्र के भगलापुर गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता केके मिश्रा गुरुवार को जिलाधिकारी और अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर उन्हें जाफरगंज उप केंद्र से जुड़े सभी फीडरों पर की जा रही अनियमित विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करने का ज्ञापन सौंपा। गर्मी में उपकेंद्र से जुड़े 40 हजार लोग बिजली की आपूर्ति से त्रस्त है।

पिता-पुत्र सहित चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा

विधि संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम डॉ. जया पाठक ने गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पिता-पुत्र समेत चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने हत्यारोपियों पर दस-दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर आरोपियों को एक-एक माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

बता दें कि जलालपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर निवासी राजबली पुत्र रामदुलार अपने नलकूप पर सोए हुए थे। जिनकी 4 जून 2008 की रात्रि में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई शिवपूजन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि मध्यरात्रि में लगभग 12 से 1 बजे के बीच गांव निवासी लालजी पुत्र बलई यादव, राजनंदन पुत्र बलिकरन यादव, विनोद कुमार यादव पुत्र लालजी यादव और रुद्र प्रकाश पुत्र राजनंदन ने गोली मारकर हत्या कर दी। राजबली का छोटा भाई सुभाष चन्द्र और मृतक का पुत्र जगदीश गोली चलने की आवाज सुने तो वह भागकर नलकूप पर आए और घटना देखकर हल्ला-गोहार मचाने लगे। इतने में हत्यारे हत्या करके मौके से फरार हो गए। मृतक के भाई के प्रार्थनापत्र पर पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। दौरान विवेचा पुलिस ने विनोद कुमार यादव और रूद्र प्रकाश के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया था और लालजी और राजनंदन को क्लीन चिट दे दिया था। जिसके बाद न्यायालय में सत्र परीक्षण के दौरान अभियोजन के प्रार्थना पत्र पर पुलिस अनवेषण में निकाले गए शेष अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा तलब कर मामले का विचारण किया गया। जिसके बाद सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुभाष चन्द्र वर्मा ने गवाहों को परीक्षित कराते हुए आरोपियो को सजा दिए जाने के पक्ष में तर्क प्रस्तुत किया।

एक नजर

हैंडपंप खराब होने से गहराया पेयजल संकट

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत तुर्कोडिया ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय में लगा हैंडपंप खराब है। जिसके चलते ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप सही न होने से लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण आशीष, वीरेंद्र राजेंद्र, रामकुमार, अनीश, नौशाद, रविचंद्रन, गौतम व रामेश्वर आदि ने हैंडपंप दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थों पर लगे रोक

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : सड़क किनारे खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थ बीमारियों को दावत दे रहे हैं। खुले में चाट-पकौड़ी की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। वर्तमान समय में रोगों से बचने को लेकर संचारी अभियान चलाया जा रहा है। खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है। आशुतोष, अमन, बन्नू, लकी व सोनू आदि ने इस पर रोक लगाने की मांग की है।

अवध ईंट निर्माता समिति की बैठक कल

करनैलगंज, अमृत विचार : अवध ईट निर्माता समिति की वार्षिक बैठक आगामी 20 जुलाई को जिला परिषद के सभागार में होगी। उक्त जानकारी देते हुए अवध ईट निर्माता समिति के महामंत्री फहीम अहमद पप्पू ने बताया कि समिति की यह वार्षिक बैठक है। जो प्रति वर्ष होती है। इस वर्ष की वार्षिक बैठक जिला परिषद के सभागार में आगामी 20 जुलाई को आयोजित की गई है। महामंत्री ने समिति के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए समय से बैठक में पहुंचे और बैठक का हिस्सा बने। महामंत्री ने बताया कि ईंट भट्ठे का संचालन करना कठिन होता जा रहा है।

महिलाओं और पुरुषों ने अंबेडकर चौराहे पर रोकी वाहनों की रफ्तार

बिजली आपूर्ति में अव्यवस्था को लेकर फूटा काशीराम कॉलोनी के लोगों का गुस्सा

प्रदर्शन कर अपनी बात कहते काशीराम कॉलोनी के लोग। अमृत विचार

मुख्य अभियंता को मांगपत्र सौंपते सपा नेता मनोज चौबे। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: बिजली आपूर्ति रोके जाने से नाराज काशीराम कॉलोनी के दर्जनों महिलाएं व पुरुषों ने अंबेडकर चौराहे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। नगर कोतवाली अंतर्गत विकास भवन के समीप बने काशीराम कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति रोक दी गई है बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पहले एक भैंस करंट की चपेट में आ गई थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। सिटी मजिस्ट्रेट ने कॉलोनी के आपूर्ति पर रोक लगा दिया था। बताया जाता है कि कॉलोनी में रहने वाले लोग अभी तक कनेक्शन नहीं लिए हैं। हफ्ते भर से बिजली न होने की वजह से कालोनी के लोगों को पेय जल के साथ-साथ अन्य समस्याएं भी हो रही थी। गुरुवार को दर्जनों की संख्या में महिलाएं अंबेडकर चौराहे पर स्थित विद्युत केंद्र पर पहुंचकर प्रदर्शन करने लगी इस दौरान कुछ लोग ने सड़क जाम कर दिया। सड़क की दोनों छोर पर गाड़ियों का लंबा काफिला लग गया सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने जाम खुलवाते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि वह लोग कई दिनों से अधिकारियों से मिलने का प्रयास कर रही हैं लेकिन कोई अधिकारी मिलना नहीं चाह रहा है गर्मी पड़ रही है ऐसे में विद्युत आपूर्ति बाधित कर देने से काफी समस्या हो रही है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि बिना किसी सूचना के लोगों द्वारा रोड जाम किया जा रहा था कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

विद्युत अव्यवस्था पर मुख्य अभियंता से मिले सपा नेता

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ सपा नेता मनोज चौबे ने गुरुवार को देवीपाटन परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल से मिलकर बेलसर विकास खण्ड में स्थित शुकुलगंज पावर हाउस में विद्युत वितरण की अवस्था से सैकड़ों गांवों के किसानों की सिंचाई के अभाव में रोपाई बाधित होने पर असंतोष जताते हुए वितरण व्यवस्था में सुधार लाने का अनुरोध किया। सपा नेता चौबे ने मुख्य अभियंता अग्रवाल को अवगत कराया कि खरीफ फसल में इन दिनों धान के बेसन की रोपाई चल रही है। पावर हाउस से प्रति दिन लाइन फाल्ट के नाम पर आपूर्ति रोक दी जाती है। रात में बार बार कटौती से आम नागरिक विशेष कर बच्चे व बूढ़े बेहाल हो रहे हैं। उन्होंने मुख्य अभियंता से बुआई व शिद्दत की गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मुख्य अभियंता श्री अग्रवाल ने सपा नेता की मांग को गंभीरता से लेते हुए आपूर्ति शेड्यूल का पालन कराने का आश्वासन दिया।

ट्रक की ठोकर से शिक्षक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, मनकापुर, अमृत विचार: बाजार से घर जाते समय ट्रक ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी लाया गया जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कस्बा के पटेल नगर निवासी शिक्षक राजेन्द्र दत्त राम पांडेय (46)नगर के एपी इंटर कालेज में अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। बुधवार की रात साढ़े दस बजे मनकापुर बाजार से अपने घर जा रहे थे। इस बीच मनकापुर-उतरौला मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करके मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डॉ एसएन सिंह ने बताया कि घायल के चेहरे व सर में गंभीर चोटे लगी होने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

तीमारदार से नर्स के रुपये लेने का वीडियो वायरल

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: मरीज के तीमारदार से स्टाफ नर्स चाय, पानी के नाम पर वसूली कर रही है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति से स्टाफ नर्स रुपए ले रही है। जब युवक रुपए लेने की वजह पूछता है तो स्टाफ नर्स द्वारा चाय पानी के नाम पर लेने की बात कही जाती है। जब युवक कहता है कि 500 चाय पानी के नाम पर तो लोग भड़क उठते हैं। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि तरबगंज क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति अपने परिजन को हड्डी रोग विभाग में भर्ती कराया था। इंजेक्शन आदि लगाने के नाम पर स्टाफ नर्स द्वारा वसूली की जा रही है थी। मरीज के साथ रहने वाले एक युवक ने वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया है। बताया जाता है कि पीड़ित की ओर से मेडिकल कॉलेज प्रशासन को शिकायती पत्र भी दिया गया है। जांच का आश्वासन भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा दिया गया है मेडिकल कॉलेज के मैनेजर अनिल वर्मा ने बताया शिकायत मिली है जांच की जा रही है।

मंडी में किसान सुविधाओं का टोटा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: किसानों के सुख सुविधा बढ़ाने को लेकर सरकार अधिकारियों को आदेश जारी कर रही है। बैठकों में किसान की आय दुगनी करने को लेकर भी फरमान जारी हो रहा है। सरकार गल्ला मंडी में अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों के सुख सुविधा बढ़ाने का आदेश दे रही है।

सरकार का कहना है कि जो भी किसान मंडी में फसल बेचने आए उसके लिए पेयजल, बैठने की सुविधा पूरी तरीके से होनी चाहिए। मंडी प्रशासन की ओर से जो किसान उपज बेचने के लिए मंडी में आ रहे हैं उनके लिए परिसर में ही विश्राम आलय भी बनाया गया है। दो दिन पहले मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कृषि उत्पादन समिति की बैठक किया। जिसमें मंडी के आय व किसानो की सुख सुविधा को लेकर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने राजस्व में बढ़ोतरी पर प्रसन्नता जाहिर की साथ ही किसानों के सुख सुविधा को और बढ़ने पर जोर दिया है। लेकिन बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में किसानों के विश्राम के लिए बना भवन अपने बर्बादी पर आंसू बहा रहा है। किसान विश्राम आलय मे परमानेंट ताला लगा रहता है जिससे किसानों को इधर-उधर बैठना पड़ता है। जिस भवन में अन्नदाता को बैठकर आराम करना था वह पूरी तरीके से टूटा फूटा नजर आ रहा है। देखने से लगता है कि इस भवन में काफी अरसे से कोई नहीं आया है। साफ सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं है बरसात होते ही विश्राम आलय के चारों तरफ पानी भर जाता है। जिसकी नमी होने के अंदर भी देखी जाती है। फिलहाल सरकार भले ही किसने की सुविधा की बात कर रही हो। लेकिन जिले के अफसर सरकारी योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं। गल्ला मंडी में बना किसानों का विश्राम आलय मे धूल जमा हुआ है। बताया जाता है कि मंडी के अफसर की बेरुखी के चलते किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे सरकार की छबि भी धूमिल हो रही है। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव मुकेश जायसवाल से संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन वार्ता नहीं हो सकी।

बंद किसान विश्राम गृह। अमृत विचार

तीन लाख आबादी ने झेला बिजली संकट

मोहर्रम जुलूस ने किया बंटाधार, पानी के लिए परेशान रहे लोगों में नाराजगी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: विद्युत विभाग की लापरवाही से 3 लाख की आबादी 24 घंटे तक गर्मी से तड़पती रही। विद्युत आपूर्ति ठप होने से लोग पानी के लिए तड़पते रहे। कई दिन से उमश भरी गर्मी पड़ रही है। मोहर्रम के दिन जुलूस निकालने के दौरान पूरे शहर क्षेत्र की बिजली विभाग की ओर से काट दी गई। सबको उम्मीद थी कि जुलूस जब समाप्त हो जाएगा तो बिजली आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ जब रात के 10:00 बजे के बाद लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पर दौड़ लगाने शुरू की। लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी सीधी मुंह किसी से बात करना ही नहीं चाहते थे। सारी रात लोग चिपचिपाहट भरी गर्मी में परेशान होते रहे। सबसे अधिक समस्या बच्चों व महिलाओं को हुई। कई घरों में तो पीने के पानी का संकट सामने आ गया लगातार 24 घंटे बिजली न होने से टंकियां में भर पानी समाप्त हो गया लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा।

शहर के बड़गांव उपकेंद्र के तहत जानकीनगर, खैरा, बड़गांव रानी बाजार, ददुआ बाजार, रानी जोत, माधवपुरम, जयनगरा सेमरा शेखापुर, आवास विकास समेत कई अन्य मोहल्ले के लोग परेशान रहे। बिजली मोहर्रम के जुलूस के बाद करीब 10:00 बजे एक बार आई लेकिन अचानक लो वोल्टेज हुआ और फिर आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली के लिए रात भर लोग परेशान होते रहे। बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं का फोन भी नहीं उठा रहे थे। बलवंत पुरवा के रहने वाले लालजी तिवारी ने बताया कि मोहर्रम जुलूस को लेकर बुधवार दोपहर में ही बिजली काट दी गई थी उम्मीद थी कि रात्रि में आ जाएगी लेकिन बिजली कर्मियों के लापरवाही के चलते आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी उन्होंने बताया कि रात में ही वह बिजली उप केंद्र भी गए लेकिन कोई कर्मचारी कुछ सुनने या बताने को तैयार ही नहीं था। उन्होंने बताया कि लाइनमैन से लेकर के तक सभी लोगों का मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा था। बिजली आपूर्ति न होने से सबसे बड़ी समस्या पानी की हो रही थी। इसी तरीके से लोगों ने रात बिताई है। बिजली विभाग की कार्यशैली से लोगों में आक्रोश भी है। कई मोहल्लों में तो बिजली आपूर्ति गुरुवार दोपहर बाद बहाल हो सके तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली है। विद्युत उपकेंद्र बड़ागांव के अवर अभियंता एसके मौर्य ने बताया कि 33 हजार सप्लाई में समस्या आ गई थी जिसके चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी उन्होंने बताया कि गुरुवार दोपहर में सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

अपर निदेशक कोषागार गैरहाजिर, मांगा स्पष्टीकरण

आयुक्त ने कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कहा-समय से दफ्तर पहुंचें कर्मचारी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गुरुवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कई कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोषागार कार्यालय, आरटीओ व सब रजिस्ट्रार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कोषागार कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक कोषागार व पेंशन वाईपी सिंह कार्यालय में अनुपस्थित मिले। कार्यालय के अन्य कर्मियों से जानकारी की गई तो पता चला कि वह किसी काम से मुख्यालय गए हैं। इस पर मण्डलायुक्त ने बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने एवं बिना अवकाश स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण तलब किया। इसके अलावा उन्होंने सब रजिस्ट्रार कार्यालय का भी निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने स्टांप वेंडर व आमजन से बैनामा आदि कराने की प्रक्रिया के बारे मे जानकारी ली। वहां पर उनसे किसी के द्वारा अनुचित कार्य आदि तो नहीं किया जा रहा इसकी जानकारी ली। उन्होंने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित हो। बिना अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित न हो अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कोषागार कार्यालय का निरीक्षण करते कमिश्नर देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील। अमृत विचार

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर के राज्यपाल से मांगा इस्तीफा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर के बेटे के रिसेप्शन में हुए खर्च का भुगतान सरकारी कोष से किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को मांग पत्र सौंप कर लेफ्टिनेंट गवर्नर के इस्तीफा की मांग की है। कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर के बेटे के रिसेप्शन में जो खर्चा आया है उसका भुगतान राजकीय कोष से किया गया है यह बहुत ही गंभीर विषय है ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। जम्मू कश्मीर स्टेट पहले से ही कई समस्याओं से जूझ रहा है ऐसे में सरकारी धन का दुरुपयोग करना चिंताजनक है। कांग्रेसियों का कहना है कि बेटे अनुभव सिन्हा के रिसेप्शन में अतिथियों को एक करोड़ से अधिक का भोजन कराया गया है जिसका पेमेंट सरकारी कोश से किया गया है। इस दौरान प्रमोद मिश्र सगीर खान, शिव कुमार दुबे, प्रदुमन शुक्ला, हरि श्याम सोनी, शाहिद अली कुरैशी, सैफ अली, इरफान, राजू सेवादल, विनय प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

पंचायत उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत पिपरा चौबे व कुरसहा में रिक्त चल रहे ग्राम प्रधान तथा 11 ग्राम पंचायतों में रिक्त चल रहे 13 ग्राम पंचायत सदस्यों के उपचुनाव के लिए प्रक्रिया ब्लॉक मुख्यालय पर गुरुवार से शुरू हो गई है। प्रक्रिया के पहले दिन ग्राम पंचायत पिपरा चौबे में ग्राम प्रधान पद के लिए मात्र दो लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है। ब्लॉक के बीडीओ अभय सिंह व सहायक सहायक निर्वाचन अधिकारी रोशन लाल ने बताया कि ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान तथा 11 पंचायतों को मिलाकर 13 ग्राम पंचायत सदस्यों के उपचुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के पहले दिन ग्राम पंचायत पिपरा चौबे में ग्राम प्रधान पद के लिए मात्र दो लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है। अन्य पदों के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि इन सभी स्थानों पर पदों के लिए आगामी 22 जुलाई दोपहर बाद चार बजे तक ब्लॉक मुख्यालय पर नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। अगले दिन 23 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। यदि आवश्यक हुआ तो इन पदों के लिए आगामी छह अगस्त को सुबह 7:00 बजे से 5:00 बजे के मध्य मतदान कराया जाएगा।

अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बैरकों में जाकर बंदियों के रहने और साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जेल चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान सचिव ने वहाँ इलाज करा रहे बंदियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उपस्थित जेल प्रशासन के अधिकारियों को बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में निरुद्ध बंदियों को विधिक जानकारी दी। इस दौरान चीफ एलएडीसी विनोद सिंह, डिप्टी चीफ़ एलएडीसी अनिमेष चतुर्वेदी, असिस्टेंट एलएडीसी बृजलाल तिवारी, जेल अधीक्षक पीके सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक कन्हैया लाल तिवारी, अंकित वर्मा और राहुल मिश्रा मौजूद रहे। इसके साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बाल गृह (बालक/बालिका) का भी निरीक्षण किया।

जेल में विधिक जानकारी देते एडीजे व सहायक अधिवक्ता। अमृत विचार

इस सावन शिव की पूजा को मिलेंगे पांच सोमवार

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार : इस वर्ष सावन मास में पूजन के विशेष संयोग मिल रहे हैं। 22 जुलाई सोमवार से सावन की शुरुआत होगी और 19 अगस्त सोमवार को सावन समाप्त होगा। सावन शिवरात्रि का विशेष संयोग बन रहा है। इस शुभ मुहूर्त में बाबा भोलेनाथ की पूजा करने का विशेष महत्व माना जाता है। पंडित शेष कुमार पाण्डेय बताते हैं कि वैसे तो शिवरात्रि का पावन त्योहार फरवरी या मार्च के महीने में मनाया जाता है, लेकिन सावन की शिवरात्रि भी बहुत खास होती है। भगवान शिव का प्रिय सावन की शुरुआत 22 जुलाई से होगी जो कि 19 अगस्त तक चलेगा। ऐसे में सावन के महीने में पांच सोमवार मिल रहे हैं। जो व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण है। सोमवार के अलावा कई और विशेष दिन होते हैं, जिनमें भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। उन्हीं में से एक है सावन महीने की शिवरात्रि, जो सावन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है।

पंडित शेष कुमार।

सावन शिवरात्रि का पावन त्योहार इस बार 2 अगस्त को मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत 2 अगस्त को दोपहर 3:24 से हो जाएगी जो कि अगले दिन 3 अगस्त शाम 3:26 पर होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 2 अगस्त को ही सावन शिवरात्रि का त्योहार मनाया जाएगा। सावन शिवरात्रि के दिन निशा काल में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से भक्तों के सभी दुख दूर होते हैं। प्रभु उन्हें मनचाहा वरदान देते हैं। पंडित शेष कुमार के अनुसार इस बार सावन शिवरात्रि शुक्रवार के दिन पड़ रही है। ऐसे में सवार्थ सिद्धि योग बन रहा है। साथ ही इस संयोग में भगवान शिव के साथ मां लक्ष्मी की कृपा के लिए अद्भुत संयोग है। ऐसे में उस दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के साथ ही मां लक्ष्मी की आराधना करने से मनचाहा लाभ मिलता है। पंडित शेष कुमार ने बताया कि सावन शिवरात्रि के मौके पर गन्ने के रस में गंगाजल और गुलाब जल मिलाकर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाए, तो इससे भगवान भोलेनाथ बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं। अगर भगवान शिव का रुद्राभिषेक नहीं कर पाए, तो शिव मंदिर में जाकर उनके शिवलिंग पर जल अर्पित करें और तीन बेलपत्र चढ़ाएं ऐसा करने से भगवान शिव की कृपा आप पर बनेंगी और आप इस सावन शिवरात्रि पर अपना मनचाहा वरदान पा सकते हैं। सावन के माह में पांच सोमवार का संयोग भी अद्भुत है। सावन की शुरुआत सोमवार 22 जुलाई से है। दूसरा सोमवार 29 जुलाई, तीसरा सोमवार 5 अगस्त, चौथा सोमवार 12 अगस्त और अंतिम सोमवार 19 अगस्त को है उसी के बाद सावन समाप्त हो जाएगा।

चार घंटे बंद रहा रेल फाटक, परेशानी

करनैलगंज, अमृत विचार : रेल लाइन के पैकिंग कार्य के चलते गुरुवार को करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग स्थित समपार फाटक संख्या 282 को चार घंटे के लिए बंद रखा गया। जिससे राहगीरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। दो पहिया व रिशाला गुमटी होते हुए हटही मार्ग तथा पिपरी के पास स्थित कांधी होते हुए नगवा कला की रोड से करीब चार किलोमीटर लंबे रास्ते से आवागमन किए। लेकिन बड़े वाहनों के लिए यही एक मात्र रास्ता था। जो चार बजे के बाद गेट खुलने पर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। गोंडा-बुढ़वल रेल मार्ग पर नवनिर्मित तीसरी लाइन का पैकिंग कार्य चार बजे तक चला।

बारिश से मौसम हुआ सुहाना लोगों को गर्मी से मिली निजात

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गुरुवार शाम को हुई बरसात ने गर्मी से लोगों को राहत दी है। पिछले कई दिनों से चिपचिपाहट वाली गर्मी पड़ रही थी। बरसात भी नहीं हो रही थी। बरसात ने गर्मी से निजात दिलाई है। बरसात से जहां एक और लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं शहर की कई मोहल्ले में जल भराव हो गया है। पानी कम बरसाने से मोहल्ले के गलियों में सड़कों पर कीचड़ दिख रहा है। सप्ताह भर से पानी नही बरस रहा था। गर्मी से हाहाकार था, हर कोई चाहता था की बरसात हो गर्मी से निजात मिल सके। दो-तीन दिन से आसमान पर तो बादल छाए रहते थे लेकिन बरसात नहीं हो रही थी। पुरवा हवा चलने से आधा दिन मौसम ठंडा रहता था और फिर दोपहर बाद में गर्मी होने लगती थी। बुधवार को बिजली विभाग ने भी खूब सबको रुलाया। मोहर्रम के जुलूस को लेकर दोपहर में ही बिजली सप्लाई रोक दी गई थी जो दूसरे दिन गुरुवार को दोबारा शुरू हो पाई है हालांकि बीच में जब बिजली थोड़े समय के लिए आई तो वोल्टेज ही नहीं था। बरसात होने से मौसम सुहाना हो गया किसी को उम्मीद नहीं थी कि बरसात होगी ऐसे में अधिकतर लोगों ने पहले भीग कर बरसात का आनंद लिया।

उपकेंद्र पर चलाया टीकाकरण अभियान

परसपुर, अमृत विचार: राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण के अंतर्गत शिशुओं गर्भवती महिलाओं व किशोर किशोरियों का टीकाकरण किया गया। परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अन्तर्गत उपकेंद्र लोहंगपुर के टनटनापुर में टीकाकरण किया गया। एएनएम सुनीता ने बताया कि शून्य से 05 वर्ष के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को बीसीजी, पेंटा, पीसीवी, एफईपीवी, टीडी, डीपीटी, एमआरजेई, ओपीवी, रोटा आदि वैक्सीन लगाया गया। वहीं नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई।

शीशा तोड़कर घायलों की मदद करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

ट्रेन हादसे के बाद मौके पर पहुंचीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिसकर्मियों को दिए बचाव के निर्देश। अमृत विचार

ट्रैक में थरथराहट महसूस होने पर चालक ने लगाई थी इमरजेंसी ब्रेक

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गोंडा गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप बृहस्पतिवार को हादसे का शिकार हुई चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन के मामले में रेल ट्रैक की खराबी का मामला सामने आया है। ट्रेन के चालक का कहना है कि पटरी खराब होने के कारण उसे ट्रैक में थरथराहट महसूस हुई तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी। ब्रेक लगाते ही ट्रेन खिंच गई और उसकी बोगियां पटरी से उतर गई। चंडीगढ़ से असम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन बृहस्पतिवार को गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज जिला ही स्टेशन के बीच पकोड़ा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई और ट्रेन के एली कोच के दो डिब्बे ट्रैक से उतरकर खेतों में पलट गए जबकि अन्य कई बोगियां भी पटरी से उतर गयी। इस भीषण रेल हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 34 अन्य यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई मौके पर जुटे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बोगियों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें नजदीक के अस्पतालों में ले जाकर भर्ती कराया। कुछ ही देर में मनकापुर एसडीएम यशवंत राव के साथ मनकापुर वह मोतीगंज कोतवाली की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाते हुए यात्रियों को बाहर निकालकर उन्हे अस्पताल पहुंचाया। घायलों में नौ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि दो यात्रियों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान छोटी कुमारी (7) पुत्री मनोज पंडित, अनीता देवी पत्नी मनोज पंडित व मनोज पंडित निवासी महादेवमनी थाना महादेवमनी जिला मधुबनी बिहार, प्रमोद यादव (24) पुत्र रामू निवासी गरीहा सीकरी, जिला गोरखपुर, शिवम कुमार (22) पुत्र दिलीप, निवासी सरदईया मोतीपुर, बिहार, सर्वेश शुक्ला पुत्र त्रिलोक कुमार शुक्ल निवासी ग्राम खसियारा थाना दुधारा, संतकबीर नगर, एडमिन लकड़ा (75) पुत्र पतरास लकड़ा निवासी नागा गांव कालोनी दीमापुर नागालैंड व दो अज्ञात शामिल हैं। हादसे में प्रथम दृष्टया रेलवे ट्रैक में खराबी की बात सामने आई है। हादसे की जानकारी देते हुए ट्रेन के चालक त्रिभुवन नारायन और सहायक लोको पायलट राज ने बताया कि गाड़ी रन थ्रू जा रही थी। आगे ट्रैक पर कर्व होने के कारण उन्होने ट्रेन की स्पीड धीमी कर ली थी। इसी बीच उन्हे ट्रैक पर थरथराहट महसूस हुई तो उन्होने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। ब्रेक लगते ही गाड़ी खिंच गयी और डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए।

पलटी बोगी से यात्रियों को सुरक्षित निकालते स्थानीय लोग। अमृत विचार

रेलवे ने यात्रियों के लिए चलाई गोंडा से विशेष ट्रेन

लखनऊ, अमृत विचार: पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर गोंडा स्टेशन से तरकीबन 19 किमी दूर मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर ट्रेन 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पलटने से अन्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। तमाम ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है. दर्जनों की संख्या में ट्रेनों के रास्ते बदल कर चलाने की तैयारी की गई है। ट्रेनों के अचानक कैंसिल होने और मार्ग परिवर्तन होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। लखनऊ के चारबाग स्टेशन से लेकर लखनऊ जंक्शन तक यात्री ट्रेनों के लिए परेशान होते रहे। चारबाग के साथ ही ऐशबाग व लखनऊ जंक्शन पर भी थोड़ी देर को ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। यहां पहुंच जम्मूतवी ट्रेन को रोक दिया गया।

मुख्यमंत्री ने जताया दुख, रेलवे ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गोंडा गोरखपुर रेल ट्रैक पर मोतीगंज- झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप हुए ट्रेन हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। सीएम ने जिला प्रशासन के अफसरों को मौके पर पहुंचकर युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य करने तथा घायलों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों की परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

वहीं पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों व उनके परिजनों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। घटनास्थल पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा समेत वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है। चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार के दोपहर करीब ढाई बजे गोंडा गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई और ट्रेन के चार एसी कोच पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे पलट गए, जबकि अन्य बोगियां भी ट्रैक से नीचे उतर गई। घटनास्थल पर डीएम नेहा शर्मा समेत वरिष्ठ प्रशासनिक पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। डीएम की देखरेख में बचाव कार्य चल रहा है। रेल विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख प्रकट करते हुए जिला प्रशासन को राहत का बचाव कार्य जारी रखने के निर्देश दिए।

पूर्वोत्तर रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खण्ड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के अवपथन के फलस्वरूप गोंडा से दुर्घटना राहत चिकित्सा यान दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई है। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। रेल यात्रियों की मदद एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे द्वारा हेल्पलाइन नम्बर जारी किये गये हैं। हादसे के बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्री और उनके परिजनों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। लखनऊ के लिए 8957409292 व गोंडा में 8957400965, सीवान में 9026624251, छपरा में 8303979217 तथा देवरिया सदर में 8303098950 इस नंबर पर जानकारी ली जा सकती है।

घायल यात्रियों के नाम

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: ट्रेन हादसे में घायल हुए यात्रियों की पहचान कर सी गयी है। घायलों में तीन यात्री गोंडा जिले के भी हैं। घायलों में सर्वेश शुक्ला (35), छोटी (7) पुतिरी मनोज, अनीता (35) पत्नी मनोज तिवारी और मनोज तिवारी (37) पुत्र हरिहर पंडित निवासी बिहार, टाउन (26), भोलू (36), शंभू कुमार (25) बिहार, रवि कुमार (23) पुत्र उमेश कुमार छपरा बिहार, प्रमोद यादव (25) पुत्र रामू यादव, गोरखपुर, नूर मोहम्मद (35) पुत्र इसराइल मोहम्मद आसम, शिवम कुमार (39) पुत्र दिलीप कुमार, बिहार रमेश कुमार (39) चंडीगढ़, वीरेंद्र (36) पुत्र नगीना राम बेतिया बिहार, नरसिंह (40) पुत्र बीपत राम, बिहार, समीर सिंह (20) पुत्र शेष कुमार निवासी पचपुती जगतापुर गोंडा, एडमिन लकड़ा (50), शौकत अली (39) पुत्र बक्शी, बिहार, नितिन (18) पुत्र ओमप्रकाश तिवारी गोंडा, जितेंद्र (51) पुत्र राम बहादुर सुल्तानपुर, प्राची (18) पुत्री जितेंद्र सुल्तानपुर, सुशीला देवी (50) पत्नी उदय मिश्र मधुबनी छपरा बिहार, खुशी (15) पुत्री सुरेश बिहार, विकास (27) पुत्र सुनील छपरा, जगदीश (50) पुत्र जयराम, संजय कुमार (40) पुत्र राधेश्याम बिहार, विनय कुमार (30) पुत्र हरि नारायण मुज़फ़्फ़रपुर, बिहार, रमन (18) पुत्र संतराम, परसपुर गोंडा, सुनील कुमार (28) पुत्र मोहन गाजीपुर कुशीनगर व पांच अज्ञात शामिल हैं।

कई ट्रेनों के मार्ग में किया गया परिवर्तन

मनकापुर-अयोध्या के रास्ते भेजी गईं ट्रेनें, उत्तर रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के हादसे का शिकार होने के बाद कई ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया है। यात्रियों के लिए उत्तर रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर- 9794830973 जारी किया है। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर इसे मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाया जा रहा है। ट्रेन संख्या 15653 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस का मार्ग भी बदला गया है। यह ट्रेन मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाई जा रही है। 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मनकापुर जंक्शन-अयोध्या धाम- बाराबंकी जं. के रास्ते अपने गंतव्य को रवाना किया गया।

15653 गुवाहाटी - जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मनकापुर जंक्शन-अयोध्या धाम- बाराबंकी जं. के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई ट्रेन नं. 12555 गोरखधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई। ट्रेन नं. 12553 वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई। ट्रेन नं. 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मनकापुर जंक्शन-अयोध्या कैंट-बाराबंकी जं. के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई। ट्रेन नं. 12557 सप्त क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मनकापुर जंक्शन-अयोध्या कैंट-बाराबंकी जं. के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई। ट्रेन नंबर 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई। ट्रेन नं. 19038 अवध एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई। ट्रेन नं. 22537 कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को जाएगी। ट्रेन नं. 13019 बाघ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को भेजी गई।

घायलों की मदद को बलरामपुर अस्पताल में टीम गठित

लखनऊ, अमृत विचार : गोंडा में हुए रेल हादसे को लेकर राजधानी में चिकित्सकों की टीम को गठित कर अलर्ट पर रखा गया है। जरूरत पड़ने पर मदद के लिए टीम रवाना हो जाएगी। बलरामपुर अस्पताल प्रशासन के मुताबिक स्वास्थ्य महानिदेशालय के निर्देश पर तीन सर्जन, तीन ऑर्थोपेडिक सर्जन, एक फार्मासिस्ट और दो वार्ड ब्वॉय की टीम एंबुलेंस के साथ अलर्ट की गई है।

ट्रेन से कूदकर बचाई जान

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: ट्रेन हादसे में कई यात्री ऐसे भी रहे जिन्होंने ट्रेन से कूद कर अपनी जान बचाई। ट्रेन से यात्रा कर रही यात्री प्रियंका ठाकुर ने बताया कि वह चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में यात्रा कर रही थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए निकली थी। सभी यात्री आराम से बैठे हुए थे। 2:30 बजे के करीब अचानक तेज धमाका हुआ तो सभी लोग चौंक पड़े। दरवाजे पर आकर देखा तो इंजन को पीछे के डिब्बे पलट चुके थे। उनका भी कोच पटरी से उतर गया था। यह देखकर उसके होश उड़ गए। जान बचाने की खातिर वह तत्काल कोच के बाहर कूद पड़ी। प्रियंका पीछे कई अन्य लोग भी बोगी से बाहर कूद गए। इसी कोच में बप्पी ठाकुर, वीरेंद्र सिंह व संगीता ने भी बाहर कूद कर अपनी जान बचाई।

प्रियंका ठाकुर

बप्पी ठाकुर

संगीता

वीरेंद्र सिंह

कुछ समझ पाते इससे पहले पलट गई ट्रेन

राज शुक्ला, मनकापुर (गोंडा)

अमृत विचार: चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार के दोपहर करीब ढाई बजे गोंडा गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई और ट्रेन के चार एसी कोच पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे पलट गए, जबकि अन्य बोगियां भी ट्रैक से नीचे उतर गई। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है जबकि 20 से 25 यात्री घायल बताए जा रहे हैं।

घटनास्थल पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा समेत वरिष्ठ प्रशासनिक पुलिस अधिकारी मौजूद हैं और डीएम की देखरेख में राहत व बचाव कार्य चल रहा है। रेल विभाग के स्थानीय अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं हादसे के बाद अमृत विचार टीम ने यात्रियों से बात की। चंडीगढ़ से सिवान जा रहे यात्री मणि तिवारी ने बताया कि वह कोच बी 1 में 16 नंबर सीट पर अपनी पत्नी बेटी के साथ यात्रा कर रहे थे। करीब 2.30 बजे गाड़ी में अचानक तेज खड़खड़ाहट की आवाज हुई। वह कुछ समझ पाते कि डिब्बा पटरी से उतर कर पलट गया।

घायलों से जानकारी लेते रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार

यात्रियों को विशेष ट्रेन से भेजा जायेगा

लखनऊ, अमृत विचार: पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में फंसे सभी यात्रियों को घटनास्थल से बस से मनकापुर जंक्शन स्टेशन पर पहुंचाया गया, जहां से विशेष ट्रेन से उनके गंतव्य स्थल तक भेजा जायेगा। रेलयात्रियों के खानपान का समुचित प्रबंध किया गया है। इस रेल दुर्घटना में मृत यात्रियों के परिजनों को 10 लाख रुपए, गम्भीर रूप से घायल यात्रियों को दो लाख पचास हजार रूपए और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को 50 हजार की अनुग्रह राशि प्रदान की जायेगी. दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने लिया जायजा, कार्रवाई के निर्देश

निरीक्षण करते केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

संवाददाता, मनकापुर

अमृत विचार: रेल हादसे के बाद मौके पर पहुंचे गोंडा सांसद व केंद्रीय वन पर्यावरण एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने जायजा लिया। घायलों का हाल जाना और जीएम पूर्वोत्तर रेलवे व डीएम को बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

रेल हादसा गोंडा सांसद के गृह क्षेत्र के पास हुआ। सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री ने हादसे के बाद मौके पर मुआयना किया। डीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था करा कर यात्रियों को गोण्डा या मनकापुर पहुंचाया जाए और घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था तत्काल कराई जाए। रेलवे के उच्च अधिकारियों से बात करने के बाद मौके पर पहुंची जीएम सौम्या माथुर को भी हर प्रकार से राहत व बचाव कार्य कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिले के समस्त थानों की पुलिस, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान, रेलवे आईजी, एनडीआरएफ की टीम आदि मौके पर डंटी रही।

युवाओं ने किया रक्तदान

रेल हादसे के बाद सक्रिय हुई युवाओं की टीम ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया और घायलों की जान बचाने के लिए लोगों को आगे आने का आह्वान किया। फिजियोथिरेपिस्ट डा दुर्गा सिंह ने बताया घटना की सूचना के बाद 30 लोगों ने रक्तदान किया।

> हादसे में दो लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। जबकि 31 लोग घायल हुए हैं। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया गया है। गंभीर रूप से घायल हुए यात्रियों के लिए ढाई लाख व मामूली रूप से घायल यात्रियों को 50 हजार का मुआवजा दिया जाएगा। गोंडा गोरखपुर रेल रूट पर किलोमीटर 638 पर यह हादसा हुआ है। यात्रियों को मनकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा दिया गया है और रिलीफ ट्रेन से उन्हें उनके गंतव्य को रवाना कि या जा रहा है। यात्रियों के खान-पान के लिए भी रेलवे के तरफ से व्यवस्था की गई है। घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं।
> -सौम्या माथुर, जीएम, पूर्वोत्तर रेलवे

दिखाई मानवता हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों ने खूब की ग्रामीणों की तारीफ, अफसरों ने भी युवाओं की थपथपाई पीठ

देवदूत बने ग्रामीण, चारपाई पर लाद घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संवाददाता, मनकापुर

अमृत विचार: रेल हादसे के बाद ग्रामीणों ने देवदूत बनकर रेल यात्रियों की मदद की। गांव के लोगों ने न सिर्फ बोगियों में फंसे लोगों को बाहर निकाला बल्कि घायलों को चारपाई पर लादकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों ने ग्रामीणों की सराहना की।

गुनौरा गांव के प्रधान कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया हादसे के वक्त वह घटनास्थल से थोड़ी दूर पर मौजूद थे। करीब 2.30 बजे चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ ट्रेन पूरी रफ्तार से जा रही थी। अचानक तेज आवाज हुई और ट्रेन डिरेल हो गयी। आवाज सुनकर वह ट्रैक की तरफ दौड़े। मौके पर पहुंचकर देखा तो एसी कोच को कई डिब्बे पटरी से उतरकर नीचे खेतों में पलट गए थे। मौके पर यात्रियों की चीख पुकार सुनकर पहले तो वह सन्न रह गए। इसी बीच राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्ण मोहन चौबे, कृष्ण कुमार दुबे समेत आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने हिम्मत दिखाते हुए बोगियों में फंसे यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। खून से लथपथ का यात्री मदद के लिए आवाज लगा रहे थे। गांव के लोग जिनकी भी आवाज सुनते दौड़कर वहां पहुंचने और बोगी के भीतर घुसकर उन्हें बाहर निकलते। इसी बीच स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पुलिस कर्मियों ने भी ग्रामीणों की मदद से ट्रेन की बोगियों में फंसे यात्रियों को बाहर निकलने का काम शुरू किया। एंबुलेंस आने में देर हुई तो ग्रामीण अपने घर से चारपाई ले आए और घायलों को चारपाई पर लादकर नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। देवदूत बने ग्रामीणों ने अनगिनत यात्रियों को बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई। हादसे में सुरक्षित बचे यात्री जितेंद्र प्रताप सिंह ने गांव के लोगों की जमकर सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

चारपाई पर लादकर घायलों को अस्पताल ले जाते ग्रामीण। अमृत विचार

टीटीई आशीष ने बताई भयावह हादसे की दास्तान

पूर्वोत्तर रेलवे के टीटीई आशीष कुमार की चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस में ड्यूटी लगी थी। वह लखनऊ से ट्रेन पर सवार हुए थे। आशीष ने बताया हादसे के वक्त वह ए 1 कोच में थे और खाना खाने बैठे थे। करीब 2.40 का वक्त था कि अचानक तेज आवाज हुई और उनकी बोगी पलट गई। वह कोच के भीतर ही फंस गए। बोगी के पलटते ही चीख-पुकार मच गई। लोग जान बचाने को आवाज लगा रहे थे। आशीष ने कहा गांव के लोग समय पर नहीं पहुंचते तो स्थिति और खराब हो जाती।

गोंडा में हुए रेल हादसे की वजह से चारबाग रेलवे स्टेशन पर काफी देर तक खड़ी रही गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस। अमृत विचार

आरटीओ कार्यालय में डीएम ने की छापेमारी, तीन लोग पकड़े गये

कई पटलों का किया निरीक्षण, आरटीओ को दिए कड़े निर्देश,बोले- दलालों से मुक्त रखें कार्यालय

संवाददाता,बलरामपुर।

अमृत विचार। डीएम पवन अग्रवाल द्वारा सरकारी कार्यालयों को दलालों से मुक्त कराने एवं जनमानस को सरकारी कार्यालय में बेहतर माहौल प्रदान किए जाने के अभियान के तहत आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए छापेमारी की गई।

डीएम द्वारा की गई अचानक छापेमारी से आरटीओ कार्यालय परिसर में अफरा तफरी का माहौल दिखा। डीएम ने कार्यालय में मौजूद तीन दलालों को पुलिस के हवाले कर दिया।डीएम ने आरटीओ कार्यालय का गेट बंद करवाकर पूरे परिसर का निरीक्षण किया।

आरटीओ कार्यालय में लोगों से बातचीत करते डीएम पवन अग्रवाल। अमृत विचार

इस दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ की । मौके पर तीन संदिग्ध दलाल अंकित तिवारी , संतोष कुमार गुप्ता, अनवर को उन्होंने पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान उन्होंने वहां पर ड्राइविंग लाइसेंस , वाहन ट्रांसफर आदि करने आए जनमानस से वार्ता की एवं कार्यरत कर्मचारियों द्वारा निर्धारित शुल्क से ज्यादा पैसे तो वसूल नहीं किया जा रहे हैं इसके बारे में पूछा । कहा की अगर कोई निर्धारित शुल्क से ज्यादा पैसे मांगता है तो तत्काल अवगत कराए।

उन्होंने आरटीओ को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि दलालों से कार्यालय को पूरी तरह से मुक्त रखा जाए। कोई भी कर्मचारी दलालों के साथ कोई संलिप्तता नही रखेगा । अगर शिकायत प्राप्त होती है कि कर्मचारी भी दलालों के साथ मिले हैं तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।इस दौरान डीएम ने विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया एवं ड्राइविंग लाइसेंस के लिए कराए जाने वाले ड्राइविंग ट्रैक का भी जायजा लिया।

उन्होंने सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से अलमारियों में रखे जाने का निर्देश दिया।इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर , एआरटीओ , सीओ सिटी मौजूद रहे।

चीनी मिल कर्मी ने लगाई जान माल की सुरक्षा की गुहार

संवाददाता,बलरामपुर।

अमृत विचार। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड में बॉयलर फायरमैन के पद पर तैनात कमलेश कुमार शुक्ला ने जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है ।पीड़ित ने चीनी मिल प्रबंधन पर गहरी साजिश करने का आरोप भी लगाया है।

अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने कहा है कि वह बलरामपुर शुगर वर्क्स यूनियन का महामंत्री है ।चीनी मिल कर्मियों तथा मजदूरों की समस्याओं को लेकर वह हमेशा संघर्षरत रहता है। पीड़ित ने बताया कि वह श्रमिकों की समस्याओं और मांगों को लेकर प्रबंधन तंत्र तथा उप श्रम आयुक्त गोंडा को मांग पत्र भी दिया है। इसी बात को लेकर प्रबंध तंत्र उसे नाखुश रहता है। हर प्रकार से पीड़ित को हैरान में परेशान किया जा रहा है। उसने यह भी कहा कि चीनी मिल बलरामपुर तथा इसकी इकाइयों में कई मजदूर नेताओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है ।मृतक भी मजदूरों की समस्याओं और मांगों को लेकर समाधान के लिए प्रयासरत रहते थे ।पीड़ित का आरोप है कि बलरामपुर चीनी मिल प्रबंधन के कुछ अधिकारी उसके ऊपर नाजायज दबाव बना रहे हैं। गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे रहे हैं ।उसने कहा है कि उसकी नौकरी और जान माल की सुरक्षा को लेकर मिल प्रबंध तंत्र व मालिकान द्वारा गंभीर साजिश की जा रही है। उसका यह भी कहना है कि प्रबंध तंत्र मेरे तथा मेरे परिवार के साथ कोई अनहोनी करा सकता है। पीड़ित ने डीएम तथा एसपी से मांग पत्र की जांच कराते हुए उसके तथा उसके परिवार के जान माल के सुरक्षा और नौकरी बचाने की गुहार लगाई है।

सागौन के पेड़ों को काटने के लिए किसान ने मांगा परमिट

संवाददाता,बलरामपुर।

अमृत विचार। विकास भवन सभागार में बृहस्पतिवार को जिला स्तरीय किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप निदेशक कृषि नरेंद्र कुमार व जिला कृषि अधिकारी प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा ने किसानों की समस्याएं सुनकर उसके समाधान का आश्वासन दिया।

ग्राम किठुरा के किसान धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका सेमरहवा गांव के पास जमीन थी। उस पर उन्होंने 100 सागौन का पेड़ लगा रखा था। राप्ती नदी के कटान होने से तीन एकड़ जमीन कट गया। इससे उनकी गन्ने की फसल व 50 सागौन का पेड़ नदी में बह गया है। धर्मेंद्र ने बाकी बचे 50 पेड़ को कटवाने के लिए परमिट देने की मांग की। ताकि वह पेड़ भी नदी की कटान में न बह जाए। किसान नेता बृजेश विश्वकर्मा ने बताया कि अन्नदाता हर साल बाढ़ की त्रासदी झेलते हैं। हजारों हेक्टेयर फसल बाढ़ के कारण बर्बाद हो जाती है, लेकिन प्रशासन की तरफ से उन्हें मुआवजा नहीं मिल पाता है। किसान मुआवजा के लिए तहसील व विकास भवन का चक्कर काटते रहते हैं। किसान शशि भूषण शुक्ल ने छुट्टा जानवर व गांवों में बिजली कटौती की समस्या को उठाया। ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति की मांग रखी। किसान दिवस का शुभारंभ जिला कृषि अधिकारी प्रकाश चंद्र विश्वकर्मा ने किया। उन्होंने पिछले किसान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण के संबंध में किसानों को अवगत कराया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोग बीमारियों के प्रति रहें जागरूक : सीएमओ

गैंडास बुजुर्ग में लगाए गए विशेष मेडिकल कैंप का सीएमओ ने किया निरीक्षण

संवाददाता,बलरामपुर।

अमृत विचार। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने गैंडास बुजुर्ग के पिडिया बुजुर्ग व बांक भवानीपुर में बाढ़ प्रभावितों हेतु लगाए गए विशेष मेडिकल कैंप का निरीक्षण किया। कैंप में मरीजों को मेडिकल किट, ओआरएस पैकेट , क्लोरीन टैबलेट वितरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सभी बाढ़ प्रभावित ग्रामों में मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। सभी बाढ़ प्रभावित लोगों को मेडिसिन किट, ओआरएस पैकेट , क्लोरीन टैबलेट आदि का वितरण किया जा रहा है साथ ही मच्छर

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल कैंप का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ . मुकेश रस्तोगी।

रोधी दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। सीएमओ ने बताया की आज कुल 34 बाढ़ प्रभावित गांवों में विशेष मेडिकल कैंपों का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 4965 मेडिकल किट, 49650 क्लोरीन टैबलेट,24825ओआरएस पैकेट का वितरण किया गया। सीएमओ ने कहा कि बाढ़ के कारण होने वाले जलजनित, मच्छरजनित बीमारियों व अन्य संक्रामक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग कटिबद्ध प्रयत्नशील है। सीएमओ ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों में डेंगू एक जानलेवा बीमारी है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार , सिर दर्द, पीठ एवं जोड़ों में दर्द , आंख घूमने में दर्द , शरीर पर लाल चकत्ते मसूड़ों व नाक से खून आना है। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, एडीज मच्छर साफ पानी के बर्तनों , कूलर एवम् बेकार पड़ी वस्तुओं में पनपता है और ये दिन में काटता है। यदि आपको लक्षण दिखाई देता है तो तत्काल निकटतम राजकीय चिकित्सालय में खून का निःशुल्क जांच करवाएं,घबराएं नहीं, चिकित्सक से परामर्श लें। मच्छरों से बचाव हेतु पानी की टंकी और बर्तनों को ढक कर रखें,पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, मच्छरदानी के अंदर सोएं , खिड़की और दरवाजों पर जाली लगवाएं।मौके पर डॉ शोएब अहमद,जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, बीसीपीएम त्रिलोकी यादव, आदि मौजूद रहे।

बिजली कटौती से बेहाल हैं नगरवासी

संवाददाता,उतरौला, बलरामपुर।

अमृत विचार। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में उतरौला नगर के लोग अघोषित बिजली कटौती से बेहाल है। नगर क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर की स्थिति बस से बदतर है।

ओवरलोड होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर धू धू का जल रहे हैं ।विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपभोक्ताओं का फोन ही नहीं उठा रहे ।कटौती के बारे में दिया गया डीएम का फरमान भी बिजली विभाग

डीएम को बिजली कटौती संबंधित पत्र सौंपते नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता।

के अधिकारियों के लिए कोई मायने नहीं रखता। उतरौला नगर के पटेल नगर मोहल्ले में बीते तीन दिनों से ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही है ।घरों में रह रहे बच्चे ,बूढ़े और बीमार लोगों का सबसे बुरा हाल है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर तो विभागीय अधिकारी फोन ही नहीं रिसीव करते। फोन रिसीव करते भी है तो अभद्रता से बात करते हैं।

अध्यक्ष ने डीएम को भेजा पत्र

उतरौला नगर क्षेत्र में हो रही भारी बिजली कटौती को लेकर स्थानीय नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सविता गुप्ता ने डीएम को पत्र भेजा है। पत्र में मांग की गई है कि उतरौला नगर में हो रही भारी बिजली कटौती रोकी जाए। रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आदेश दिए जाएं।

उप चुनाव : पहले दिन सात उम्मीदवारों ने खरीदा पर्चा

संवाददाता,बलरामपुर।

अमृत विचार। पंचायत उप चुनाव में अपनी किस्मत अजमाने के लिए पहले दिन गुरुवार को सात उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा है। चार प्रधान सहित 55 सीटों पर उप चुनाव कराया जा रहा है।

वहीं,पर्चा भरने का अंतिम मौका 22 जुलाई तक है। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम पवन अग्रवाल ने पांच प्रधान,नौ बीडीसी व 42 ग्राम पंचायत सदस्य सीटों पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से उप चुनाव कराने का निर्देश दिये है। ग्राम पंचायत घुघुलपुर में प्रधान पद के लिए चार, ग्राम पंचायत सिंगाही में दो और ग्राम पंचायत करमहना में एक दावेदार ने पर्चा खरीदा है। उतरौला में भी एक नामांकन पत्र खरीदा गया। बीडीसी व ग्राम पंचायत सदस्य के लिए पहले दिन किसी ने पर्चा नहीं खरीदा है।

मारपीट करने वाले 58 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,पयागपुर,बहराइच।

अमृत विचार। ग्राम पंचायत सचौली में ताजिया जुलूस निकालने के दौरान माइक से अनाउंस कर भीड़ ने बहुसंख्यक समाज के लोगों पर हमला कर दिया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर 58 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सचौली में बुधवार को मोहर्रम जुलूस निकलने के दौरान प्रेमचंद के खेत मे गड़े खूंटे को उखाड़ने को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुये खूनी संघर्ष में आठ लोग घायल हो गए थे। जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा है। घायल प्रेमचंद की पत्नी पूनम देवी की तहरीर पर पुलिस ने 38 नामजद सहित 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। गुरुवार को सचौली निवासी घायल प्रेमचंद की पत्नी पूनम ने 38 हमलावरों को नामजद तथा 20 अज्ञात के विरुद तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत किये जाने की मांग की।

गर्भवती की पिटाई में तीन पर केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार। बच्चों के विवाद के चलते दंबगों ने गर्भवती महिला को लाठी डंडो से पीट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ। दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के सासपारा निवासी राजिया ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि बच्चों के विवाद के चलते गत 11 जुलाई को मोहल्ला निवासी तसकीन, कलीम और समीउल्ला ने कहासुनी के बाद उससे गाली गलौज की थी।

गोरखपुर के लिए नहीं है सीधी बस सेवा

संवादाता,बलरामपुर।

अमृत विचार। जिले से गोरखपुर जाने के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं है। यात्रियों को गोरखपुर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार ही करना पड़ता है।

ट्रेन छूट जाने के बाद यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। यहीं नहीं जनपद के कई विभागों में गोरखपुर क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारियों की तैनाती भी है, उनको भी आवागमन में परेशानी होती है। इमरजेंसी में लोग वाहन बुक कराकर ही सफर पूरा करते हैं। जिला मुख्यालय से पड़ोसी जनपद सिद्धार्थनगर, इटवा होते हुए गोरखपुर तक बस संचालन की मांग दशकों से की जा रही है। परिवहन निगम के अधिकारी सर्वे कराकर कोरम पूरा कर लेते हैं। इस मांग को नजरअंदाज कर देते हैं।गोरखपुर क्षेत्र के तमाम अधिकारी व कर्मचारी जिले के कई विभागों में तैनात हैं। वहीं सिद्धार्थ विवि व गोरखपुर में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी अधिक हैं। ऐसे में इन लोगों को गोरखपुर जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर के तुलसीपार्क निवासी अनुपम सिंह ने बताया कि वह गोरखपुर में काम करते हैं। छुट्टी पर जब घर आते हैं तो गोरखपुर जाने के लिए परेशान होना पड़ता है। शिवकुमार, लवकुश, कल्लू,मेराज शाह व रामतेज यादव ने बताया कि उन लोगों की गोरखपुर व उसके आसपास रिश्तेदारी है। गोरखपुर रिश्तेदार के घर आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। ट्रेन छूट जाने पर वाहन बुक कराने की मजबूरी हो जाती है।

भेजा जाएगा प्रस्ताव

बलरामपुर डिपो की वरिष्ठ केंद्र प्रभारी तरन्नुम ने बताया कि बलरामपुर से गोरखपुर मार्ग पर बस संचालन के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा। अनुमति मिलने के बाद परमिट कराकर रोडवेज बसों का संचालन शुरू होगा।

राहत किट स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांवों में लगाये हेल्थ कैम्प, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल कर रहे निगरानी

49 गावों में 13 हजार से अधिक परिवारों को बांटी गयी राशन किट

संवाददाता, बलरामपुर।

अमृत विचार। विगत दिनों नेपाल राष्ट्र से पानी छोड़े जाने के कारण आई बाढ़ से प्रभावित हुए जिले के 101 ग्रामों में जिला प्रशासन द्वारा लगातार राहत वितरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को 49 गावों में 13 हजार से अधिक परिवारों को सदर विधायक द्वारा राशन किट बांटी गयी।

जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ित करीब 13 हजार परिवारों को अब तक राशन किट का वितरण किया जा चुका है। जिसमें तहसील सदर के 6562, तहसील तुलसीपुर के 2992, तथा उतरौला के 3650 परिवार शामिल हैं। राशन किट का वितरण सदर विधायक पल्टू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला तथा उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के साथ-साथ जिला अधिकारी व अधिकारी कर्मचारी कर रहे हैं। इसी प्रकार बाढ़ से प्रभावित 32 हजार से अधिक लोगों को पका-पकाया भोजन भी मुहैया कराया गया है।

प्रभावितों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 32 मेडिकल टीमें गठित हैं। टीमों द्वारा लगातार बाढ़ प्रभावित ग्रामों में हेल्थ कैम्प लगाये जा

बाढ़ प्रभावित गांवों में राशन किट का वितरण करते सदर विधायक। अमृत विचार

रहें। मेडिकल टीम द्वारा अब तक 13777 व्यक्तियों का उपचार, 126911 क्लोरीन टैबलेट, 62790 ओएआरएस घोल के पैकेट, 1010 महिलाओं को डिग्निटी किट तथा 1023 व्यक्तियों को क्लोरीक्वीन टैबलेट का वितरण किया गया है। जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामों में सफाई अभियान चल रहा है। इसी प्रकार पशुपालन विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित 1309 पशुओं का उपचार, तथा 34290 पशुओं का टीकाकरण किया गया है तथा 61 कुन्तल भूसे का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही बाढ़ के दौरान मृतक हुए 4 व्यक्तियों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। बाढ़ की आकस्मिकता से निपटने के लिए जिले में 1-1 टीम एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व फ्लड पीएसी 8 मोटर बोट्स के साथ तैनात है। इसके लिए अलावा जिला प्रशासन द्वारा 175 नावों का प्रबंधन किया गया है कि जिसमें 95 बड़ी नावें, 15 मोटरबोट्स एवं ग्राम पंचायत निधि से बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील 80 ग्रामों में भी नावें उपलब्ध करायी गई हैं। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा तहसील सदर के 18 गावों, तहसील तुलसीपुर के 12 गावों एवं तहसील उतरौला के 19 गावों मस्जिदिया, मटियरिया करमा, कटरा, मलमलिया, नन्दौरी, तिलखी बढ़या, तथा फत्तेपुर सहित 49 ग्रामों में बाढ़ प्रभावितों को राशन किट का वितरण किया गया है। बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई मकान एवं झोपड़ियों के 8 प्रभावितों को सहायता राशि उनके खातों में भेज दी गई है। जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति के सर्वे का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। प्रभावित कृषकों को शीघ्र ही फसल क्षति का मुआवजा दे दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

लोकतंत्र में मतदाता ही सर्व शक्तिमान : शैलू

मतदाता अभिनंदन समारोह में मौजूद पूर्व विधायक। अमृत विचार

पचपेडवा बलरामपुर अमृत विचार। भाजपा का विधान सभावार मतदाता अभिनंदन समारोह के अंतर्गत विधानसभा गैंसडी में शैलेश कुमार सिंह शैलू द्वारा अभिनंदन किया गया। पचपेडवा के मंशा मैरिज हाल में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता ही सर्व शक्तिमान होता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वो मतदाताओं को उचित सम्मान दें। पार्टी अपने संकल्प पत्र और मोदी व योगी सरकार की चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के आधार पर जनता के बीच जाकर चुनाव लड़ी। वहीं इंडिया गठबंधन ने आरक्षण को खत्म करने का दुष्प्रचार करके झूठ का सहारा लेकर झूठे वायदे करके जनता से वोट मांगा। तब भी वे सरकार न बना पाये। सपा सरकार में प्रदेश में गुंडाराज, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था लेकिन आज प्रदेश में योगी सरकार ने गुंडों, माफियाओं व बलात्कारियों पर बुल्डोजर चलाकर कानून का राज स्थापित किया है। डबल इंजन सरकार से प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की ओर है। इस अवसर पर विनय प्रकाश त्रिपाठी प्रदेश परिषद सदस्य,ब्लाक प्रमुख गैसड़ी जगदम्बा सिंह शक्ति,अमित जायसवाल अप्पू,मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता पचपेडवा, सुधीर सिंह पिपरा, जगदम्बा ठाकुर गैंसडी,हरीश मिश्रा बालापुर, प्रेम वर्मा गनेशपुर, पूर्व ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा भोला जायसवाल,आंनद कुमार सिंह अन्नू, पचपेड़वा नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा विनोद सैनी मदन लाल जायसवाल, लड्डू लाल गोविंद प्रसाद पांडेय, चंद्र शेखर शर्मा,गुड्डू चौधरी,छोटकऊ यादव ,विजय गुप्ता, समेत सैकड़ों विधानसभा गैसडी.के संमानित मतदाता उपस्थित रहे।

एक लाख 40 हजार श्रमिकों के बनेंगे राशन कार्ड

बलरामपुर अमृत विचार। जिले में अब ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड भी बनाए जाएंगे। पूर्ति विभाग करीब एक लाख 40 हजार श्रमिकों का सर्वे करके राशन कार्ड से वंचित श्रमिकों को चिन्हित करेगा। जिले के तीनों तहसीलों में पूर्ति निरीक्षकों को सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे श्रमिक जिनका राशन कार्ड नहीं है तथा वे ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं। उन श्रमिकों का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत नया राशन कार्ड बनाने का निर्णय लिया गया है। राशन कार्ड बनाने के लिए श्रमिकों को ई-श्रम पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा आधार कार्ड लगाना अनिवार्य होगा। जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि सदर तहसील में 42 हजार, तुलसीपुर तहसील में 40 हजार तथा उतरौला में 60 हजार श्रमिकों का सर्वे होना है। इसके लिए तीन पूर्ति निरीक्षकों की टीम बनाई गई है। सदर तहसील में पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय, तुलसीपुर में पूर्ति निरीक्षक रामवृक्ष यादव व उतरौला में पूर्ति निरीक्षक वीरेंद्र कुमार सर्वे कार्य में लगाए गए हैं।

स्कूली बच्चों ने प्रोजेक्टर से पहचानी पशु-पक्षियों की आवाज

पायनियर पब्लिक स्कूल में पशु पक्षियों की आवाज की पहचान करते बच्चे।

संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार। गुरुवार को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ एमपी तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के निर्देशन में कक्षा अध्यापिका पूनम चौहान एवं नीलम श्रीवास्तव ने कक्षा-नर्सरी एवं एलकेजी के छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से जानवरों तथा पंक्षियों के आवाजों की पहचान करवायी गयी। इस अवसर पर कक्षा अध्यापिका पूनम चौहान नें कक्षा-नर्सरी के छात्र-छात्राओं को शेर की दहाड़, भालू की आवाज, एलीगेटर की आवाज, बिल्ली की म्यायू की आवाज, कुत्ते की भौं-भौं आवाज, गाय की मो आवाज, बकरी की में-में की आवाज आदि की पहचान प्रोजेक्टर के माध्यम से तथा स्वंय कक्षा अध्यापिका ने आवाज निकालकर बच्चों से उसको पहचानने के लिए उत्साहित किया। जिसमें मोहम्मद हुसैन, आगमन, अर्थव, तान्या, कार्तिक, सर्विका ने विभिन्न प्रकार के जानवरों की आवाजों को निकालकर अन्य बच्चों को जानवरों की आवाज निकालने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में कक्षा-एलकेजी की कक्षा अध्यापिका नीलम श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के पक्षियों जैसे- कौवा के काँव-काँव की आवाज, कोयल के कूहू की आवाज, तोता टें-टें की आवाज, मोर की पिहू की आवाज, कबूतर की गुटर गूँ, मुर्गा की कुकडू की आवाज आदि की पहचान सर्वप्रथम प्रोजेक्टर के माध्यम से तत्पश्चात् कक्षा अध्यापिका ने स्वयं विभिन्न प्रकारी की पंक्षियो की आवाजों को निकालकर बच्चों को सिखाया एवं पहचान करायी। जिसमें उत्सव, आकर्षित, अफाफ, अशद, ईशान, अंश, वीर प्रताप ने विभिन्न प्रकार के पक्षियों की आवाजों को निकालकर अपने कक्षा के दोस्तों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं के हुनर को देखते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, कक्षा अध्यापिका पूनम चौहान एवं नीलम श्रीवास्तव उपस्थित रही।

छेड़खानी के दोषी को तीन वर्ष की सजा व पांच हजार जुर्माना

बलरामपुर, अमृत विचार। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट इफ्तेखार अहमद ने दलित महिला से छेड़छाड़ करने वाले को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने दोषी को पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। कोतवाली देहात के एक गांव निवासिनी दलित महिला ने दो जून 2016 को प्रार्थना पत्र दिया था। महिला ने आरोप लगाया था कि 31 मई 2016 की रात में गांव के ही ननकने उर्फ शिवशंकर व शिव प्रसाद ने जातिसूचक गाली देते हुए छेड़छाड़ किया व मारापीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। सीओ ने जांच के बाद दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

गैस सिलेंडर से लगी आग में,गृहस्थी का समान जला

मोतीपुर, बहराइच,अमृत विचार। मिहीपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 जरही के मोहल्ला जरही रोड निवासी प्रदीप कुमार वर्मा की पत्नी बुधवार की देर शाम रसोई घर में चाय बना रही थी। कि अचानक गैस धीमा करने के बाद पाइप में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा सिलेंडर जलने लगा। आग को बढ़ते देख घर में चाय बना रही महिला भागकर जान बचाई ।आस पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस अग्नि कांड में रसोई घर में रखा हजारों रूपए की कीमत के बर्तन, खाद्यान्न, कपड़े जलकर राख हो गए हैं। आग लगने की सूचना तहसील में दी गई है।

दहेज के लिए दिया तीन तलाक, पति समेत पूरे परिवार पर केस

बहराइच,अमृत विचार। कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी महिला ने प्रतापगढ़ निवासी युवक से शादी की थी। दहेज की मांग पूरी न होने पर पिटाई कर घर से भगाया। इसके बाद तलाक दे दिया। प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात चकफतेह अलीशाह प्रतापगढ़ सिटी निवासी शबनम राईनी हाल पता कोतवाली नगर ने एसपी को शिकायती पत्र दिया था। बताया था कि उसकी शादी फरवरी 2023 में प्रतापगढ़ निवासी मोहम्मद अफजल से हुई थी। शादी के बाद से ही पति, ससुर अब्दुल गनी, सास शहनवाज, जेठ मुनव्वर और नन्द सलमा अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। उसे भूखा प्यासा रखते हुए अतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। वहीं,एसपी के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने पांच ससुरालियों पर दहेज एक्ट, मुस्लिम विवाह अधिनियम, मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने 19 लोगों पर दर्ज किया गंभीर धाराओं में केस

बहराइच, अमृत विचार। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में 11 जुलाई को एक दलित परिवार ने विवाह कार्यक्रम बौद्ध धर्म से कराया। इसकी जानकारी होने पर जाति विशेष के लोगों ने मारपीट की। पुलिस 19 लोगों के विरुद्ध डकैती समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को एसपी और डीएम से मिलकर सभी ने कैसरगंज सीओ के स्थान पर दूसरे अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है ।हुजूरपुर थाना क्षेत्र के राजापुर खुर्द गांव निवासी उर्मिला पत्नी बुधराम की दो बेटियों की शादी 11 जुलाई को थी। दलित समुदाय के लोगों ने सनातन धर्म के बजाए बौद्ध धर्म से शादी का कार्यक्रम किया। इसकी जानकारी होने पर रात में ही गांव के जाति विशेष के लोगों ने मारपीट की। मारपीट में रिश्तेदार समेत एक दर्जन लोग घायल हुए थे।

एक नजर

चार एआरटीओ का तबादला निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन विभाग में बीते 30 जून को होने वाले तबादलों में चार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों के स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर द्वारा गुरुवार को जारी निरस्ती आदेश में वाराणसी में एआटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को पुन: प्रयागराज में एआरटीओ प्रवर्तन के पद पर भेज दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज के एआरटीओ बनी अलका शुक्ला को वापस सुल्तानपुर में एआरटीओ प्रशासन, सुल्तानपुर के एआरटीओ प्रशासन नंद कुमार को बुलंदशहर में एआरटीओ और बुलंदशहर में एआरटीओ राजीव कुमार बंसल को पुन: एआरटीओ प्रशासन इटावा के पद पर भेज दिया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी दंत सर्जन की होगी तैनाती

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दांतों के इलाज के लिए शहर या बड़े संस्थान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्हें समीप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर दांत संबन्धी संपूर्ण इलाज मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रदेश की 63 सीएचसी पर दंत सर्जन के पद स्वीकृत कर दिए हैं, दंत चिकित्सक की नियुक्ति होने के साथ मरीजों को इलाज मिलने लगेगा। मालूम हो कि ग्रामीण क्षेत्रों स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के लिए स्थापित 63 नए सीएचसी में दंत चिकित्सक का पद स्वीकृत न होने की वजह से मरीजों को दांत संबन्धी इलाज नहीं मिल रहा है। मानकनुसार, ग्रेड वेतन 5400 रूपए के आधार पर प्रति सीएचसी एक दंत सर्जन की नियुक्ति के लिए आदेश दिए गए हैं।

अभियुक्त बीमार है तो थाने न लाएं: डीजीपी

अमृत विचार, लखनऊ : डीजीपी प्रशांत कुमार ने विभागीय कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति अथवा अभियुक्त को थाने पर पूछताछ के लिए लाने से पूर्व इस बात की पुष्टि कर ली जाए कि क्या वह पूर्व से किसी गम्भीर रोग से ग्रस्त तो नहीं है। गम्भीर रोग से ग्रस्त व्यक्ति अथवा गिरफ्तार अभियुक्त को थाने पर कदापि न लाया जाए। यदि किन्ही कारणोंवश थाने पर लाया गया व्यक्ति आकस्मिक रूप से बीमार हो जाता है, तो समीप के चिकित्सालय में तत्काल उपचार कराया जाए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी के जानकारी के बिना थाने अथवा पुलिस चौकी में किसी व्यक्ति को न तो लाया जाए और ना ही बैठाया जाए।

नहीं जुड़ा आधार, रुक गई तीन लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिछले वित्तीय वर्ष तक बैंक खाते में सीधे जाती थी पेंशन
- नए वित्तीय वर्ष से बदल गई है व्यवस्था

अमृत विचार: सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इनको निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक लाख रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी।

नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई। जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरुक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड खाते से लिंक होने के बाद पेंशन राशि दी जाएगी।

पुराने पेंशनरों को अब स्वयं करना होगा आधार लिंक

अमृत विचार : पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी साइबर कैफे जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है। ओटीपी आने के बाद आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। लाभार्थी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर भी आधार प्रमाणीकरण करा सकते हैं। वहीं दूरस्थ क्षेत्रों में वृद्धजन के लिए जनसेवा केंद्र से आधार लिंक की प्रक्रिया कराना आसान है। आधार लिंक करवाने के लिए विभागीय वेबसाइट पर नोटिफिकेशन भी आ रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आधार लिंक न करने वालों की पेंशन अटक जाएगी। आधार लिंक करने के लिए लाभार्थियों को जागरुक किया जा रहा है।

अक्टूबर में होंगी नर्सिंग और पैरामेडिकल की मुख्य परीक्षाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सितंबर दूसरे सप्ताह के बाद जारी होंगे प्रवेश पत्र, अक्टूबर के तृतीय सप्ताह में परीक्षाएं

अमृत विचार: नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यों को प्रेषित की है।

उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

बहुरेंगे बंद सिनेमाघरों के दिन सरकार देगी प्रोत्साहन : योगी

मुख्यमंत्री ने पुनर्संचालन के लिए योजना तैयार करने का दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- न्यूनतम सीटों की शर्त में होगा बदलाव
- 39 जिलों में नहीं हैं मल्टीप्लेक्स 10 में एक भी सिनेमाघर नहीं

अमृत विचार: प्रदेश में बंद चल रहे सिनेमाघरों के दिन बहुरेंगे। राज्य सरकार इन सिनेमाघरों को प्रोत्साहन देगी। न्यूनतम सीटों की शर्त में बदलाव किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन के लिए तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन, मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में मल्टीप्लेक्स निर्माण व एकल छविगृह निर्माण के लिए अनुदान योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मनोरंजन के प्रमुख साधनों में सिनेमा की बड़ी भूमिका है। नए दौर में बदलती तकनीक के साथ प्रदेश में एकल स्क्रीन वाले पुराने सिनेमाघर या तो बंद हो गए हैं या उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे सिनेमाघरों के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन योजना लाई जानी चाहिए। इससे लोगों को मनोरंजन के साधन की सहज उपलब्धता तो होगी ही, निवेश और रोजगार सृजन की दृष्टि से भी यह उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि योजना ऐसी हो जिससे बंद या संचालित सिनेमाघरों के स्थान पर व्यवसायिक काम्पलेक्स व कम क्षमता के सिनेमाघरों का निर्माण, बंद सिनेमाघरों को यथास्थिति में पुनः संचालित करने, व्यवसायिक गतिविधि या गैर व्यावसायिक गतिविधि वाले एकल स्क्रीन सिनेमाघर का निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन मिले। उनके लिए अनुकूल अवसर तैयार हो सके। सिनेमाघरों के लिए निर्धारित न्यूनतम सीटों की संख्या की शर्त में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए रियायत दी जानी चाहिए।

मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों के लिए निवेशकों को करें प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में मल्टीप्लेक्स सिनेमाहॉल की संस्कृति तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में प्रदेश के 39 जिलों में मल्टीप्लेक्स नहीं हैं, जबकि 10 जिले ऐसे भी हैं जहां कोई एकल स्क्रीन या मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर नहीं है। नई योजना में ऐसे प्रावधान रखें कि मल्टीप्लेक्स निर्माण के लिए भी निवेशक प्रोत्साहित हों। निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रमों की तरह सरकार द्वारा इन्हें भी अनुदान दिया जाना चाहिए। जिन जिलों में पहले से मल्टीप्लेक्स संचालित हैं, यदि वहां नए मल्टीप्लेक्स के इच्छुक निवेशक आते हैं तो उनके लिए भी अनुदान का प्रावधान रखा जास। मुख्यमंत्री ने राज्य कर विभाग को सम्बंधित सेक्टर के निवेशकों व अन्य स्टेक होल्डरों से संवाद करते हुए यथाशीघ्र प्रोत्साहन योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर का होगा सौन्दर्यीकरण

अमृत विचार, लखनऊ: लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा, आकर्षक बनाने के लिए लाइट एण्ड साउण्ड शो की व्यवस्था की जायेगी। मंदिर व परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है। अति प्राचीन गोला गोकर्णनाथ मंदिर में सालभर श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते रहते हैं। इस प्राचीन शिव मंदिर को छोटा काशी भी कहा जाता है। इस दृष्टिकोण से बुनियादी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में लाइट एण्ड शो के माध्यम से श्रद्धालुओं को यहां की पौराणिक मान्यताओं, परम्पराओं तथा मंदिर की महत्ता के बारे में जानकारी दी जाएगी। सावन के महीने और अन्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का सतत विकास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि यहां आने वाले पर्यटक सुखद स्मृति लेकर लौटें।

आठ जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश के आठ जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को आठ सीएमओ समेत 15 चिकित्साधिकारियों की नई तैनाती के दो आदेश जारी किये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मेरठ के सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन को गाजियाबाद का नया सीएमओ बनाया गया है। वहीं मेरठ जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.अशोक कुमार को वहां का सीएमओ बनाया गया है। इसके अलावा बस्ती के सीएमओ डॉ.अच्युत नारायण को प्रतापगढ़, देवरिया के अपर मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को कौशाम्बी का सीएमओ नियुक्त किया गया है। प्रयागराज में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.तीरथ लाल को बागपत का सीएमओ, बलिया के एसीएमओ डॉ.अशोक कुमार को आजमगढ़ में सीएमओ, सहारनपुर जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.प्रवीन कुमार को उसी जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या में एसीएमओ डॉ.दिलीप सिंह को महाराजगंज का सीएमओ नियुक्त किया गया है। दूसरी सूची में गाजियाबाद के सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर को मुरादाबाद मंडलीय चिकित्सालय में बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। इसके अलावा प्रतापगढ़ के निवर्तमान सीएमओ डॉ.गिरेन्द्र मोहन शुक्ल को बस्ती के जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी के सीएमओ डॉ.सुष्पेन्द्र कुमार को गाजियाबाद जिला चिकित्सालय, बागपत के सीएमओ डॉ.महावीर सिंह को आगरा, आजमगढ़ के सीएमओ डॉ.इंद्र नारायण तिवारी को भदोही जिला अस्पताल, महाराजगंज की सीएमओ डॉ.नीना वर्मा को लखनऊ के परिवार कल्याण महानिदेशालय में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।

एटीएस ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ: प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ने एटीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। ग्रुप पर कम कीमत में अधिक मुनाफा देने की स्कीम के तहत मकान बेचने में धांधली करने की शिकायत मिली थी। अधिकारियों के मुताबिक पूरा घोटाला 3400 करोड़ रुपए का सामने आ रहा है। कंपनी ने निवेशकों को मनचाहे रिटर्न वापस करने का झांसा दिया।

ईडी अधिकारियों के मुताबिक एटीएस ग्रुप की ओर से बैंक के जरिए अच्छा रिटर्न वापस करने का वादा ग्राहकों और निवेशकों से किया गया था। ग्रुप ने रियल स्टेट मार्केट के जरिए निवेशकों से इन्वेस्टमेंट कराया। निवेश की स्कीम के तहत यह शर्त रखी गई कि 36 महीने के अंदर उनके अपार्टमेंट को प्रीमियम रेट पर कंपनी के द्वारा खुद खरीद लिया जाएगा। अगर वे अपार्टमेंट को बेचना चाहते हैं। इसके लिए सैकड़ों निवेशकों को पोस्ट डेटेड चेक भी कंपनी के द्वारा जारी किए गए, जो कि बाद में बाउंस हो गए। ग्रुप के खिलाफ अब तक ईओडब्ल्यू दिल्ली ने 04 और नोएडा पुलिस द्वारा 10 मामले दर्ज किए गए हैं।

एप से होगी नस्लवार पशु गणना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केंद्र सरकार ने तैयार किया 21वीं पशुधन जनगणना एप
- घर हो या बाहर सभी बड़े-छोटे पशुओं की होगी गणना

अमृत विचार : प्रदेश में सितंबर से दिसंबर तक बड़े-छोटे सभी पशुओं की गणना पहली बार नस्लवार की जाएगी। चिकित्सक नस्ल की पहचान एप से करेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार ने 21वीं पशुधन जनगणना एप बनाया है। जिस पर पशु की फोटो खींचकर अपलोड करते ही गुण के आधार पर नस्ल का पता चलेगा। जो भी विदेशी- देशी पशुओं की नस्ल होगी वह विवरण समेत एप पर फीड की जाएगी। इस बार घर हो या बाहर कोई भी पालतू व निराश्रित पशु गणना से नहीं छूटेगा। उपनिदेशक पशुगणना डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि गणना से कौन सी नस्ल के पशु कम हो रहे या बढ़ रहे यह पता चलेगा। संख्या निर्धारित होने पर विभाग पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाएगा।

2019 में हुई थी ऑनलाइन गणना% पशु गणना हर पांच वर्ष में की जाती है। प्रदेश में 20वीं गणना 2019 में ऑनलाइन हुई थी लेकिन, नस्लवार नहीं थी। गणना के दौरान कई बाहरी नस्ल की पहचान मुश्किल रहती है। इस वजह से सही आकलन नहीं हो पाता है। जिसे देखते हुए यह एप बनाया गया है। इससे टीम के लिए नस्ल पहचानना आसान होगा। मौके पर फीडिंग के दौरान विवरण सीधे केंद्र के पोर्टल पर जाएगा। इसमें बदलाव नहीं कर पाएंगे न ही मनमानी चलेगी।

2019 में थे इतने पशु

- गोवंश - 190.20 लाख
- महिषवंश - 330.17 लाख
- भेड़ - 9.85 लाख
- बकरी - 144.80 लाख

नोडल प्रशिक्षित, जिलों पर देंगे प्रशिक्षण

प्रदेश में 21वीं पशु गणना के लिए 16 जुलाई को 75 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किए गए हैं। इसमें उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी व अन्य अधिकारी शामिल हैं। जो अपने जिलों पर चिकित्सकों को एप से गणना करने का प्रशिक्षण देंगे। जिलों पर जो टीम बनेगी उसमें नस्ल की पहचान करने वाले अनुभवी चिकित्सकों को शामिल किया जाएगा।

प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार महीने से तलाश रही थी एसटीएफ

अमृत विचार: एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने के मामले में तीन आरोपियों को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी परीक्षा केंद्रों में बायोमैट्रिक के माध्यम से साल्वरों का परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराते थे और अभ्यर्थियों की परीक्षा कराते थे। इन तीनों की शिनाख्त पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में हुई थी, तभी से एसटीएफ इन आरोपियों की तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज कुमार सिन्हा, अमरेंद्र भारती व धनंजय मौर्या शामिल हैं।

डीएसपी डीके शाही ने बताया कि पंकज कुमार सिन्हा एवं अन्य से पूछताछ में पता चला कि पंकज को इनोवेटिव कंपनी से संबंधित सुधीर विश्वाटेक द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक कराने के लिए मैनपावर का टेंडर मिला था। इनके साथियों ने तभी योजना बनाकर यह निश्चित किया था कि जिस भी अभ्यर्थी की जगह साल्वर को बैठायेंगे, उस केन्द्र पर अभ्यर्थी की ही ड्यूटी बायोमेट्रिक में लगा देंगे। जिससे जब साल्वर परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करेगा तब साल्वर की जगह अभ्यर्थी अपना फिंगर प्रिन्ट लगकार साल्वर को अंदर भेज देगा। इससे परीक्षा के अगले चरणों में फिंगर प्रिन्ट अभ्यर्थी के प्रमाणित हो सके। यह अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 17 फरवरी 2024 को परीक्षा केन्द्र इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, बख्शीपुर, गोरखपुर से मूल अभ्यर्थी के स्थान पर साल्वर अंजनी कुमार उर्फ मनीष सिंह (कुरवा चैनपुर, सिंधियाघाट स्टेशन, पूर्व मध्य रेलवे स्टेशन मास्टर) दुर्गेश यादव उर्फ अंकित के स्थान पर परीक्षा देने के लिए भेजा था।

एनएचएम में संविदा चिकित्सकों की वेतन विसंगति दूर हो : योगेश उपाध्याय

अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत एमबीबीएस चिकित्सकों में व्याप्त विसंगति दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उप्र. संगठन ने मांग उठायी है। प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री समेत एनएचएम निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है। महामंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, किसी भी विभाग में एक ही पद पर पुराने कार्मिकों का वेतन नवीन तैनात कार्मिकों के वेतन से कम नहीं हो सकता है।

वर्ग पहेली-135

बाएं से दाएं

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

ऊपर से नीचे

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।



वर्ग पहेली -134 का हल

1 जै	क	■	2 मु	■	3 क
■	■	4 सो	हा	सि	त
5 ग	ण	■	फ़ि	■	र
प	■	■	ज़	■	ना
6 क	लं	7 कि	त	■	■
ना	■	रा	■	8 ध	9 म
■	10 पि	या	र	■	य

सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4		7		2			3	6
2	3			9		1		
		8		3			5	
	4		1				8	
	5						2	
	7				6		4	
	8			6		3		
		3		1			9	7
9	2			5		4		8

सुडोकू -47 का हल

1	8	3	7	4	9	2	6	5
9	6	5	1	2	8	3	4	7
7	2	4	3	6	5	8	9	1
8	7	6	5	3	4	9	1	2
3	1	2	8	9	6	5	7	4
5	4	9	2	1	7	6	8	3
2	3	7	9	8	1	4	5	6
4	5	8	6	7	2	1	3	9
6	9	1	4	5	3	7	2	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19 .41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02 .55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

मिथुन — आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

कर्क — आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

सिंह — आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

कन्या — आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

तुला — आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

वृश्चिक — आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

धनु — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

मकर — आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

कुंभ — आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

मीन — आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — दोपहर : 12 .30
- परिवार — रात : 07 .00
- सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10 .47
- फराज — रात : 08 .00

SONY PIX
- घोस्त राइडर — सुबह : 11 .12
- अनचार्टेड — रात : 09 .00

&pictures

ZEE CINEMA
- मिली — सुबह : 09 .35
- ऑपरेशन जावा — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- कसक — सुबह : 09 .36
- कभी अलविदा ना कहना — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवश : कर्म सर्व : प्रकृतिजैर्गुणै : ॥

नि:संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

संपादकीय

रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन , न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़ें। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

प्रसंगवश

हुनर कौन सिखाएगा

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।

संजय वर्मा
इंदौर

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन-सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेट: गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण-आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता-महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

सोशल फोरम

कवि के घर चोरी का प्रायश्चित

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।

स्तालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

रावण का यह रूप भी

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

एक नजर

आज आयेंगे नोडल अधिकारी

बहराइच। प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना/विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन को पौधरोपण के लिए जनपद बहराइच में नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रमुख सचिव का 19 व 20 जुलाई जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री यादव शुक्रवार को सायं 07 बजे जनपद पहुंचकर जिला पौधरोपण समिति के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु तैयारी की समीक्षा कर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रमुख सचिव 20 जुलाई को अपरान्ह 06 बजे बहराइच से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

सीएचसी के सामने खड़ी बाइक चोरी

जरवलरोड, बहराइच। जरवल रोड थाना क्षेत्र के पर परसरामपुर गांव निवासी सुनील यादव पुत्र श्याम बिहारी यादव बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में मित्र को दिखाने के लिए गए थे। सुनील यादव ने अपनी बाइक संख्या यूपी 40 एपी 6191 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर खड़ी कर दी। मित्र को दिखाने के बाद जब वह बाहर आए तो बाइक गायब मिली। जिस पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

कल आयोजित होगा रोज़गार मेला

बहराइच। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय में 20 जुलाई को सुबह 11 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन होगा। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 02 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियां भाग लेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में पशुपति नाथ बायोटेक्नालजी प्रालि द्वारा एसआर के 40 पदों पर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रूपये 9,500 तथा ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुर्वैदिक प्रा.लि. द्वारा फील्ड आफिसर एवं ब्लाक आफिसर के 45 पदों पर 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रूपये 15,500 देय होगा। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

अनुपस्थित मिलने पर डीपीओ समेत पांच का वेतन रोका

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड रिसिया में जांची। डीएम ने मुख्यालय परिसर में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय, ब्लाक रिसिया का मनरेगा सेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, सीएचसी रिसिया व ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत व कन्वर्जन निधि से निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया।

राजकीय पशु चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान मौजूद पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ललित से ओपीडी में आने वाले पशुपालकों व उपचारित पशुओं की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि ओपीडी पंजिका को अद्यतन रखा जाअ। औषधि कक्ष के निरीक्षण के दौरान औषधि वितरण पंजिका प्रस्तुत न किये जाने पर डीएम ने नराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि पशु चिकित्सालय से सम्बन्धित समस्त पंजिकाओं को डे-बाई-डे अपडेट किया जाए। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ अनूप कुमार, मुख्य सेविका मंजू वर्मा, मोनिका झिगरन व मीनाक्षी गुप्ता अनुपस्थित पाये गये। मौके पर मौजूद कनिष्ठ सहायक सरोज कुमार ने बताया कि सभी कार्मिक क्षेत्र में हैं। डीएम द्वारा भ्रमण पंजिका मांगे जाने पर कनिष्ठ सहायक द्वारा भ्रमण पंजिका प्रस्तुत नहीं की जा सकी। कार्यालय में उपलब्ध कुर्सी की बुनाई टूटी होने, कार्यालय भवन व स्टोर में प्लास्टर टूटा-फूटा पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए डीपीओ सहित सभी अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये। कार्मिकों की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम द्वारा डीपीओ को निर्देशित किया गया है कोई भी कर्मचारी उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर बनाने तथा भ्रमण पंजिका में विवरण दर्ज करने के पश्चात ही कार्यालय छोड़ेंगे। सीएचसी रिसिया के पंजीकरण काउण्टर के निरीक्षण के दौरान वार्ड ब्वाय साकेत निगम द्वारा बताया गया कि अपरान्ह 01:19 बजे तक 235 मरीज़ों का पंजीकरण किया गया है। अधीक्षक डॉ. प्रत्यूष सिंह ने बताया कि प्रतिदिन औसत 350 मरीज़ चिकित्सालय आते हैं। लैब के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सीएचसी को मल्टिर्पपज जांच के लिए सेलेक्ट्रा-प्रो मशीन उपलब्ध हो गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि तत्काल मशीन को क्रियाशील कर मरीज़ों की जांच की जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि शासन द्वारा अनुमन्य सभी चिकित्सकीय सेवाएं एवं सुविधाएं आमजन को उपलब्ध करायें ताकि अधिक से अधिक लोग उपचार के लिए अस्पताल में आएं। सीएचसी के निरीक्षण के पूर्व डीएम ने ब्लाक रिसिया के मनरेगा सेल तथा परिसर में निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी विनोद यादव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

रिसिया में बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय का निरीक्षण करतीं डीएम।

मां के पास सो रहे बालक को उठा ले गया भेड़िया

सुबह गांव से कुछ दूरी पर मिला क्षत-विक्षत शव

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। हरदी थाना क्षेत्र में मां के साथ सो रहे दो वर्षीय बालक को रात में भेड़िया उठा ले गया। बच्चे के रोने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह उसका क्षत विक्षत शव कुछ दूरी पर मिला है। गांव में दहशत का माहौल है।

बहराइच वन प्रभाग सदर रेंज के हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर के मजरा मक्कापुरवा निवासी अख्तर रजा (02) बुधवार की रात मां के साथ घर के बाहर सो रहा था। देर रात पहुंचा भेड़िया बच्चे को दबोच ले गया। बच्चे के रोने की आवाज सुन पिता अली अहमद ने अन्य परिजनों के साथ उसका पीछा किया, लेकिन भेड़िया अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गया। परिजन ग्रामीणों के साथ रात भर उसकी तलाश करते रहे। सुबह उसका शव गांव से कुछ दूरी पर पड़ा मिला। शव देख परिजनों में हड़कंप मच गया। वहीं, गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी मोहम्मद शाकिब, वन दरोगा अमित कुमार वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उन्होंने ग्रामीणों को सजग रहने को कहा। साथ ही पीड़ित परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 5000 की सहायता राशि दी। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जल्द भेड़िए को पकड़ा जाएगा। साथ ही परिजनों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

भेड़िया के हमले में बालक की मौत के बाद जांच करते वन क्षेत्राधिकारी।

परिवार को दी जाएगी सहायता राशि

सिकंदरपुर मक्कापुरवा गांव में भेड़िया ने हमला कर बालक को निवाला बनाया है। किसी भी वन्यजीव के हमले में मौत पर आर्थिक सहायता राशि बराबर है। मृतक आश्रित के परिवार को पांच लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

-अजीत सिंह, डीएफओ, बहराइच वन प्रभाग

समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन भानु बहराइच इकाई के पदाधिकारी एवं किसान कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत जिला मुख्यालय स्थित धरनास्थल में गुरुवार को हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पती राम चौधरी ने की। बैठक में पेयजल व अघोषित विद्युत कटौती, तालाबों में पानी की समस्या तथा छुट्टा पशुओं के साथ ही क्षेत्र में तथा जिले विभिन्न समस्याओं के विरुद्ध कार्रवाई का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया।

भारतीय किसान यूनियन भानु इकाई के किसान कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत में किसानों व आमजन के विभिन्न समस्याओं को लेकर विशेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पती राम चौधरी ने बताया कि प्रत्येक महीने मे किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर मासिक पंचायत जिला मुख्यालय पर किया जाता है। प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा जारी निर्देश के तहत जिले के अधिकारियों की अनदेखी के चलते हम सड़कों व किसानों के खेतों में घूम रहे हैं, उन्हें गौशालाओं में संरक्षित नहीं किया जाता है। इन्हीं समस्याओं को लेकर ज्ञापन पत्र तहसीलदार सदर अनिरुद्ध कुमार को सौंपा गया। किसान पंचायत के मौके जिलाध्यक्ष महिला लीला सिंह, मोहम्मद सईद खान आफ़ ताब आलम, राम रुप सिंह, कासिम खां, प्रेम सागर, राम सागर, सरोज कुमारी, तहसील अध्यक्ष विजय कुमार रावत, शिव राम यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

महिला ने दूसरे के नाम पर बनवायी फर्म

संवाददाता, बहराइच

कार्रवाई

- 3.76 करोड़ का फर्म के नाम से सामान मंगवा की धोखाधड़ी, केस दर्ज

अमृत विचार। कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी एक युवक के नाम पर महिला ने फर्म बनवाया। इसके बाद उसे विश्वास में लेते 3.76 करोड़ रूपये का सामान मंगवा लिया। पैसा भी जमा नहीं किया। परेशान व्यक्ति ने एसपी को पत्र देकर केस दर्ज करवाया है।

महिला ठग ने एक व्यक्ति को विश्वास में लेकर उसके नाम फर्म बनवा ली। इसके बाद धोखाधड़ी करते हुए करोड़ों का सामान मंगवा लिया। बिना भुगतान किए सामान लेकर रुपये देने से मना कर दिया। पीडित्र को अपने ठगे जाने का पता चला तो उसने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश् पर पुलिस ने महिला पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के टेडवा बसंतपुर निवासी राजेंद्र सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। बताया कि टेडवा बसंतपुर निवासी एक डाक्टर की पत्नी श्वेता सिंह फ्राड महिला है। महिला ठग ने उसे बिजनेस का झांसा दिया। उसके झांसे में आकर उसने अपनी फर्म बनवाई और उसके कर्ज से महिला ने सामान मंगवा लिया। महिला ने एक फर्जी किरायानामा टाइप करा लिया जो कि तीन अगस्त 2022 को नोटरी अनूप साहू द्वारा नहीं किया है और न ही उनके रजिस्टर में दर्ज है। इस तरह से उक्त महिला ने उसके साथ छलकपट करते हुए तीन करोड़ 76 लाख का माल मंगवा लिया और एक भी रुपया नहीं दिया। ठग ने उसकी फर्म का उपयोग कर भुगतान नहीं किया। एसपी के आदेश पर कोतवाली देहात पुलिस ने महिला ठग पर धोखाधड़ी, व्यक्तित्व द्वारा धोखा, आपराधिक विश्वासघात की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की।

कपड़े में लपेटकर नवजात को तटबंध के निकट फेंका

बहराइच, अमृत विचार। जिले के बेलहा बहरौली तटबंध के पास गुरुवार को सुबह एक नवजात के शव को कौवे नोंच रहे थे। तभी ग्रामीणों की नजर पड़ी तो सभी ने देखा कि एक नवजात बालक का शव पॉलिथिन में है। गांव के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। हरदी थाना क्षेत्र के बेलहा बहरौली तटबंध पर पूरे हिंदूसिंह पुरवा गांव के पास से लोग निकल रहे थे। तभी कुछ कौवे नवजात बच्चे को नोंचते दिखे। इस पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हुई तो पॉलीथिन में देखा। उसमें नवजात बालक का शव दिखा। इस पर सभी ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष एसके वर्मा ने मौके पर चौकी इंचार्ज सुनील कुमार को भेजा। पुलिस ने देखा कि नवजात बालक का शव कौवे नोच रहे थे। पुलिस ने आसपास पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नवजात बालक है। उसकी उम्र सात से आठ माह के आसपास है। बच्चा किसका है, इसकी जानकारी की जा रही है।

प्रशिक्षित किये गये आरओ व एआरओ

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जनपद में त्रि-स्तरीय पंचायत के रिक्त पदों पर होने वाले उप निर्वाचन को निष्पक्ष कराए जाने के उद्देश्य से कलक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग आफिसर्स को निर्देश दिया कि निर्वाचन की सार्वजनिक सूचना का ग्राम प्रचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप निर्वाचन के लिए निर्गत समयसारिणी की जानकारी देते हुए बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 22 जुलाई को चार बजे तक होगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का 23 जुलाई और उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि 24 जुलाई है। उसी दिन अपरान्त 03 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन किया जायेगा। उप निर्वाचन के मतदान की तिथि 06 अगस्त को शाम पांच बजे तक होगी। जबकि मतगणना का कार्य 08 अगस्त को पूर्वान्ह 08 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सदस्य ग्राम पंचायत के 21, सदस्य क्षेत्र पंचायत व प्रधान ग्राम पंचायत के 05-05 रिक्त पदों कुल 31 पदों पर उप निर्वाचन होना है। सदस्य ग्राम पंचायत पद के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रुपये 150, ज़मानत की धनराशि रूपये 500 व अधिकतम व्यय सीमा रूपये 10,000 तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत व प्रधान ग्राम पंचायत पद के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रूपये 300, ज़मानत की धनराशि रूपये 2,000 व अधिकतम व्यय सीमा रूपये 75,000 निर्धारित है। नामांकन पत्रों की बिक्री पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही जानी है। प्रशिक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को नामांकन पत्रों की बिक्री, नामांकन प्राप्त करना, नाम निर्देशन पत्रों की जांच तथा उम्मीदवारी वापस लेने की जानकारी दी।

कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण देते सीआरओ। अमृत विचार

पौधरोपण अभियान में भाग लेने आयेंगे राज्य मंत्री

बहराइच, अमृत विचार। राज्य मंत्री, कारागार सुरेश राही का 20 जुलाई को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री राही 20 जुलाई को पूर्वान्ह 11:30 बजे लोक निर्माण विभाग, बहराइच के निरीक्षण भवन पहुंचकर मध्यान्ह 12 बजे पौधरोपण जन अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड तेजवापुर की ग्राम सभा कटहा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर जनपद सीतापुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

लापरवाही 6 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है राष्ट्रीय राजमार्ग का पुल

डेढ़ साल में दूसरी बार धंसा पुल का एक हिस्सा

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार। नानपारा लखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रायबोझा में 2 वर्ष पूर्व भाई बाढ़ में पुल बह गया था। जिसका निर्माण डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते दो बार पुल खराब हुआ है। जिसके चलते आवागमन वन साइड कर दिया गया है।

बरेली बस्ती राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के रायबोझा में सरयू नदी पर पुल स्थित है। यह पल दो वर्ष पूर्व आई बाढ़ में बह गया था। जिस पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता की रिपोर्ट पर शासन ने 6 करोड रुपए बजट मंजूर किया था। लखीमपुर खीरी के अधिशासी अभियंता की ओर से पुल का निर्माण कराया गया था। लेकिन कल निर्माण में ठेकेदार ने किस तरह सामानों का प्रयोग किया कि डेढ़ वर्ष में ही दो बार पुल खराब हुआ है, जिसके चलते आवागमन रोक गया है। बृहस्पतिवार को दोबारा कल 20 से धड़क गया, जिससे खतरा उत्पन्न होने लगा। इसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने पुल के आवागमन को वन साइड कर दिया है। अब वन साइड से लोग आवा गमन कर रहे हैं। लेकिन पुल निर्माण में प्रयोग हुए सामग्री को लेकर सवाल उठ रहा है। मालूम हो कि एनएच के अधिशासी अभियंता की रिपोर्ट पर पुल निर्माण के लिए सड़क मंत्रालय की ओर से दो करोड़ रूपये बजट और बढ़ाकर छह करोड़ किया गया था। इस मामले में एनएच के अधिशासी अभियंता से बात करने के लिए फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जबकि एई का मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर राय बोझा में इस हाल में है पुल की सड़क। अमृत विचार

पुल निर्माण की कराएंगे जांच

मेरे आने से पहले पुल का निर्माण हुआ था। पुल निर्माण अगर सही नहीं हुआ है तो इसकी जांच कराई जाएगी। कहीं कोई कमी मिली तो संभद्घित के विरुद्ध कार्यवाई के लिए पत्र लिखा जायेगा।

-मोनिका रानी डीएम

श्रमिक साइकिल से नदी में गिरा, मौत

संवाददाता, हुजूरपुर, बहराइच

अमृत विचार। क्षेत्र के अनुभापुर गांव निवासी श्रमिक मजदूरी के लिए बुधवार को साइकिल से जा रहा था। अचानक गश खाकर श्रमिक सरयू नदी में गिर गया। पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। गुरुवार को शव बरामद होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हुजूरपुर थाना अंतर्गत ग्राम अनुभापुर निवासी देश राज (38) पुत्र हीरा लाल श्रमिक था। वह बुधवार को मजदूरी के लिए साइकिल से भग्गड़वा बाजार जा रहा था। सरयू नदी पर बने पुल से नीचे उतरते समय देशराज गश खाकर नदी में गिर गया। कुछ देर बाद राहगीरों ने साइकिल देखकर पहचान करते हुए परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना से अवगत कराया। क्षेत्र के गोताखोरों ने श्रमिक की तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह श्रमिक का शव नदी में मिला। थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मालूम हो कि मृतक की पत्नी शांति और पिता हैं। चार लड़की और एक बेटा भी है।

सार-संक्षेप

इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन से लागू होगा यातायात नियम

वाहन को हरी झंडी दिखाते एमएलसी। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। शासन की ओर से जिले को इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन मिला है। जिसे गुरुवार को एमएलसी पदमसेन चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्पीड गन, प्रदूषण जांच, एनीलाइजर मशीन सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन को एमएलसी पदम सेन चौधरी ने परिवहन कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर प्रवर्तन कार्य के लिए रवाना किया। एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश के परिवहन आयुक्त द्वारा जनपद को आवंटित किये गये इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन की मदद से यातायात नियमों का पालन कराने तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में सुविधा होगी। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, प्रधान सहायक अतीक उल्ला खान, कनिष्ठ सहायक अमित कुमार तिवारी व शिव शंकर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

ब्लॉक परिसर में प्रमुख ने किया पौधरोपण

बाबागंज में पौध रोपण करते ब्लॉक प्रमुख।

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार। ब्लॉक नवाबगंज कार्यालय परिसर बाबागंज में प्रमुख जेपी सिंह ने पौधरोपण किया। बृहस्पतिवार को हुए पौधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में नगर पंचायत रुपैइडीहा के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य शामिल रहे। विचारों पर कार्यक्रम में सहजन जामुन अमरूद आदि प्रकार के पौधेरोपित किए गए। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा वर्षों की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि वृक्ष लाखों रुपए की ऑक्सीजन हमें मुफ्त में प्रदान करते हैं, जिससे वातावरण स्वच्छ बना रहता है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड शोषण कर ऑक्सीजन देते हैं। इस प्रकार पेड़ हमारे लिए बहुत ही लाभदायक है। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में राजेश सिंह, बद्री सिंह, चौकीइंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा, छेदा खां, देवेन्द्र पाठक, दस्तगीर सहित अन्य शामिल हुए।

फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन की परीक्षा में विजय सफल

एमबीबीएस बने विजय वर्मा।

बहराइच, अमृत विचार। मल्हीपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा पोस्ट शिकारी चौड़ा निवासी विजय कुमार वर्मा पुत्र गुरबख्श वर्मा ने 2024 की परीक्षा फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जामिनेशन की परीक्षा में 166 नंबर पाकर उत्तीर्ण हुए हैं। डॉक्टर बन करके पूरे इलाका एक खुशी का माहौल पैदा हो गया और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया पढ़ाई में उनके पिता गुरबख्श वर्मा का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मालूम हो कि विदेश में एमबीबीएस करने के बाद देश में इस परीक्षा को पास करना जरूरी है।

टूल किट पाने के लिए 30 जुलाई तक करें आवेदन

बहराइच। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत मॉटीकला टूल किट्स वितरण रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 25 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुड़े हुए कुम्हार जाति के व्यक्तियों को मॉटीकला से सम्बन्धित परम्परागत/प्रशिक्षित कारीगरों को माटीकला/माटी शिल्प कला के पावर चालित चाक (पाटरी व्हील) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। योजनान्तर्गत उद्यम संचालित करने के लिए टूल किट्स प्राप्त करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के कार्यालय पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र पर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पासबुक तथा शैक्षिक योग्यता के साथ आफलाइन भरे हुए पूर्ण आवेदन-पत्र 30 जुलाई तक उनके कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भोजा जेल

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार। विशेश्वरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि दीपक जायसवाल पुत्र जग प्रसाद निवासी चंद्रावा बेलभरिया के विरुद्ध केस दर्ज है। गुरुवार को वह उधरना सरहदी बॉर्डर पर कहीं भगाने के फिराक में था। गुरुवार को पुलिस टीम के उप निरीक्षक महेंद्र कुमार, कांस्टेबल विजय राजपूत व बिन्देश यादव द्वारा गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने बाढ़ क्षेत्र का लिया जायजा

बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते कांग्रेस पदाधिकारी।

महसी, बहराइच, अमृत विचार। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महा सचिव ने गुरुवार को महसी के बाढ़ और कटान क्षेत्रों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से वार्ता की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव प्रभारी बहराइच अरशद खुशीद एवं उनके साथ असलम खुर्शीद प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग, जिलाध्यक्ष इंजीनियर जयप्रकाश मिश्रा एवं पूर्व प्रत्याशी महसी डॉ राजेश तिवारी के नेतृत्व में महसी विधानसभा के बाढ़ एवं कटान प्रभावित गांव टिकुरी में एवं अन्य मजरो में पहुंचकर निरीक्षण किया। कटान पीड़ितों से मिलकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। जिस पर कटान पीड़ितों ने बताया हम लोगों का गांव घाघरा नदी में काटकर चला गया है। यहां सरकारी तंत्र से कोई नहीं आया है। कटान पीड़ितों ने बताया यहां के हालात बहुत ही खराब हैं। दिनों दिन चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। इस मौके जिला उपाध्यक्ष मुस्तकीम सलमानी, लाल बहादुर तिवारी, कुंवर साहब श्रीवास्तव, मुनाउ मिश्रा, गोपीनाथ, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, बशीर अंसारी जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस, विपुल मिश्रा जिला अध्यक्ष एनएसयूआई फरीद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष यूथ अब्दुल अली, सलमान, विधानसभा अध्यक्ष महसी विनय कुमार शुक्ला, जिला महासचिव राघवेंद्र द्विवेदी, पुल्लू मौजूद रहे।

संकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

कैसरगंज में संकुल पद से सामूहिक इस्तीफा देते शिक्षक।

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। आनलाइन उपस्थिति के विरोध में कैसरगंज ब्लाक के सभी शिक्षक संकुलों ने अपने पद से त्यागपत्र दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। संकुल शिक्षकों का कहना है कि सरकार शिक्षकों की 31 उपार्जित अवकाश, 14 आकस्मिक अवकाश, प्रतिकर, अध्ययन अवकाश, निश्शुल्क चिकित्सा प्रतिपूर्ति, द्वितीय शनिवार अवकाश आदि मांगें नहीं मान लेती तब तक कोई भी संकुल शिक्षक अतिरिक्त प्रभार का दायित्व निभाने में असमर्थ रहेगा। त्यागपत्र देने वालों में शिक्षक संकुल प्रभात कुमार शुक्ल, कमलेश कुमार राव, इंद्रमोहन, प्रवीण कुमार, अकील अहमद, आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव, सगीर अंसारी, फजील अहमद, हरवीर सिंह, दीनदयाल कुशवाहा, बृजेश प्रताप चौधरी, मनीष सिंह, सुशील कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, भागवत प्रसाद, गुरुदेव कुमार दुबे, हरिशंकर पांडेय, संजय कुमार राव, सुरेश कुमार, पंकज मिश्र, आशुतोष त्रिपाठी, विजय मौर्य, सत्य प्रकाश, अल्पना भदौरिया, कृष्ण प्रसाद, अखंड प्रताप सिंह, प्रेमचंद तिवारी, राजेंद्र कुमार रजक, नरसिंह राजपूत, उदय मान यादव, सुशील कुमार सिंह, राम नयन, रामानंद्र गुप्त, पवन कुमार शुक्ल, जीतेंद्र कुमार, दुर्गेंद्र सिंह, सबीह अहमद, सुधीर पटेल, सर्वेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अरविंद कुमार मौर्य, पूनम गुप्त, रफीक सिद्धीकी, पवन कुमार गुप्त, अनिल कुमार आदि शामिल हैं।

जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प लेकर अभियान चलाएं स्वास्थ्य कर्मी: डीएम

10 अगस्त से 20 सितंबर तक पांच विकास खण्डों में चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आगामी 10 अगस्त से 20 सितंबर तक जिले के पांच विकास खण्डों में राष्ट्रीयफाइलेरियाउन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गतफाइलेरियानियंत्रण के लिए एमडीए कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद कोफाइलेरियामुक्त बनाने के लिए चलाए जाने वाले एमडीए (मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम की सफलता को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग सहित शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर पालिका व नगर पंचायत, बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, नगर विकास विभाग, युवा कल्याण सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा किफाइलेरियासे मुक्ति के लिए खिलाई जाने वाली दवाओं की आवश्यकता के प्रति जन-सामान्य को जागरूक करने के लिए लगातार इसका प्रचार-प्रसार किया जाय। जिससे इस लाइलाज बीमारीसे बचाव के लिए लोगो में दवा खाने के प्रति रूचि पैदा हो।

फाइलेरिया रोधी अभियान की तैयारी बैठक करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर।

उन्होंने इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से ग्राम प्रधानों से भी फाइलेरियामुक्ति अभियान में सहयोग लेने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानुज कनौजिया और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वेक्टर बार्न) डॉ वी. पी. पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एमडीए कार्यक्रम जनपद के बघौली, बेलहर कला, सेमरियावां, हैंसर बाजार और पौली ब्लाक में आगामी 10 अगस्त से 20 सितंबर तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान खिलाई जाने वाली दवा अल्बेन्डाजॉल और डीइसी टैवेलेट प्राप्त कर ली गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को दवा खाने के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें यह बताया जायेगा कि इस दवा का सामान्य तौर पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। दवा एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को नहीं खिलाई जानी है और दवा खाली पेट नहीं खानी है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद कोफाइलेरियामुक्त करने के लिए चलाए जाने वाले एमडीए कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए मीडिया कर्मियों, स्वंय सेवी संगठनों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कनोजिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वेक्टर बार्न) डॉ. वी. पी. पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, डीएमसी पीसीआई योगेश तिवारी सहित स्वास्थ्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ किसान दिवस का आयोजन

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस में मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप कृषि निदेशक आशीष कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही को पढ़ कर सुनाया गया। बताया गया कि पिछले किसान दिवस में प्राप्त 14 प्रकरण में से 09 प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है। कृषको को बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद के लिए अधिसूचित अपनी फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवा कर उसका लाभ प्राप्त कर सकते है। जिन कृषकों को फसल बीमा का लाभ नही लेना है वो कृषक दिनांक 24 जुलाई से पूर्व अपने सम्बन्धित बैंक को पत्र के माध्यम से इस आशय से अवगत करा दे।

कृषक जगदीश प्रसाद मिश्र ने इस मौके पर अवगत कराया कि जल जीवन मिशन योजना जो जनपद में संचालित है या जिस संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है उनके द्वारा सड़क की खोदाई कर छोड दिया जा रहा है जिससे काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। कृषक द्वारा राजस्व विभाग द्वारा ग्राम का सर्वे कराकर बाहुबलियों द्वारा तालाब, कुआ पर कब्जा से मुक्त कराकर जीर्णोद्वार किये जाने की मॉग पटल पर रखी गयी। कृषक महेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा जनपद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली और अनुरोध किया कि जो पौधे वृक्षारोपण में लगाए जा रहे है उसकी सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

सार-संक्षेप

भारत विकास परिषद ने लगाया चिकित्सा शिविर

कुशीनगर,अमृत विचार। भारत विकास परिषद तथागत शाखा की बैठक पडरौना नगर के हनुमान इंटर कॉलेज मे सम्पन्न हुई। प्रांतीय महासचिव डॉक्टर दंपति कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक में तथागत शाखा के आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया गया। प्रांतीय महासचिव ने कहा कि भारत को जानो प्रतियोगिता, गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन और चिकित्सा शिविर जो तथागत शाखा पहले से सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करती आ रही है। उसको और व्यवस्थित और विस्तार देते हुए कार्य करें। इस अवसर पर तथागत शाखा के कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि तथागत शाखा जनपद कुशीनगर आने वाले समय में कम से कम 25 विद्यालयों में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम करायेगी।

राजस्व वादों का अपेक्षाकृत कम निस्तारण होने पर डीएम खफा

संतकबीरनगर,अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश ने बताया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन ने बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान जनपद में राजस्व वादों का कम निस्तारण होने के कारण असंतोष व्यक्त किया है। मुख्य सचिव द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये गए हैं। उसी क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने तहसीलदार खलीलाबाद, मेंहदावल और धनघटा से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नहाते समय गहरे पानी मे डूबने से नाबालिग की मौत

मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार। मेंहदावल थानाक्षेत्र के ग्राम सरफरा निवासी एक नाबालिग किशोर नाले में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। तीन घंटे तक काफी प्रयास करने के बाद पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। शव बाहर निकलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मेंहदावल थानाक्षेत्र के ग्राम सरफरा निवासी 16 वर्षीय कन्हैया यादव पुत्र रामबोला बृहस्पतिवार की दोपहर गांव के पास सियापोह खर्चा के बाहरी नाले में भैंस चराने के दौरान नहाने चला गया। नहाते समय अचानक कन्हैया गहरे पानी में चला गया और डूब गया। कन्हैया को डूबते देख वहां मौजूद कुछ लोगों ने दौड़कर गांव में सूचना दिया। गांव के लोगों ने पहुंचकर पानी में कूद कर उसकी तलाश किया लेकिन अधिक पानी होने से वे उसे तलाश नहीं पाए।इसके बाद घटना की सूचना पर मेंहदावल पुलिस पहुंची। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला और शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। शव को देखते ही परिजन दहाड़ें मारकर रोने लगे। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। घटना की सूचना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृपाल सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

उप जिलाधिकारी धनघटा को बनाया गया प्रेक्षक

संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश की अधिसूचना के क्रम में जनपद स्तर से जारी सार्वजनिक सूचना द्वारा जनपद में ग्राम पंचायत प्रधान व सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए होने वाले चुनाव की प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उप जिलाधिकारी धनघटा रमेश चंद्र को प्रेक्षक नियुक्त किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 6 अगस्त को मतदान और 8 अगस्त को मतगणना सम्पन्न होनी है। उक्त के क्रम में राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन में ग्राम पंचायत प्रधान, सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन के पर्यवेक्षण जिला स्तर पर प्रेक्षक नियुक्त किये जाने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में उप जिलाधिकारी धनघटा को प्रेक्षक नियुक्त कर दिया गया है। नियुक्त किए गए प्रेक्षक रमेश चंद्र का मोबाइल नंबर 8279530333, 9454415927 है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त प्रेक्षक उप जिलाधिकारी धनघटा रमेश चंद्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रचलित निर्वाचन के दौरान होने वाले मतदान और मतगणना की समुचित तैयारियों के बारे में रिटर्निंग आफीसर व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से समीक्षा करेंगे।

रोजगार सेवकों ने की बैठक

ग्राम रोजगार सेवकों को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय। अमृत विचार

सेमरियावां, संतकबीरनगर, अमृत विचार। बृहस्पतिवार को ब्लाक सभागार में ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में रोजगार सेवकों ने बैठक करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर विधिवत मंथन किया। इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक नियुक्त हैं वहान जियो टैगिंग के लिए ग्राम रोजगार सेवक एनएमएमएस रजिस्ट्रेशन किसी प्राइवेट अथवा प्रधान महिला मेट का रजिस्ट्रेशन न किया जाए। शासन के निर्देशानुसार सभी रोजगार सेवकों को आईडी पासवर्ड जारी कराया जाय। कोविड-19 के अतिरिक्त आकस्मिक मृत्यु का शिकार हुए ग्राम रोजगार सेवकों के आश्रितों को संविदा के आधार पर नियुक्ति दिया जाय। वर्तमान वित्तीय वर्ष का बकाया मानदेय दिलाया जाय। उन्होंने बताया कि हमारी मांगों पर उच्चाधिकारियों ने विचार नहीं किया तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान रोजगार सेवक अनिल कुमार, बृजेश यादव, चंद्रशेखर, राम नरेश, राजकुमार गुप्ता, मनोज कुमार, आराधना चौधरी, शर्मीला देवी, चन्द्रहास, अखिलेश कुमार, विनोद कुमार समेत तमाम ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

सड़क हादसे में किशोरी की मौत, दो लोग गंभीर

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। बडेवन फ्लाईओवर पर बुधवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे बाइक के पीछे बैठी किशोरी की मौत हो गई सवार पिता और उसकी छोटी बहन गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनएचएआई की टीम ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर घायलो को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया हैं। सन्तकबीर नगर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी ग्राम सगरवा गांव के रहने वाले जुगराती के बेटी गुड़िया की तबियत काफी दिनों से खराब चल रही थी। बुधवार को जुगरसती अपनी बाइक से गुड़िया और दूसरी बेटी लल्लन को लेकर बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के महुआ डाबर मजार पर दर्शन करने के लिये गये थे। जुगराती के साथ गांव के अन्य लोग भी दूसरी बाइक से गये थे। रात सभी लोग बाइक से घर लौट रहे थे। देर रात जैसे ही बडेवन फ्लाई ओवर के ऊपर पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने जुगराती के बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दुर्घटना में वाहन पर पीछे बैठी गुड़िया(17 वर्ष) किसी वाहन के चपेट में आ गई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि पिता जुगराती(48वर्ष) और लल्लन (15वर्ष) गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पीछे आ रहे जुगराती के गांव के लोग भी पहुँच गये।पुलिस ने गुड़िया के शव को कब्जे में लिया है।

सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार। जनपद के सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप सहित तीन लोगों के खिलाफ हाटा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें मारपीट, गाली-गलौच तथा अनुसूचित एंव अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

हाटा कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र की पूर्व ग्राम प्रधान इमीरती देवी के तहरीर पर की है। जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी निवासनी पूर्व प्रधान इमीरती देवी पत्नी स्व० जयगोविन्द प्रसाद द्वारा हाटा कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा गया है कि वह गरीब व अनुसूचित जाति की महिला है।अपने परिवार की जरुरत के लिये वह अपनी जमीन बेचने हेतु खरीददार तलाश रही थी। इस बीच हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली नगर पंचायत निवासी रामप्रवेश गुप्ता पुत्र इन्ददेव गुप्ता उनसे मिले और बोले कि वह जमीन बेचवा देगे।रामप्रवेश गुप्ता ने गोरखपुर जनपद के झगहा थाना क्षेत्र के निवासी मोतीराम अड्डा विजय कुमार कन्नौजिया पुत्र भागवत नाम से जमीन बेचवा दिया और उस जमीन का रामप्रवेश गुप्ता ने 75 हजार रुपये रख लिया। एफआईआर मे पीड़िता ने कहा है कि रामप्रवेश का साथी विशुनपुर उर्फ ठूठी निवासी राजू कश्यप पुत्र सीताराम जो धोखेबाज आदमी है और प्रार्थिनी के परिवार को अनुसूचित जाति का गरीब समझकर अपनी जमीन में दुकान खुलवाने के लिये बहला फुसलाकर मेरे पति जयगोविन्द एंव सुरेश भारती पुत्र स्व० डगरु प्रसाद से अपनी जमीन में कार्य करवाया जिसमें 75 हजार 400 रुपये खर्च हुआ। इसके बाद राजू अपने गुंडई के बल पर मेरे पति एंव सुरेश को गाली देकर जबरन दुकान से भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीडिता इमीरिती देवी ने आरोप लगाया है कि राजू कश्यप, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप के प्रबल सहयोग व समर्थन पाकर उनके द्वारा दुकान में लगाये गये 75 हजार 400 रुपये को हड़प लिया गया है। महिला ने रामप्रवेश गुप्ता, राजू कश्यप व राजनेति कश्यप पर अपने पति जयगोविन्द प्रसाद की मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

खंभे से भिड़ी बाइक एक की मौत और दो लोग घायल

कुशीनगर,अमृत विचार। जटहा बाजार थाना क्षेत्र हिरनही गांव की मुख्य सड़क मार्ग पर गुरुवार की सुबह करीब चार बजे एक युवक की बाइक सड़क के किनारे लगे बिजली के खम्भे से भिड़ गई। जिससे बाइक चालक सहित अन्य दो सवार गंभीर रूप से घायल हो गये।

मौके पर पहुंचे आस पड़ोस के लोगों की मदद से घायलों को एक निजी ऑटो से जिला मेडिकल कॉलेज कुशीनगर के अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार में लगे डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के जरार निवासी सुरेश रौनियार का 22 वर्षिय पुत्र प्रकाश रौनियार बुधवार को दुदही स्थित अपने बहनोई के घर किसी कार्य से गया था वापस आते समय बाइक हिरनही गांव की मुख्य सड़क मार्ग पर सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराई गई। जिससे बाइक चालक सहित दो अन्य भी घायल हो गये।

राजा भैया की पत्नी के ट्वीट से बढ़ी सरगर्मी

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने एक बार फिर अपने चल रहे केस को लेकर एक्स पर तंज किया है।

उन्होंने लिखा कि व्यक्तिगत लड़ाई मैं जरूर लड़ूंगी, लेकिन महिला हितों के लिए बड़ी लड़ाई का भी संकल्प लेकर जल्द मैदान में उतरूंगी। उचित समय का इंतजार कीजिए। उनकी इस पोस्ट को लेकर सियासी गलियारों में भी चर्चा शुरू हो गई है। रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने गुरुवार को एक्स पर लिखा.....

कभी-कभी मैं सोचती हूं कि जब रियासत और राजघरानों से संबंधित महिलाओं को अपने सम्मान, गरिमा की रक्षा के लिए इतना संघर्ष करना पड़ता है। सरकार से याचना करनी पड़ती है और एक आईओ भी किसी की शह पर धमकी भरी भाषा में बात कर सकता है, तो आम महिलाओं के साथ क्या होता होगा। अपनी व्यक्तिगत लड़ाई मैं जरूर लड़ूंगी, लेकिन महिला हितों के लिए बड़ी लड़ाई का संकल्प लेकर जल्द मैदान में उतरूंगी। उचित समय का इंतजार कीजिए।

राजनीति में आ सकती हैं राजा भैया की पत्नी भानवी

भानवी कुमारी सिंह के इस पोस्ट के कई मायने निकाले जा रहे हैं कि भानवी कुमारी कोई आंदोलन शुरू करने वाली हैं या राजनीति में भी आ सकती हैं। भानवी ने अपनी कंपनी पर फर्जी तरीके से कब्जा करने का केस रघुराज के करीबी एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी पर केस दर्ज कराया है, जिसको लेकर दोनों पक्षों में तल्खी व आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है।

ये है भानवी और अक्षय प्रताप का मामला

रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी ने फरवरी 2023 में दिल्ली की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) विंग में एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह 'गोपाल जी' के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 109 और 120बी के तहत केस दर्ज कराया था। भानवी का आरोप था कि अक्षय प्रताप ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर उनकी कंपनी के शेयर हथिया लिए हैं। इसके लिए उन्होंने भानवी सिंह के फर्जी डिजिटल साइन बनवाए। कंपनी में उन्हें हटाकर खुद डायरेक्टर बन गए। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने उत्तर प्रदेश के अमेठी के अक्षय प्रताप सिंह के साथ ही अनिल कुमार सिंह, इंद्र देव पटेल, प्रतापगढ़ के कुंडा के उमेश कुमार निगम, हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, लखनऊ के सीए अरुण कुमार रस्तोगी और राम देव यादव व अन्य अज्ञात के खिलाफ के केस दर्ज किया था। पिछले दिनों भानवी कुमार सिंह ने एक्स पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को संदेश लिखकर आरोप लगाया था कि एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने न्याय दिलाने की मांग की थी। भानवी प्रायः एक्स पर संदेश लिखती रहती हैं। उनका सन्देश चर्चा में रहता है।

मगहर पुलिस को किया गया सम्मानित

मोहर्रम सकुशल सम्पन्न कराने पर सम्मानित होते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।

मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम पर्व के दौरान सातवीं, नौंवी और दशवीं जलूस को सकुशल व शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये बुधवार/गुरुवार की देर रात चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर मगहर पुलिस को हुसैनिया कमेटी के अध्यक्ष फैजान मुस्तफा और उनकी कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सिराज अहमद ने किया।बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम सदर शैलेश दूबे ने कहा कि मोहर्रम पर्व आपसी सौहार्द्र के साथ ही अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। इसे सकुशल सम्पन्न कराने के लिये मगहर पुलिस की सराहना करते हुए उन्होंने ताजियादारों और स्थानीय लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। सीओ सदर ब्रजेश सिंह ने इस पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने में योगदान देने वालों में मगहर की आम जनता, ताजियादारों और नौजवानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

चुनाव ऊषा देवी बनी अध्यक्ष तो बबिता यादव कोषाध्यक्ष पद पर हुई निर्विरोध निर्वाचित

गार्गी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। नाथनगर ब्लॉक के सबसे पुराने गार्गी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति की गुरुवार को नई कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्विरोध निर्वाचित कार्यकारिणी में ऊषा देवी अध्यक्ष, बबिता यादव कोषाध्यक्ष पुष्पा देवी उपाध्यक्ष, रेनू यादव सचिव और सरस्वती देवी को उपसचिव की जिम्मेदारी मिली। बीडीओ आरएन भारती की निगरानी में एडीओ आईएसबी अभय प्रताप सिंह ने निर्विरोध निर्वाचन के बाद परिणाम की घोषणा किया। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद भाजपा नेत्री रजनी पांडेय को बड़ा झटक लगा है। समिति में उनका वर्चस्व समाप्त माना जा रहा है।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ खण्ड विकास अधिकारी। अमृत विचार

पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार गुरुवार को ब्लॉक सभागार में गार्गी प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बीडीओ आरएन भारती की मौजूदगी और एडीओ आईएसबी अभय प्रताप सिंह की निगरानी में आयोजित बैठक में कोरम पूरा पाया गया। हालांकि बैठक में मौजूद समिति की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेत्री रजनी पांडेय ने चुनावी बैठक को स्थगित करने की मांग किया। बैठक का कोरम पूर्ण होने और समिति के सदस्यों के एक सुर में चुनाव संपन्न कराने की मांग पर चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। श्रीमती पांडेय ने चुनावी बैठक का बहिष्कार किया। चुनाव अधिकारी श्री सिंह ने शासनादेश का हवाला देते हुए चुनावी प्रक्रिया शुरू करा दिया। सभी पदों पर सिंगल आवेदन आने के बाद निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई। सभी सदस्यों ने कार्यकारिणी के निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दिया। इस दौरान ममता यादव, निष्कर्ष मिश्र, रामेंद्र प्रताप बहादुर पाल, जयन्त कुमार, दिलीप कुमार, संदीप शुक्ला, सोहन सैनी सहित सभी महिला सदस्य भी मौजूद रहीं।

एक नजर

चालक को नशीली चाय पिलाकर ई रिक्शा ले उड़े

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत स्थित बभनइया पूरब निवासी विजय बहादुर का ई रिक्शा डब्बू निवासी सराय सहावन थाना जयसिंहपुर आठ सौ रुपये में बुक कराकर श्री राम नगर ले गये थे। वहां विजय बहादुर को चाय नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा ले कर फरार हो गया। होश आने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

एनसीआर में एक धारा जोड़कर दर्ज हुआ मुकदमा

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कूम्ही भुसौला में मोती लाल व बंशराज के बीच 20 जून को मार पीट हुआ था, जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे के खिलाफ पुरानी धारा में एनसीआर दर्ज था। मोतीलाल व उसके पुत्र छोटू को व दूसरी तरफ से वंशराज को चोटें आई थी। डाक्टर ने बंशराज व मोती लाल को रेफर कर दिया था। मोतीलाल को हाथ में फैक्चर रिपोर्ट आने पर बुधवार को एनसीआर में एक धारा बढा.कर एफआईआर दर्ज की गई।

पुरानी रंजिश में मां-बेटी की पिटाई, पांच पर केस

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अर्जुनाइकपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें सरोजनी देवी व उसकी पुत्री आदर्शिता को चोटें आई। सरोजनी देवी ने आरोप लगाया कि विपक्षी ओम प्रकाश, बलराम दूबे, शिवानी, प्रज्ञा, अनामिका ने पुरानी रंजिश को लेकर बुरी बुरी गालियां देते हुए लात घूंसों व डंडे से मुझे व मेरी पुत्री की पिटाई कर दिया। तहरीर पर पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

मां की हत्या में दोषी बेटे को उम्रकैद

कोर्ट ने दोषी पर 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया, न्यायाधीश एकता वर्मा ने सुनाई सजा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः थाना क्षेत्र हलियापुर के रमनगरा डेहरियावां में नौ साल पूर्व सनकी बेटे को अपनी मां की हत्या करने के जुर्म में न्यायाधीश एकता वर्मा ने दोषी चंद्रशेखर को जेल से तलब कर गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

अभियोजन के मुताबिक दो अप्रैल 2015 की सुबह साढ़े दस बजे इंदुमती नल पर हाथ धोने गई थी, पीछे से उसके पुत्र चंद्रशेखर ने बेलचक से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में इंदुमती की मौके पर ही मौत हो गई। हत्यारे पुत्र के खिलाफ उसके पिता चंद्रपाल पांडेय ने केस दर्ज कराया। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष से एडीजीसी संदीप सिंह ने छह गवाहों का परीक्षण कराया। कोर्ट न्यायाधीश एकता वर्मा ने गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाए गए चंद्रशेखर को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

दीवानी न्यायालय का गेट नंबर दो। अमृत विचार

गुंगवाछ हत्याकांड में सुनवाई 22 को

सुलतानपुर : अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले में प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में वादी अमरजीत की गवाही दर्ज हो चुकी है, जिससे बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने आरोपी बृजेश यादव रामदुलारे यादव, अखिलेश व अभिषेक की तरफ से वादी से जिरह की है। आरोपी आशा तिवारी व नितिन के वकील संतोष पांडेय ने बताया वादी से शेष जिरह के लिए कोर्ट ने 22 जुलाई की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक संपत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या कर दी गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। मामले में पूर्व प्रधान के पुत्र अमरजीत यादव ने केस दर्ज कराया था। मामला एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में विचाराधीन है।

कोयला लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः सुलतानपुर वाराणसी फोरलेन के हनुमानगंज बाइपास अधूरे फोरलेन के अभियाकला डायवर्जन पर गुरुवार की दोपहर झारखंड से लखनऊ जा रहा कोयला लदा ट्रक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक घायल हो गया। गुरुवार की दोपहर 11 बजे झारखंड से कोयला लादकर लखनऊ जा रहा ट्रक अभियाकला के पास हनुमानगंज बाइपास के डायवर्जन के पास पलट गया। जिसके चलते हाइवे से लिंक रोड पर जाम लग गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने चालक जय प्रकाश (45) निवासी रहमत नगर लखनऊ को बाहर निकाला। घायल चालक को सीएचसी में इलाज करवाया गया। डायवर्जन के पास पहुंचने से हादसा हुआ है, जिससे दिन भर आवागमन प्रभावित रहा है।

बार के आठ सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन तय

▸▸ आठ पदों पर बचे 41 प्रत्याशी 29 को होगा चुनाव

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः बार एसोसिएशन के चुनाव में दाखिल नामांकन पत्रों की जांच गुरुवार को पूरी हुई। जांच में दो कनिष्ठ कार्यकारिणी विजय बहादुर यादव व दिलीप त्रिपाठी के पर्चे सही न होने के कारण खारिज हो गये। 49 नामांकन वैध पाए गए, जबकि दो कनिष्ठ कार्यकारिणी के पर्चे खारिज हो गये।

कनिष्ठ कार्यकारिणी में कुलदीप तिवारी, सतीश उपाध्याय, पवन तिवारी व अनिरुद्ध चौरसिया, वहीं वरिष्ठ कार्यकारिणी में बजरंग द्विवेदी, राजकुमार गौड़, दिलीप यादव व कर्मेंद्र गौतम का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है। अब आठ पदों के लिए 41 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। बार एसोसिएशन का चुनाव 29 जुलाई को होना है। कुल 10 पदों के लिए 51 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। अन्य 8 पदों के लिए 41 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिन्होंने अपना प्रचार तेज कर दिया है। बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया 19 को पर्चे वापस लिए जा सकेंगे। बार अध्यक्ष ने चुनाव में सभी प्रत्याशियों से शांतिपूर्ण मतदान कराने की अपील की है।

विद्युत कटौती पर व्यापारी आक्रोशित

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचारः मौजूदा समय में लंभुआ को चार से पांच घंटे विद्युत आपूर्ति करने, खुले में काटकर मांस की बिक्री करने, जल निकासी एवं पटरियों पर अतिक्रमण से आक्रोशित व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सोपा और तत्काल समस्या का निस्तारण करने की मांग की। एसडीएम ने व्यापारियों को शीघ्र समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिपाठी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री के 22 घंटे विद्युत आपूर्ति करने के आदेश के बावजूद लंभुआ में चार से पांच घंटे ही आपूर्ति की जा रही है। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके अलावा यहां की मुख्य समस्या जल निकासी की समस्या का नगर पंचायत समाधान नहीं कर रहा है, व्यापारी नेता श्री तिवारी ने तत्काल एसडीएम से सभी समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। एसडीएम विदुषी सिंह ने व्यापारियों को समस्याओं का निस्तारण करने के लिए आश्वासन दिया। मौके पर राकेश कसौधन, सदा शिव अग्रहरी, सचिन, अमित कुमार आदि व्यापारी मौजूद थे।

एसडीएम को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

● उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जताई नाराजगी

गौशालाओं की दुर्दशा पर सड़क पर उतरे कांग्रेसी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः गौशालाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा गायों की हो रही दुर्दशा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र व प्रदेश सचिव अर्जुन पासी, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए लाल डिग्गी चौराहा, सुपर मार्केट, डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया तथा पांच सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में जनपद की सभी गौशालाओं में दिए जा रहे चारे/दवा इलाज की सूचना नियमित सूचना विभाग द्वारा दैनिक अखबार में छपवाई जाए, साथ ही साथ अलग-अलग गौशालाओं की संख्या भी घोषित की जाए। इन सभी मांगों के साथ कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी ज्ञापन देकर कार्यवाही किए जाने की मांग किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार सिर्फ चुनावी फायदे को लेने के लिए गाय पर बात करती है। पूर्व प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी ने कहा कि गौमाता पर अत्याचार हम कांग्रेस जन कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। वायरल वीडियो में जो कंकाल मृत गायों के देखे जा रहे हैं, उनकी दुर्दशा करने वाले अधिकारियों पर प्रशासन दंडनात्मक करवाई करें, जिससे भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना घटित हो। राष्ट्रीय मीडिया कोऑडिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि गौशाला में हो रही गाय की हत्या पर कांग्रेस मुखर है। मौके पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, एआईसीसी सदस्य फिरोज अहमद, पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर सिंह, मिर्जा अकरम बेग, महेंद्र सिंह, योगेश प्रताप सिंह, दीपक सोनी आदि रहे।

शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

● प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

स्विमिंग पूल में काम करते समय मजदूर घायल, मौत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः स्विमिंग पूल में काम करते समय मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गया। इलाज के लिए स्वशासी मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

धम्मौर थाना क्षेत्र के लाखीपुर निवासी सुशील कुमार यादव पुत्र स्व. मनीराम यादव ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया है कि उनके बड़े भाई सतीश कुमार यादव प्लम्बर का काम करते थे। बुधवार को अमहट के बगल फन मिस्ट्री ट्राम्पीजसून पार्क में काम के लिए गए थे। शाम करीब 05:30 बजे उनके भाई सतीश यादव ने अपनी पत्नी पुष्पा देवी को फोन कर बताया कि स्विमिंग पूल में काम करते समय गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। जल्दी से जिला अस्पताल आ जाओ। तभी परिवार के सभी लोग जिला अस्तपाल पहुंचे। जहां सतीश कुमार दर्द से कराह रहा था। जब घटना के बारे में जानकारी की तो उन्होंने कहा कि मालिक गलत तरीके से काम करवा रहे थे। जिससे उनके ऊपर दीवाल गिर गयी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में मुझे अस्पताल में छोड़कर चले गए। इतना कहने के बाद उनका भाई बेहोस हो गया। रात करीब आठ बजे डॉक्टरों ने सतीश कुमार को मृत घोषित कर दिया। सुशील कुमार ने मालिक का पता किया तो कानपुर टीपी नगर के अजीत कालोनी मंकान नंबर-33/5 निवासी फहद खान पुत्र मो खालिद खान के रुप में हुई। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल एके द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

शव घर पहुंचने पर रोते-बिलखते परिजन व इनसेट में सतीश यादव की फाइल फोटो।

● मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

ई-रिक्शा के पलटने से दबकर किशोर की मौत

भदैंया, सुलतानपुर

▸▸ मोहर्रम का जुलूस देखकर घर लौट रहा था किशोर

अमृत विचारः गुरुवार की सुबह मामा के घर से मोहर्रम का मेला देखकर घर लौट रहे किशोर की हादसे में मौत हो गयी है। ई रिक्शा पलटने से वह उसके नीचे दब गया और मौके पर ही मौत हो गयी है।

कोतवाली देहात के कमनगढ़ गांव निवासी किशोर सहबान अहमद (14) पुत्र इम्तियाज अहमद बुधवार को मोहर्रम का मेला देखने कैथौली गांव अपने मामा के घर गया था। गुरुवार को वह सुबह नौ बजे ई रिक्शा पर बैठकर अपने घर कमनगढ़ लौट रहा था। गोमती नदी के पार टांटिया नगर व गोसाईगंज के बीच घर लौट रहे किशार का ई रिक्शा पलट गया। जिसके नीचे किशोर साहबान अहमद दब गया। इसकी जानकारी होते ही कमनगढ़ गांव से परिजन भागकर मौके पर पहुंचे और किशोर को लेकर अस्पताल गये। जहां चिकित्सकों ने साहबान को मृत बताया।

देहात कोतवाल सतेंद्र कुमार सिह ने बताया है कि अभी कोई सूचना या जानकारी नहीं मिली है। जानकारी मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

व्यापारी के परिजनों से मिले सपा नेता, दी सांत्वना

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : सपा मुखिया के निर्देश पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल सुलतानपुर पहुंचा। जहां बीते दिन कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारगंज बाजार में गल्ला व्यापारी राजेश जायसवाल (रोहित) को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। उनके घर पहुंचकर मृतक के पिता विंदेसरी प्रसाद से मुलाक़ात की। मृतक के पिता ने सपा नेताओं को बताया कि कूरेभार थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा चाहते तो समय रहते कार्यवाही करते तो आज मेरा बेटा मेरे पास होता पर अफसोस है कि थाना प्रभारी ने कार्यवाही नही की और हमलावरों ने पैसों के विवाद में रोहित की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव, सपा विधायक मोहम्मद ताहिर खान, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदीप जायसवाल, पूर्व विधायक अनूप संडा, संतोष पांडेय, अरुण वर्मा, प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी डॉ. अजय चौरसिया आदि ने सांत्वना व्यक्त किया।

मृतक व्यापारी के पिता से मिला सपा का प्रतिनिधि मंडल।

किशोरी से दुष्कर्म व हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते 12 जुलाई को एक युवती के रहस्यमयी हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने आखिरकार सुलझा दिया है। चचेरे भाई ने ही युवती के हत्याकांड को अंजाम दिया था। पूंछताछ में पुलिस के सामने उसने अपना जुर्म कबूल किया। जिसके बाद पुलिस ने उसे अदालत के जरिए जेल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक बीते 12 जुलाई को किशोरी का शव तालाब में उतराता हुआ मिला था। जिसमें पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर एक नामजद व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें नामजद आरोपी विकास पांडेय को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस हत्याकांड की जांच के दौरान जब पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक तंत्र की मदद ली तो चौकाने वाला खुलासा सामने आया। तफ्तीश में पुलिस को मृतका के पड़ोसी की संलिप्तता मिली। जिसके बाद पुलिस ने अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ विनय गौतम ने बताया कि जांच के दौरान इस केस का खुलासा करने में पुलिस को सफलता मिली। घटना की जांच जारी है।

गुरु पूर्णिमा पर 21 को सत्यनाथ मठ पर होंगे कार्यक्रम

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के अल्देमऊ नूरपुर गांव में आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित नौ नाथों में प्रथम नाथ बाबा सत्यनाथ की साधना स्थली अघोरपीठ बाबा सत्यनाथ मठ परिसर में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भण्डारा सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। अघोरपीठ सत्यनाथ मठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा ने बताया कि सनातन धर्म में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। साधना स्थली पर गुरु पूर्णिमा के दिन बाबा सत्यनाथ के चरण पादुका पूजन, अघोर परम्परा के आदि गुरु भगवान दत्तात्रेय का विशेष पूजन अर्चन के साथ साथ भंडारा एवं दोपहर में आल्हा सम्राट फौजदार सिंह का आल्हा व गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

व्यस्तता के चलते जांच करने नहीं पहुंचे बीडीओ

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः प्रतापपुर कमैचा विकास खंड के कई गांवों में मनरेगा के तहत बरती जा रही लापरवाही व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में जिम्मेदार ही बेपरवाह बने है। मजदूरों की जगह पेड़ पौधों के काम करने और नाबालिगों से काम कराने की फोटो अपलोड करने की सूचना के बाद भी गुरुवार को भी अधिकारी मौके पर जांच करने नहीं पहुंचे। खंड विकास अधिकारी देव नायक सिंह ने बताया कि गुरुवार को व्यस्तता के चलते मौके का निरीक्षण नहीं कर पा रहा हूं। शुक्रवार को निश्चित ही निरीक्षण करुंगा। मनरेगा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

ढाखापुर फीडर ओवरलोड, 20 हजार की आबादी हलकान

> ढाखापुर विद्युत उपकेंद्र का ढखवा फीडर ओवर लोड है। उपभोक्ताओं को दो शिफ्ट में आपूर्ति की जा रही है। नए फीडर के लिए टी ऑफ तक नई लाइन बनाना पड़ेगा है। थोड़ा समय लगेगा। -**जगदीश पटेल**, अधिशाषी अभियन्ता लंभुआ

चांदा, सुलतानपुर

अमृत विचारः क्षेत्र के ढाखापुर स्थित विद्युत उपकेंद्र के ढाखापुर फीडर पर ओवरलोड के चलते रोस्टिंग करके विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं को दी जा रही है। भीषण उमस में उपभोक्ता आपूर्ति को लेकर गुस्से में है तो किसान के माथे पर धान की रोपाई को लेकर चिंता की लकीरें गहरी होती जा रही है।

रोस्टिंग से क्षेत्र के वाजिदपुर, मल्हीपुर, बनहरा, शिवपुर, छतौना कलां एवं खुर्द, सफीपुर, अधियारी, मरछा, साढापुर, गौरा जैसे तक़रीबन दो दर्जन गावों की 20 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित है। उमस और भीषण गर्मी के चलते विद्युत खपत बढ़ गई है। तो दूसरी ओर किसान धान की रोपाई ट्यूवबेल से करने के लिए मजबूर है। बाधित आपूर्ति से उपभोक्ता हलकान में है। अवर अभियंता नरसिंह ने बताया कि फीडर ओवर लोड के चलते आपूर्ति एक साथ सम्भव नहीं हो पा रही है। छतौना टी आफ और मल्हीपुर टी ऑफ से बारी बारी करके आपूर्ति की जा रही है।

ढाखापुर स्थित विद्युत उपकेंद्र कार्यालय। रात में फाल्ट ठीक करते विद्युतकर्मी।

● धान की रोपाई को लेकर किसान चिंतित, भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन बेहाल

आधी रात को लोलेपुर पावर हाउस की बिजली गुल

▸▸ तीस गांव के लोग दो घंटे तक छत पर टहले

भदैंया, सुलतानपुर : आधी रात 11:30 बजे अचानक लोलेपुर उपकेन्द्र को जाने वाली 33 हजार पावर लाइन में अयोध्या बाईपास ओवरब्रिज पुल के पास फाल्ट आ गया और पूरी सप्लाई बंद हो गयी। उपकेंद्र की सप्लाई बंद होने से रात में उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही तथा लाइनमैन अंधेरे में फाल्ट ढूंढ़ते रहे। दो घंटे बाद रात करीब एक बजे लोलेपुर उपकेन्द्र की 33 पावर लाइन पर दर्जन भर कर्मी फाल्ट ढूढ़ने और ठीक करने में सफल रहे। रात में बिजली कटौती होने से लोगों के इनवर्टर भी जवाब दे गये और लोग गर्मी मे छत पर टहलते नजर आए। रात करीब एक बजे दो घंटे की मशक्कत के बाद फाल्ट को ठीककर बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी। लोलेपुर उपकेन्द्र के अवर अभियंता आर एस मौर्या ने बताया कि 33 हजार पावर लाइन पर खराबी को बनाकर आपूर्ति बहाल किया गया है।

खेलकूद एमजीएस इंटर कॉलेज के संयोजकत्व में स्टेडियम में हुई जनपदीय हैंडबाल प्रतियोगिता

एमजीएस ने 3-2 के अंतर से एमएसवी को किया पराजित

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में एमजीएस इंटर कॉलेज के संयोजकत्व में जनपदीय माध्यमिक विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन एमजीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया।

17 वर्षीय वर्ग छात्र प्रतियोगिता में फाइनल में एमजीएस के खिलाड़ियों ने एमएसवी इंटर कॉलेज को 3-2 के गोल अंतर से पराजित कर दिया। एमजीएस से कैप्टन विजय नरायण सेन, सिद्धि विनायक, मुईद शेख ने एक-एक गोल किया। एमएसवी से आशू तिवारी, स्पर्श रॉय ने एक-एक गोल किया। 14 वर्षीय वर्ग मैच में लिटिल एंजेल स्कूल गभड़िया ने एसकेपी स्कूल चौकिया को 3-2 से हराया। फाइनल में एमजीएस ने लिटिल एंजेल स्कूल गभड़िया को 7-5 से हराया। एमजीएस की ओर से गुरु नारायण सिंह ने तीन गोल और शिवा, सनी धुरिया, हिमांशु, साहिल ने एक गोल किया। लिटिल एंजेल की ओर से समीर अली, रुद्र, अंकुश पाल, ने एक-एक और यूसुफ़ ने दो गोल किया। 14 वर्षीय वर्ग छात्रा फाइनल मैच में लिटिल एंजेल स्कूल गभड़िया के खिलाड़ियों ने एसकेपी स्कूल चौकियां को कड़े संघर्ष में 3-2 से पराजित किया। लिटिल एंजेल से काजल, जेहना, जोहा खान ने एक-एक गोल किया। एसकेपी स्कूल से शिवांशी दूबे और अंशू यादव ने एक-एक गोल किया। छात्राओं में खुशी, अनाया सिंह, अलंकृता, संध्या जायसवाल ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। खेल समापन पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेंद्र सिंह चौहान ने विजेता तथा उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। रेफरी की भूमिका पंकज, और मो. आशिफ ने निभाई। आयोजक एमजीएस के गेम टीचर राजेश कुमार कनौजिया ने प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराया। इस मौके पर मुनेंद्र मिश्रा, सुरेश कुमार यादव, अनुपम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। जिला क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि विजेता टीम मंडल स्तर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने 10 अगस्त को अयोध्या जाएगी।

पंत स्टेडियम में हैंडबाल प्रतियोगिता की विजेता टीम। अमृत विचार

छुट्टा मवेशी हादसे को दे रहे दावत

चांदा, सुलतानपुर

अमृत विचारः गौ संरक्षण के लाख दावों के बावजूद लखनऊ वाराणसी फोरलेन सहित विकासखंड प्रतापपुर कमैचा का विभिन्न गांवों में छुट्टा गोवंश मुसीबत का सबब बने हुए हैं।

विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के खुनशेखपुर, नगर पंचायत कोइरीपुर, चांदा, पकड़ी जैसे गांव में बृहद गौशालाएं बनी है। लखनऊ वाराणसी फोरलेन पर दर्जनों गौवंशों को देखा जा सकता है। फोरलेन पर तेज वाहन गौवंशों को बचाने या फिर भीड़ कर आए दिन दुर्घटाना ग्रस्त हो जाते हैं। छुट्टा गोवशों के कारण फोरलेन पर यात्रा जोखिम भरा हो गया है। इनके अलावा कस्बा के निकट अंडरपास के आसपास बड़ी संख्या में छुट्टा गोवंश किसानों के लिए मुसीबत का सबब बने हैं। दूसरी ओर जिला प्रशासन के आदेश के क्रम में विकासखंड के विभिन्न गांव में छुट्टा गोवंशों को गोआश्रय स्थलों तक भेजे जाने का अभियान चलाया जा रहा है।

लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर चांदा में टहल रहे मवेशी। अमृत विचार

● कागजों पर ही चल रहा गोवंशों को पकड़ने का अभियान

> आभियान चला कर छुट्टा गोवंश को पकड़ा जा रहा है। फोरलेन पर यह बड़ी समस्या है। आज ही इस पर प्राथमिकता से पकड़वाने की व्यवस्था करवाता हूं। -**देव नायक सिंह**, खंड विकास अधिकारी प्रतापपुर कमैचा

एक नजर

न्यू मीसामारी स्टेशन पर रुकेगी नाहरलागुन एक्सप्रेस

गोरखपुर अमृत विचार ।रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के न्यू मीसामारी स्टेशन पर 22412/22411 आनन्द विहार टर्मिनस-नाहरलागुन-आनन्द विहार टर्मिनस का प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक निम्नवत प्रदान किया जायेगा । आनन्द विहार टर्मिनस से 21 जुलाई से चलने वाली 22412 आनन्द विहार टर्मिनस-नाहरलागुन एक्सप्रेस न्यू मीसामारी स्टेशन पर 00 .50 बजे पहुंचकर 00 .52 बजे छूटेगी ।नाहरलागुन से 20 जुलाई,2024 से चलने वाली 22411 नाहरलागुन-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस न्यू मीसामारी स्टेषन पर 20 जुलाई,2024 से 01.00 बजे पहुंचकर 01.02 बजे प्रस्थान करेगी ।

दो ट्रेनों के ठहराव की अवधि बढ़ायी गयी

गोरखपुर, अमृत विचार ।रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के रामागुंडम, चिराला, महबूबनगर स्टेशनों पर पूर्व से दिया जा रहा निम्न गाड़ियों का प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक निम्नवत बढ़ाया जायेगा। रामेश्वरम् से 24 जुलाई से चलने वाली 22535 रामेश्वरम्-बनारस एक्सप्रेस का रामगुंडम स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक जारी रहेगा । एर्नाकुलम से 26 जुलाई से चलने वाली 12522 एर्नाकुलम्-बरौनी एक्सप्रेस का चिराला स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक जारी रहेगा ।गोरखपुर से 23 जुलाई से चलने वाली 15023 गोरखपुर-यशवन्तपुर एक्सप्रेस का महबूबनगर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक जारी रहेगा।

गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराएं कार्यदायी संस्थाएं : जिलाधिकारी

डीएम ने अधिकारियों के साथ की जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में बुधवार की दिवस देर रात्रि जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

डीएम ने जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्थावार प्रगति की जानकारी प्राप्त की। जनपद में कार्यदायी संस्था मेघा के कुल 176, जैक्शन के 423 जिसमें 393 पर कार्य चल रहा है, एससीएल 163 प्रोजेक्ट हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबधित संस्थाओं के मैनेजरों को निर्देश दिया कि योजना की स्वीकृति शासन द्वारा सभी संस्थाओ को दी गयी है। जिसके कार्य पूर्ण करने की अवधि एक वर्ष थी। जानकारी के अनुसार शासन ने कार्य पूरा करने की अवधि छह माह और बढ़ाई है ।

डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि प्रायः गांवों के निरीक्षण में ये शिकायतें मिलती हैं कि पाइप जमीन में डालते समय गड्ढे खोदकर छोड़ दिये गये हैं और इंटरलांकिग संड़को को भी खोद दिया गया है। इसे मानक के अनुरूप ठीक कराने का निर्देश दिया। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को डीएम ने निर्देश दिया कि टीम बनाकर जल जीवन मिशन योजना के कार्यो का सत्यापन कराया जाये।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी डॉ1 राजा गणपति आर .। अमृत विचार

डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने सभी कार्यदायी संस्थाओ के प्रोजेक्ट मैनेजरो को निर्देश दिया कि अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य में प्रगति लाकर लक्ष्य का प्रतिशत बढ़ाये। डीएम ने निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन योजना में हर घर जल का कनेक्शन शत-प्रतिशत पूर्ण होने एवं ग्राम पंचायत कमेटी द्वारा सभी कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही हैण्डओवर किया जायेगा। संबधित एजेंसी जितने प्रोजेक्ट का कार्य जनपद में कर रही है, कार्य पूर्ण होने के बाद 10 वर्षो तक देखरेख एवं संचालन वही करेगी। इस बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम मदन लाल, सहायक अभिन्ता जल निगम महेश प्रसाद, उमेश चौधरी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य संबधित कर्मचारी उपस्थित थे।

आबकारी विभाग की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर हुई। डीएम ने आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यू कुमार से जनपद में आबकारी विभाग द्वारा शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति के संबध में जानकारी प्राप्त की । बैठक के दौरान डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने जिला आबकारी अधिकारी से जानकारी ली कि अवैध शराब की छापेमारी किस प्रकार की जाती है, फोर्स उपलब्धता के संबध में भी जानकारी ली। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नदी के किनारे बसे लोगो द्वारा महुआ शराब बनाये जाने की सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय थाने से पुलिस बल प्राप्त कर अवैध शराब पकड़कर उसे नष्ट कर दिया जाता है। अवैध शराब बनाने वाले जो लोग पकड़े जाते हैं, उन्हें आबकारी एक्ट के अन्तर्गत जेल भेजा जाता है।

बैठक में आबकारी इंस्पेक्टर अवनीश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, रितिक वर्मा, मोनी शुक्ला, अमरेन्द्र कुमार सिंह आदि थे।

डीएम ने की डूडा की योजनाओं की समीक्षा

सिद्धार्थनगर , अमृत विचार। डीएम डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं एडीएम उमाशंकर की उपस्थिति में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित योजनाओ की समीक्षा बैठक डीएम कैम्प कार्यालय पर हुई। डीएम ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित मलिन बस्ती योजना के अन्तर्गत शासन से स्वीकृत कार्यों को पूरा कराने का निर्देश दिया। पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत प्रथम किश्त 4942, द्वितीय किश्त 1499 एवं तृतीय किश्त 216 ऋण वितरण को लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन नगर निकायों में फैमिली प्रोफाइलिंग का कार्य अधूरा है, उसे जल्द पूर्ण कराया जाये। स्वरोजगार योजनान्तर्गत व्यक्ति ऋण तथा समूह ऋण की पत्रावली को बैंक से समन्वय स्थपित कर लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना अधिकारी, डूडा, शहर मिशन प्रबन्धक, सिविल इंजीनियर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, सामुदायिक आयोजक, सहायक अभियन्ता डूडा, अवर अभियन्ता डूडा, उपस्थित रहे।

महिला बंदियों के लिए डिजिटल कक्ष शुरू

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार । अशोक मार्ग स्थित जिला कारागार में शिव नाडर फाउंडेशन की ओर से महिला बंदियों के लिए डिजिटल कक्ष की शुरुआत प्रभारी अधीक्षक राम सिंह ने की । इस अवसर पर जेल अधीक्षक ने कहा कि संस्था पिछले तीन वर्षों से जेल के बंदियों को शिक्षा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के तहत डिजिटल कक्षा का संचालन कर रही है। संस्था की ओर से कारगर को स्मार्ट क्लास के लिए डिजिटल कॉन्ट्रैक्ट के साथ लैपटॉप प्रोजेक्टर साथ ही किताब वर्कबुक पेंसिल रबर कटर सामग्री दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य संसाधन केंद्र नई किरण किताब पर आधारित डिजिटल कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से साक्षर बनाने की दिशा में चल रहा कार्य काफी सराहनीय है।

भाजपा विधायक खुद को बता रहे जान का खतरा

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। भाजपा विधायक ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस हमारी नहीं सुन रही हमारी हत्या हो सकती है । कई बार विधायक कैंपियरगंज विधानसभा फतेह बहादुर सिंह ने पुलिस पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि पुलिस हमारी नहीं सुन रही है। वहीं दूसरी तरफ एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर वीडियो जारी कर बताया कि विधायक कैम्पियरगंज फतेह बहादुर सिंह द्वारा कुछ दिनों पूर्व एक प्रार्थनापत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि सूत्रों से जानकारी हुई है कि राजू रंजन चौधरी उनकी हत्या कराने के लिये कई लोगों से चंदा इकट्ठा कराकर उन पर हमला कराने की साजिश रच रहा है। प्रार्थनापत्र प्राप्त होने के उपरान्त तत्काल इस प्रकरण की जांच एसपी उत्तरी के निर्देशन में एसओजी, स्वॉट व सर्विलॉस टीम को सौंपी गयी। विधायक द्वारा दी गयी जानकारी के आधार पर तथ्यों की जानकारी की कार्यवाही उसी दिन से चल रही है। एसटीएफ को भी जांच के लिये अवगत कराया गया है। लोकल एसटीएफ यूनिट के स्तर से भी इस प्रकरण की जांच की जा रही है। विधायक को वर्तमान समय में वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। समय-समय पर उनकी सुरक्षा की समीक्षा की जाती है।

निरीक्षण में नदारद मिले नौ शिक्षक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। अनुपस्थित नौ शिक्षकों और तीन कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटौती के निर्देश दिए हैं। कई विद्यालयों में बायोमेट्रिक खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की।

जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज तेतरी बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें परिसर में जलजमाव मिला। बच्चों की संख्या कम मिली। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का नामांकन

कार्रवाई

▸▸ डीआईओएस ने एक दिन का वेतन काटने का दिया निर्देश

संख्या न बढ़ने पर यहां के शिक्षकों को दूसरे कॉलेज में संबद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी। श्री दुर्गाजी पटेश्वरी इंटर कॉलेज पटनी जंगल के निरीक्षण में प्रधानाचार्य 8.15 बजे पहुंचे, जबकि स्कूल का समय 7.30 बजे से ही है। उन्हें फटकार लगाई। सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार चौधरी, राजदीपक अवस्थी, पूनम चौरसिया, कर्मी रामानंद अनुपस्थित मिले। बायोमेट्रिक खराब होने पर रोष जताते हुए डीआईओएस ने जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के निरीक्षण समय में प्रधानाचार्य 8.45 बजे पहुंची। जबकि सहायक अध्यापक निशा फातिमा, सुमन प्रजापति, सीमा भारती, वरिष्ठ सहायक अखिलेश कुमार, परिचायक राजेश कुमार अनुपस्थित मिले। बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर के निरीक्षण में निरीक्षण के समय 9.15 बजे अध्यापक यशवंत कुमार पहुंचे, जिस पर नाराजगी जताई। जबकि सहायक अध्यापक शिल्पी कुमारी, सचि कुमार, कर्मचारी शुभम अनपुस्थित थे। यहां भी बायोमेट्रिक मशीन खराब पाया। जिसे जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि बायोमेट्रिक मशीन में हाजिरी के आधार पर ही वेतन देय है।

रेल दुर्घटना की जांच के लिए लगायी गयी विशेष टीम

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार । पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खण्ड पर गोण्डा में रेल दुर्घटना के कारणों की जांच हेतु उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया है।

साइट पर रेल संचलन बहाल करने हेतु रेस्टोरेशेन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। दुर्घटना में घायल यात्रियों को जिला चिकित्सालय, गोण्डा में भर्ती कराया गया है। जहाँ उनका इलाज चल रहा है और महाप्रबन्धक सुश्री सौम्या माथुर ने जिला चिकित्सालय, गोण्डा पहुँच कर घायल यात्रियों से मुलाकात कर कुषल क्षेम पूछा और उन्हें उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आष्वासन दिया और उन्होंने रेल अधिकारियों को उनके उचित देख-भाल का निर्देश दिया। इस खण्ड पर चलने वाली निम्न गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तिन एवं शार्ट टर्मिनेषन/षार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया गया है।

निरस्तीकरण : लखनऊ जं. एवं पाटलिपुत्र जं. से 19 जुलाईको चलने वाली 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं ऐषबाग से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 15069/15070 गोरखपुर-ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। भटनी एवं अयोध्या धाम से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05425/05426 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं गोरखपुर से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05031/05032 गोण्डा-गोरखपुर-गोण्डा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं गोण्डा से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05093/05094 गोरखपुर-गोण्डा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी को निरस्त रहेगी। छपरा एवं मथुरा जं. से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 22531/22532 छपरा-मथुरा-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नकहा जंगल एवं नौतनवा से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05377/05378 नकहा जंगल-नौतनवा-नकहा जंगल विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं सीतापुर से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05091/05092 गोण्डा-सीतापुर-गोण्डा विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं सीतापुर से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05453/05454 गोण्डा-सीतापुर-गोण्डा विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

सीतापुर एवं शाहजहाँपुर से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05459/05460 सीतापुर-षाहजहाँपुर-सीतापुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा से 20 जुलाई, 2024 को चलने वाली 05032 गोण्डा-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन : गोरखपुर से 19 जुलाई, 2024 को प्रस्थान करने वाली 12531 गोरखपुर-लखनऊ जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।

गोरखपुर से 19 जुलाई, 2024 को प्रस्थान करने वाली 12511 गोरखपुर-कोचुवेली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।गोरखपुर से 19 जुलाई, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05053 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।

कटिहार से 18 जुलाई, 2024 को प्रस्थान करने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 19 जुलाई, 2024 को प्रस्थान करने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विषेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।बरौनी से 19 जुलाई, 2024 को प्रस्थान करने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।रक्सौल से जुलाई, 2024 को प्रस्थान करने वाली 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस सत्याग्रह एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सार-संक्षेप

टीटीई ने की यात्रियों की सहायता

आशीष कुमार।

गोरखपुर, अमृत विचार, पूर्वोत्तर रेलवे गोंडा मनकापुर के बीच मोतीगंज स्टेशन पर हुए रेल हादसा के दौरान घायल टीटी आशीष कुमार ट्रेन हादसे में घायल होते हुए भी यात्रियों की मदद को खड़े रहे । बताते चलें कि गाड़ी संख्या 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस मोतीगंज स्टेशन के निकल दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस ट्रेन के एसी कोच कंडक्टर आशीष कुमार ने यात्रियों की मदद की। घायल यात्रियों को ट्रेन से उतारकर बस में बैठाने में मदद की। वह लगातार यात्रियों के सेवा में लग रहे। वहीं जब रेलवे का प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा तो उन्होंने उच्च अधिकारियों को पूरी रिपोर्ट दी।

31 तक हर हाल में पूरा कराएं निर्माण कार्य : नगर आयुक्त

गोरखपुर, अमृत विचार । नगर आयुक्त द्वारा चरगांवा वार्ड में निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, गाड़ियों की मरम्मत हेतु महेवा में बना रहे वर्कशॉप, राप्ती नदी के किनारे ने एकला बंधे पर लिगसी वेस्ट के निस्तारण के बाद जमीन पर चल रहे पौधरोपण कार्य एवं नौसड़ में बन रहे पशु शवदाहगृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता एवं संबंधित अवर अभियंता आदि उपस्थित थे। नगर आयुक्त द्वारा चारगांवा में बन रहे गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गति काफी धीमी पाई गई। नगर आयुक्त द्वारा अधिशासी अभियंता अमरनाथ को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि 31 जुलाई तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाए। इसके पश्चात नगर आयुक्त द्वारा महेवा में गाड़ियों की मरम्मत हेतु बन रहे वर्कशॉप का निरीक्षण किया गया। यहां भी निर्माण कार्य की गति काफी धीमी पाई गई नगर आयुक्त द्वारा अधिशासी अभियंता अशोक भाटी एवं ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि 15 दिनों के अंदर निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। इसके पश्चात नगर आयुक्त द्वारा नौसड़ में बन रहे पशु शवदाहगृह का निरीक्षण किया गया एवं निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

समाजवादी शिक्षक सभा ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट

बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट बांटते शिक्षक सभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' के नेतृत्व में शोहरतगढ़ विधानसभा में तुलसियापुर चौराहे के समीपवर्ती बाढ़ प्रभावित गांव तौलिहवा, बालानगर,खैरी शीतल प्रसाद, भुतहवा में 1 हजार लंच पैकेट का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त आस पास के बाढ़ग्रस्त गांवों में दौरा कर पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया गया। श्री मिश्रा ने जिला प्रशासन आरोप लगाते हुए कहा कि शोहरतगढ़ तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भुतहिया में बाढ़ राहत केंद्र से राहत सामग्री में सड़ा हुआ आलू दिया जा रहा है। जो केंद्र के सामने खुले में कई बोरे पड़ा हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। श्री मिश्रा ने कहा समाजवादी किचन अभियान के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जब तक सामान्य स्थिति नहीं हो जाती लंच पैकेट उपलब्ध कराने का क्रम चलता रहेगा। इस अवसर पर सर्वश्री शकील शाह जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, जय करन गौतम, महबूब आलम, शफात अहमद ,किशोरी, निसार अहमद, अतुल दूबे, अभिनय, विष्णु, नूर मोहम्मद सहित अन्य लोग अभियान में सहयोगी रहे।

बाढ़ प्रभावितों की मदद करने में प्रशासन फेल : सिंह

शोहरतगढ़/ सिद्धार्थनगर अमृत विचार। तहसील शोहरतगढ़ के विकास खण्ड बढ़नी के बाढ़ से प्रभावित गांवों का दौरा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने बुधवार को किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित कठेला-तुलसियापुर मार्ग के माटीयार उर्फ भुतहवा, खैरीशीतल प्रसाद, चिरहना, तौलिहवा, खैरी झुंगहवा, तिरछवा, तालकुंडा, पकडीहवा, खैरा, गडरखा, तिरछवा समेत दर्जनों गांव, भयंकर बाढ़ के पानी से पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं। बाढ़ प्रभावित लोग रोजमर्रा से जुड़ी चीजों को लेकर परेशान हैं। वहीं स्टीमर द्वारा गांवों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित लोग मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता एवं मदद करने में शासन-प्रशासन पूरी तरह से फेल है। इस दौरान रामू यादव, विष्णु उमर, गुड्डू सिंह, रामपाल चौधरी आदि लोग मौजूद रहें।

अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

संवाददाता, उसका बाजार सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में एक सप्ताह से खराब विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता त्रस्त है। बिजली आने जाने का कोई निर्धारित शेड्यूल न होने से लोगो के लिए विद्युत आपूर्ति बेमतलब साबित हो रही है। इससे लोगो ने काफी आक्रोश है। खराब बिजली आपूर्ति से अजीज आकर कस्बा के मुख्य बाजार सुभाष नगर वार्ड में गुरुवार को विद्युत उपभोक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर , विद्युत आपूर्ति न सुधरने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी है।

बद से बदतर विद्युत आपूर्ति से अजीज आकर कस्बा के सभासद विभूति अग्रहरी, गोपाल अग्रहरी, अनूप मोदनवाल,मो अजमेर, मो यकीम, विजय अग्रहरी, घनश्याम अग्रहरी, मुन्ना पटवा, मो असलम, रजत, विजय पटवा, तुफैल अहमद, कन्हैया पटवा , मो रिजवान, मो फैजान, प्रेम वर्मा, अशोक गुप्ता, अमित, सुधीर, राजन विश्वकर्मा, राजन वर्मा, इंद्रसेन अग्रहरी,इंद्रजीत, मो आयूब, रवि जायसवाल, मो अनुब आदि ने विरोध प्रर्दशन किया और कहा है की यदि विद्युत विभाग आपूर्ति व्यवस्था में आबिल्म सुधार नहीं करता है तो उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा साथ ही इस समस्या से सीएम योगी आदित्य नाथ को भी अवगत कराया जाएगा। कस्बा के लोगो का कहना है कि दिन में बीस बार से अधिक बिजली शट डाउन के नाम और अन्य कारण बताकर काटा जा रहा है।

इस भीषण गर्मी में दिन रात विद्युत कटौती से सभी का जीना मुहाल हुआ है। उपभोक्ताओं का कहना है की पावर हाउस उसका पर बिजली के बारे में पूछने पर बताते है की एस डी ओ लोटन की आपूर्ति के लिए शट डाउन लिए है। यह समस्या एक सप्ताह से बनी है। खराब विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता त्रस्त हो चुके है।

बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

गोंडा रेल हादसा : दुर्घटना राहत यान मौके पर पहुंचा

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार । पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खण्ड पर मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के अवपथन के फलस्वरूप गोण्डा से दुर्घटना राहत चिकित्सा यान दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई है। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। रेल यात्रियों की मदद एवं अन्य जानकारी हेतु रेलवे द्वारा हेल्प लाइन नम्बर जारी किये गये हैं।

गोण्डा - 895740096 लखनऊ - 8957409292 सीवान - 902662425, छपरा - 8303979217, देवरिया सदर- 8303098950। इस खण्ड पर चलने वाली निम्न गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन कर चलाया जा रहा है। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाई जा रही है। 15653 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते चलाई जा रही है।अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड जया वर्मा सिन्हा ने जिला चिकित्सालय गोण्डा पहुँचकर भर्ती घायल यात्रियों के उपचार की जानकारी प्राप्त की ।

सिद्धार्थ विवि प्रशासनिक भवन के प्रस्तुतीकरण सभागार में शिक्षक परिचयात्मक समारोह का आयोजन

शैक्षणिक परिसरों में आध्यात्मिक ऊर्जा जरूरी : कुलपति

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में गुरुवार को प्रशासनिक भवन के प्रस्तुतीकरण सभागार में कुलपति शिक्षक परिचयात्मक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शैक्षणिक परिसरों में आध्यात्मिक ऊर्जा का बहुत महत्व होता है। परिसर की सकारात्मक ऊर्जा वहां पढ़ने और पढ़ाने वाले छात्र और शिक्षकों को बहुत समर्थवान बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत की गुरुकुल व्यवस्था इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। प्राचीन भारत की गुरुकुल व्यवस्था में गुरु शिष्य की परम्परा का सर्वाधिक महत्व था। आधुनिक समय मे गुरुकुल की इस परम्परा की स्थापना एक चुनौती है। निश्चित ही आदर्श गुरु और समर्पित छात्र का सम्बन्ध किसी भी शिक्षण संस्थान की उन्नत का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए शैक्षणिक परिसरों को आधुनिक गुरुकुल बनाने के लिए विज्ञान के साथ विरासत को भी यथोचित स्थान देना होगा। तभी भारत को विश्व गुरु बनायें जा सकता है । उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के सभी पूर्व कुलपतियों ने बहुत समर्पण के साथ विश्विद्यालय के किये अपना योगदान किया है। इसी कारण से इतने पिछड़े अंचल में और सुविधा न होने के बावजूद भी विश्वविद्यालय अन्य से उच्चतम स्तर पर है। इस अवसर पर डॉ. अमरेन्द्र कुमार सिंह ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर शिवम शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर हरीश कुमार शर्मा, प्रोफेसर दीपक बाबू, प्रोफेसर प्रकृति राय, प्रोफेसर नीता यादव, प्रोफेसर सुनील कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर सत्येन्द्र दूबे, डाक्टर जितेन्द्र सिंह, डाक्टर अखिलेश दीक्षित, डाक्टर कौशलेन्द्र चतुर्वेदी, डाक्टर मनीष शर्मा, डाक्टर आशुतोष श्रीवास्तव, डाक्टर आशुतोष वर्मा, डा0 विशाल गुप्ता, डाक्टर सच्चिदानंद चौबे, डाक्टर सुनीता त्रिपाठी आदि थे।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के प्रशासनिक भवन में कार्यक्रम को संबोधित करतीं कुलपति प्रो . कविता शाह।

अभय रेलमंत्री राजभाषा पदक के लिए नामित

गोरखपुर, अमृत विचार। भारतीय रेल पर रेलवे बोर्ड द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में सराहनीय योगदान करने वाले रेल अधिकारी को रेलवे बोर्ड द्वारा रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अभय कुमार गुप्ता को वर्ष 2022 में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिये रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित करने हेतु नामित किया गया है। वर्ष 2022 में अभय कुमार गुप्ता दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में मंडल रेल प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

एक नजर

वाहन चेकिंग अभियान तेज दो किए गए सीज

मुंशीगंज, अमेठी। पिछले एक महीने के भीतर हुई सड़क दुघर्टनाओं को शासन ने गंभीरता से लिया है। शासन के निर्देश पर पीटीओ मनोज कुमार शुक्ल और एआरएम काशी प्रसाद ने डग्गामार वाहनों के विरुद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया है। दो दिन के भीतर अभियान के दौरान दो वाहनों को सीज किया गया है। चार वाहनों का चालान किया गया है। जिले के सभी मार्गों पर डग्गामारी तेज है। डग्गामार वाहन रोडवेज को रोज लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। डग्गामार वाहनों के चालक अधिक सवारियां भरते हैं और कमाई करने के लिए ओवर लोडिंग करते हैं। मार्गों पर जरा सी असावधानी होने पर दुर्घटनाएं हो रही है।

रूपापुर में एक मकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

पाली, हरदोई। सवायजपुर थाना क्षेत्र के रूपापुर में बुधवार रात को शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के डबड़ी गांव निवासी सत्येंद्र रूपापुर में किराए के मकान में रहता है। बुधवार रात उसके मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। सत्येंद्र की सूचना पर रूपापुर चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। आग से कुछ घरेलू सामान जल गया।

पुलिस ने छह जुआरियों को हिरासत में लिया

पाली, हरदोई। थाना पुलिस ने कस्बा निवासी 6 युवकों को हिरासत में लिया है। बताते चलें कि पाली कस्बे में जुआं हो रहा था, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का स्थानीय पुलिस ने संज्ञान लिया और सभी छह जुआरियों को हिरासत में लिया है। जिनके नाम जगदीश, मंजेश उर्फ पतलू, रमी, विष्णु, संजय उर्फ छंगा, अनुज निवासीगण मोहल्ला पटियानीम हैं।

ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी

संवाददाता, अमेठी

अमृम विचार। जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी(पं.) निशा अनंत ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उप्र लखनऊ की अधिसूचना के अनुपालन में जनपद के सम्बन्धित विकास खण्डों में ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त स्थानों पर निर्वाचन होने हैं। नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 22 पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 23 को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापसी 24 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन 24 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक एवं मतदान 6 अगस्त को प्रातः 7 बजे से 5 बजे तक तथा मतगणना 8 अगस्त को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न किया जायेगा।

उन्होंने बताया उल्लिखित समय सारिणी के अनुसार ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त 13 विकास खण्डों क्रमशः सिंहपुर के ग्राम पंचायत खानापुर चपरा वार्ड 02 में महिला पिछड़ा वर्ग, पेड़रिया वार्ड 09 में पिछड़ा वर्ग, रस्तामऊ वार्ड 13 में अनारक्षित, कुकहारामपुर वार्ड 08 में महिला पिछड़ा वर्ग, रतवलिया मंझार वार्ड 11 में अनुसूचित जाति व खारा वार्ड 14 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-भादर के ग्राम पंचायत वासुदेवपुर वार्ड 09 में पिछड़ा वर्ग, त्रिसुण्डी वार्ड 15 व छीड़ा वार्ड 01 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-अमेठी के ग्राम पंचायत नरैनी वार्ड 04 एवं रायदेयपुर वार्ड 01 में अनराक्षित श्रेणी, वियसिया वार्ड 01 में महिला अनुसूचित जाति, भगनपुर वार्ड 03 में महिला श्रेणी, राजापुर कोहरा वार्ड 06, कटरामहरानी वार्ड 05 व डेहरा वार्ड 08 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-बाजार शुकुल के ग्राम पंचायत इक्काताजपुर वार्ड 06 में महिला श्रेणी व ब्योरेमऊ वार्ड 08 में अनुसूचित जाति श्रेणी, वि0ख0-जामों के ग्राम पंचायत भोंए वार्ड 11 एवं सिरखिरी वार्ड 02 में अनारक्षित श्रेणी, घोसियान वार्ड 03 में अनुसूचित जाति श्रेणी, घोसियान वार्ड 06 में महिला श्रेणी, बरेहटी वार्ड 05 एवं पूरे चितई वार्ड 06 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-शाहगढ़ के ग्राम पंचायत सेवई हेमगढ़ वार्ड 05 में अनुसूचित जाति श्रेणी, भनियापुर वार्ड 01 में अन्य पिछड़ा वर्ग, नोहरेपुर वार्ड 10 में अनुसूचित जाति, जलामा वार्ड 03 एवं कुशबैरा वार्ड 07 में अनराक्षित श्रेणी, वि0ख0-बहादुरपुर के ग्राम पंचायत निगोहा वार्ड 03 में अन्य पिछड़ा वर्ग व बघेल वार्ड 09 में अनुसूचित जाति, वि0ख0-गौरीगंज के ग्राम पंचायत बेनीपुर बलदेव वार्ड 03 में अन्य पिछड़ा वर्ग व बासूपुर वार्ड 01 में महिला श्रेणी, वि0ख0-तिलोई के ग्राम पंचायत अकबरपुरफर्शी वार्ड 09 में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अकबरपुरफर्शी वार्ड 12 में अनारक्षित श्रेणी, वि0ख0-जगदीशपुर के ग्राम पंचायत बाबूपुर सरैया वार्ड 03 में अनुसूचित जाति महिला श्रेणी, बढ़ौली वार्ड 04 में अनुसूचित जाति श्रेणी व मुबारकपुर वार्ड 11 में अन्य पिछड़ा वर्ग, वि0ख0-संग्रामपुर के ग्राम पंचायत शुकुलपुर वार्ड 07 में अनारक्षित श्रेणी, मिश्रौली वार्ड 07 में अनुसूचित जाति महिला श्रेणी, बनवीरपुर वार्ड 07 एवं कनू वार्ड 05 में अनराक्षित श्रेणी व तारापुर वार्ड 07 में अनुसूचित जाति एवं वि0ख0-भेंटुआ के ग्राम पंचायत सनहा वार्ड 02 में अनारक्षित श्रेणी तथा वि0ख0-मुसाफिरखाना के ग्राम पंचायत कस्थुनी पूरब वार्ड 07 में अनुसूचित जाति हेतु सार्वजनिक सूचना निर्गत के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जायेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि उपर्युक्त उप निर्वाचन में ग्राम पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने, उनकी जॉच करने, उम्मीदवारी वापस लेने, प्रतीक आवंटन तथा मतगणना का कार्य व परिणाम की घोषणा भी सम्बन्धित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। इसके साथ ही उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

गर्मी में बिजली कटौती से हाहाकार

अघोषित कटौती, लो वोल्टेज से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग परेशान

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

अमृत विचार। एक ओर जहां चिपचिपाती गर्मी बढ़ रही है वहीं दूसरी और विद्युत कटौती से लोगों को बिजली रुला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दशा बहुत ही दयनीय होती जा रही है।

गांवों में बिजली आने का कोई समय नहीं है, अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है। 24 घंटे में मात्र 8 घंटे ही विद्युत आपूर्ति हो रही है, जिससे किसान को धान की रोपाई करने में बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश आबादी भी उमस भरी रात अंधेरे में ही कट रही है। इतना ही नहीं हल्के फाल्ट को भी ठीक करने में विभाग को घण्टे नहीं पूरी पूरी रात लग जा रहा है। गांव से कस्बे तक बिजली की समस्या एक जैसी है। नगर में बिजली के अभाव में लोगों को पीने के लिए पानी के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में सही तरीके से पहुंचने के लिए 33/11 के बी के 35 बिजली घर बने हैं इसमें एक-एक सैकड़ा से अधिक फीडर बनाए गए हैं।



सरकार करोड रुपए प्रतिवर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लगा रही है लेकिन इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है आए दिन 33 000 लाइन फाल्ट बताकर महज 24 घंटे में 8 घंटे ही विद्युत आपूर्ति हो रही है जिससे लोगों में भारी आक्रोश दिख रहा है। दिन में मात्र 10 मिनट तक ही रुकती है बिजली

क्षेत्र के डॉक्टर श्रीकांत शुक्ला कहते हैं कि मुख्यमंत्री योगी ने ग्रामीण अंचलों में 18 घंटे आपूर्ति का आदेश दिया था, लेकिन शुकुल बाजार क्षेत्र में बिजली आपूर्ति रोस्टर से नहीं मिल पा रही है। पता नहीं चलता कि लाइट कब आकर चली जाती है। हम लोगों को महज 8 से 9 घंटे बिजली मिल रही है, ऊपर से प्रत्येक 20 मिनट में लाइट का 5 मिनट का लंच ब्रेक के साथ ही लो वोल्टेज का सामना करना पड़ता है। शिकायत के बावजूद भी अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है।

इन्वर्टर चार्ज करने भर को भी नहीं मिल रही बिजली

सरकार करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लगा रही है लेकिन इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी विद्युत नहीं आती कि लोगों के इन्वर्टर चार्ज हो सके गर्मी के मौसम में तेज हवाएं आंधी चलने से अक्सर विद्युत तार व पोल टूट जाते हैं जो सप्ताह भर पड़े रहते हैं सरकार ने बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए तमाम प्रयास किए हैं लेकिन जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

अश्विनी यादव जेई ने कहा कि दिन में मात्र हमको दो ही घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए मिल रहे हैं, उसी में फाल्ट, ब्रेकडाउन शामिल होता है।

पुलिस ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, जगदीशपुर अमेठी

अमृत विचार। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भाले सुल्तान शहीद स्मारक (वारिसगंज) थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित आमघाट के नजदीक पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कुछ चार पहिया वाहन आते दिखे। रुकने का इशारा करने पर उक्त वाहन सवार भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आजाद नगर के पास से सभी को पकड़ लिया। स्कार्पियो वाहन पर बैठे चालक ने अपना नाम रिंकू उर्फ ओम प्रकाश यादव निवासी ग्राम भेला थाना सरपतहा जनपद जौनपुर, पास में बैठे व्यक्ति ने अपना धीरज लोना निवासी मगरसन कलां थाना करौंदी कलां जनपद सुल्तानपुर, बोलेरो चालक ने अपना नाम सिराज उर्फ सहनवाज निवासी ग्राम अमगिलिया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़, पिकअप चालक ने अपना नाम शिव कुमार सिंह निवासी कछवां रोड पूरे गांव थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी बताया। पुलिस ने पिकअप वाहन को चेक किया तो उसके डाले से कई वाहनों के पार्ट्स, एक गैस वेल्डिंग टंकी, एक अदद गैस कटर मय पाइप, एक अदद जनरेटर व सामान चढ़ाने-उतारने के लोहे का दो चैनल भी बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध गैर जनपद में चोरी समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

नहर में डूबे युवक का शव किया गया बरामद

हरदोई, अमृत विचार। शारदा नदी में नहा रहा युवक अचानक पानी में डूब गया। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को लगाया गया। 15 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान गुरुवार की सुबह शव बरामद किया जा सका। जिसे पुलिस ने अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि बुधवार की शाम हरियावां के कछुआपुर निवासी मोहन का 19 वर्षीय पुत्र गोविन्द गांव के पास से निकली शारदा नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह एका-एक गहराई में जाने से डूब गया था। गोविन्द अपने माता पिता का इकलौता बेटा था, उसकी एक बहन है। हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में को कोहराम बरपा हो गया। खेती-बाड़ी करने वाले मोहन का इकलौता पुत्र गोविन्द 10 वीं की पढ़ाई पूरी कर चुका था।

टीम ने टीन शेड निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। संग्रामपुर विकासखंड के मधुपुर खदरी में ग्रामसभा द्वारा सौंदर्यीकरण के तहत कराए जा रहे अमृत सरोवर तालाब के बगल टीन शेड निर्माण की जांच राजस्व व विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार को किया गया।

मधुपुर खदरी निवासी ग्रामीण ने अमृत सरोवर के बगल हो रहे टीन शेड की तालाब की भूमि में निर्माण न होने की शिकायत की थी। जिस पर गुरुवार को राजस्व व विकास विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर अमृत सरोवर के बगल हो रहे टीन शेड निर्माण की जांच की गई। जिसमें टीन शेड निर्माण के लिए ग्राम प्रधान द्वारा आरसीसी पीलर मौके पर बनाया पाया गया। उक्त तालाब की सीमा निर्धारित करने के सम्बंध में राजस्व व विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जांच की गई। कानूनगों द्वारा मौके पर तालाब का नजरे नक्शा बनाया गया। सीई रोहित त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम सभा के प्रस्ताव से तालाब सौंदरीकरण के तहत निर्माण कार्य हो रहा है। निर्माण कार्य की आईडी जेनरेट हुई है। टीन शेड का निर्माण कार्य अमृतसरोवर तालाब के लिए दर्ज भूमि पर हो रहा है। कानूनगो राजेश कुमार ने टीन शेड निर्माण कार्य तालाब की भूमि पर होने या न होने के बारे में कुछ नहीं बताया।

बहन की मौत पर भाई ने लगाया हत्या का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। बहन की हालत में मौत होने पर उसके भाई ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार की शाम को पाली थाने के गदरिया गांव निवासी प्रदीप की 30 वर्षीय पत्नी नीरज की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसके भाई राम सुरेश निवासी पृथ्वीपुर थाना मिर्ज़ापुर ज़िला शाहजहांपुर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार को पति प्रदीप के अलावा ससुराली रामप्रताप, उमा, कृपाशंकर व मदनपाल ने पहले तो उसकी बहन की लाठी-डंडो से पिटाई कर दी, जब वह अधमरी हो गई तो उसे फांसी पर लटका दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

हर बाढ़ पीड़ित को मिलेगी मदद

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कृषक सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती की अध्यक्षता में तिलहन मेला, किसान दिवस व भूमि संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने हाल में हुए सड़क हादसों को लेकर कहा कि कोई भी सड़क के किनारे न सोये। साथ ही उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजनाओं का किसान बंधु लाभ उठायें। बाढ़ के दौरान हर प्रभावित की नियमानुसार सहायता के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। फसल बीमा योजना व किसान समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से किसानों को मजबूती मिली है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित नालों की मनरेगा योजना के अंतर्गत साफ कराया जाये। कृषि विकास योजना के अंतर्गत खेत तालाब को प्रोत्साहन दिया जाये। एफएसएसआई लाइसेंस के लिए कम से कम एक दर्जन एफपीओ को आवेदन कराया जाये। एफपीओ को कम ब्याज पर ऋण देकर व्यवसाय को प्रोत्साहित किया जाये।

विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार। विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा करते हुए चंद्रमपुर व टपुआ में पीड़ितों की समस्याएं सुनी। बीरमपुर के आठ और ललुआपुर गांव के पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। कहा कि सरकार दु:ख की इस घड़ी में उनके साथ हर तरह से खड़ी है। सभी फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है और जल्द ही मुआवजा दिलाया जाएगा। बाढ़ग्रस्त घरों को लेखपाल के माध्यम से चिन्हित कराकर आवश्यक खाद्य सामग्री एवं शासन स्तर से उपलब्ध किट का वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जिनके कच्चे मकान गिर गए उनको मुख्यमंत्री आवास योजना के नए मकान दिलाये जायेंगे। ग्रामीणों ने विधायक से गांव के क्षतिग्रस्त बेझा मंझा मार्ग और पुलिया के निर्माण की मांग की।

सार-संक्षेप

स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के प्रतिभागी खिलाड़ी। अमृत विचार

स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हरदोई को नौ मेडल

हरदोई, अमृत विचार। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित में किया। जीत कर वापस लौटने पर सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ। ताइक्वांडो कोच गुफरान ने बताया कि लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 40वीं सब जूनियर, 8वीं कैडेट, 42जूनियर और 41वीं सीनियर क्योरु और 8वीं पमसे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें जिले से सब जूनियर बालक वर्ग में अंडर 25 किलो भार वर्ग में साजेव ने गोल्ड मेडल, 27 किलो भार वर्ग में किशन मिश्रा ने बालिका वर्ग में ब्रांड मेडल, 24 किलो भार वर्ग में भूमिका और 37किलो भार वर्ग में रक्षिता, 29किलो भार वर्ग में आध्विक राज और 41किलो भार वर्ग में प्रिशु ने ब्रांज मेडल हासिल किया। बालिका 42 किलो भार वर्ग में दिव्यांशी श्रीवास्तव में गोल्ड मेडल हासिल किया। कार्तिकेय गुप्ता ने जूनियर बालक वर्ग में 59 किलो भार वर्ग में ब्रांज मेडल हासिल किया। कैडेट में बालक वर्ग में 45 किलो भार वर्ग में अक्षत सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया। सभी विजेताओं का एलओसी हिल्स पब्लिक स्कूल में जोर स्वागत हुआ।

लेखपाल संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अमेठी, अमृत विचार। तहसील में तैनात एसडीएम के स्टेनो की अभद्रता से आहत दर्जनों लेखपालों ने गुरुवार को तहसील में बैठक कर स्टेनो के व्यवहार की निंदा करते हुए ट्रांसफर की मांग की। लेखपालों ने ट्रांसफ़र की मांग को लेकर तहसीलदार को पत्र सौंपा। लेखपालों का आरोप है कि स्टेनो लगातार अभद्रता करते हैं जिससे लेखपालों में गुस्सा है। दरअसल अमेठी तहसील में एसडीएम के स्टेनो के पद पर बृजेश कुमार की तैनाती है, जो पिछले तीन सालों से अमेठी में तैनात हैं। लेखपालों का आरोप है कि बृजेश आए दिन लेखपालों से अभद्रता करते हैं और गलत लहजे में बाद करते हैं। स्टेनो के इसी व्यवहार से आहत लेखपालों ने तहसील परिसर में लेखपाल संघ के ऑफिस मे बैठक की। स्टेनो के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। लेखपालों ने 2023-24 का आय जाति निवास का मानदेय, एसीपी का लाभ, चुनाव में खर्च किए गए पैसे, क्रॉप कटिंग मानदेय और लेखपालों को एक तारीख को वेतन मिलने की बात कही।

ग्राम सभा की जमीन पर कब्जे की शिकायत

गौरीगंज , अमेठी। विकास शाहगढ़ की ग्राम पंचायत में कुछ अराजक तत्वों द्वारा अवैध कब्जे को लेकर ब्लाक प्रमुख सहित अन्य लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा कर जमीन को चिन्हित करायें जाने की मांग किया है। वृहस्पतिवार को विकास खण्ड शाहगढ़ ब्लाक प्रमुख सदाशिव यादव के नेतृत्व में शाहगढ़ के ग्राम पंचायत के लोगो ने जमीन पर अवैध कब्जे को हटवाये जाने को लेकर एसडीएम गौरीगंज को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि राजस्व ग्राम पंचायत की भूमि की राजस्व ग्राम शाहगढ़ के अभिलेखों में संरक्षित भूमि (भीटा) दर्ज है जिसके बीचोंबीच सरैया से चंदौकी मार्ग का सीसी रोड निर्माण हुआ है जिसके चारों तरफ अवैध कब्जा किया जा रहा। विदित हो कि गाटा संख्या 1920 से लगी हुई गाटा संख्या 1917 का कुछ अंश का बैनामा कांती पत्नी सुदीप कुमार पाण्डेय के द्वारा लिया गया है जिस पर न्यायालय एसडीएम द्वारा कब्जा परिवर्तन पर पूर्व में रोक लगा दी गई है। लोगों ने उक्त भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे की जमीन को चिन्हित कराकर कब्जेदारो के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य रोशन लाल, राजबहादुर, श्रीपाल, राकेश, संजय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर की बैठक

हरदोई, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में वृक्षारोपण "एक पेड़ मां के नाम" अभियान हेतु बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि एमएलसी अवनीश कुमार मौजूद रहे। एमएलसी अवनीश कुमार ने डीसीबी अध्यक्ष अशोक सिंह के हवाले से बताया कि जिले में संचालित 65 सहकारी संघों के माध्यम से प्रत्येक संघ के द्वारा 10 वृक्ष लगाए जाएंगे। जिन सूचीबद्ध सहकारी संघ के सदस्य द्वारा लगाए गए पेड़ विकास के पैमाने पर खरे पाए जाएंगे, उन्हें एमएलसी अवनीश कुमार अपनी ओर से सम्मानित भी करेंगे। इसके साथ ही पूरे जिले में भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों में वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा भी की गई तथा आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।

पुलिस ने लूट के आरोपियों को दौड़ा कर पकड़ा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। दनियापुर रेलवे फाटक के पास से कोतवाली पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से असलहा बरामद हुए। अभियुक्तों ने अपने नाम सोनू उर्फ सुन्ना विहिगवां थाना बेहटा गोकुल तथा गुड्डन मिश्रा निवासी नवरोजपुर नगरिया थाना शाहाबाद बताया। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

पत्नी की साड़ी से फंदा बना लगा ली फांसी

हरदोई, अमृत विचार। युवक ने शादी के 11वें महीने में कमरे के अंदर पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा का बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी 20 वर्षीय गौरव खेती-बाड़ी करता था। चार भाइयों में दो बड़े और एक उससे छोटा है। उसकी शादी के 11 महीने हुए थे। बुधवार शाम उसने कमरे के अंदर पत्नी सिद्धी की साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगाकर ली। जब पत्नी कमरे में पहुंची तो पति का शव लटका देख शोर मचाया।

पांच दिनों से उमरौली और मढ़िया गांव की बत्ती गुल

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पिछले लगभग 5 दिनों हो रही बिजली की समस्या से दो गांवों के सैकड़ों लोगों परेशान हैं। जब उनका सब्र जवाब दे गया तो दर्जनों लोग पावर हाउस जा पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के समक्ष समस्या रखी। विभाग के अधिकारी ने जेई व अन्य कर्मचारियों को फटकार लगाई और तुरंत समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

बताते चलें कि ग्राम सभा महोलिया शिवपार के मजरा मढ़िया और उमरौली में पिछले 5 दिनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। बताया जाता है कि रविवार को ट्रांसफार्मर फुंका था तब से लेकर आज तक बिजली आपूर्ति बाधित है। जिससे दोनों गांव के लोगों को बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। रात अंधेरे में गुजरनी पड़ रही है। बरसात की रात में लोगों को कीड़े मकोड़ों का भी भय बना बना रहता है। इसके साथ ही दिन में हो रही भीषण गर्मी भी लोगों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। लोगों ने जेई से बड़ा ट्रांसफार्मर रखने की बात की। बात नही बनीं तो लोगों का सब्र जवाब दे गया। मढ़िया और उमरौली के लगभग 40 से 50 लोग साण्डी रोड स्थित पॉवर हाउस जा पहुंचे जहां उन्होंने एक्सियन के समक्ष अपनी समस्या रखी। एक्सियन ने एसडीओ और जेई से पूछा। उन्होंने जेई व लाइनमैन सहित अन्य कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए तुरंत नया ट्रांसफार्मर रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर सुशील यादव, पप्पू, राहुल, नदीम, चमन, रमन, हसीन, अनमोल, शिव सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गांव में 100 केवी ट्रांसफॉर्मर रखने की मांग

मढ़िया और उमरौली गांव को पिछले लगभग 20 सालों से एक ही ट्रांसफार्मर से बिजली के सप्लाई होती चली आ रही है। 63 केवी का ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे बिजली की सप्लाई हो रही है। धीरे-धीरे उपभोक्ता भी बढ़ गए लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला। ट्रांसफार्मर आज भी वही चल रहा है। लोड अधिक होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर फुक जाता है और लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ता है। इस संबंध में गांव वालों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से 100 केवी ट्रांसफॉर्मर रखे जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर बड़ा ट्रांसफार्मर न रख पाए तो दोनों गांव के अलग-अलग ट्रांसफार्मर रख दिए जाएं ताकि बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या से लोगों को बिजली के संकट से न जूझना पड़े लेकिन आज तक इस संबंध में कोई कार्य नहीं हुआ।

जेई ने दी सफाई

मढ़िया और उमरौली गांव में आ रही बिजली समस्या के संबंध में जब जेई पूछा गया तो जेई ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण बिजली नहीं आ रही थी। ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। शाम तक बिजली चालू हो जाएगी। बताया कि दो गांव को बिजली एक ट्रांसफार्मर से सप्लाई होने के कारण ट्रांसफार्मर फुंक जाता है। ओवरलोड के कारण समस्या है।

आयोजन खेल दिवस के रूप में मनाया गया समाजसेवी व विधायक प्रतिनिधि का जन्मदिन

संदीप और अंजू ने जीती दौड़ प्रतियोगिता

संवाददाता, अमेठी, भादर

अमृत विचार। समाजसेवी अनुराग प्रजापति का जन्मदिन गुडुरी में खेल दिवस के रूप में मनाया गया। दौड़ प्रतियोगिता में आसपास के कई जनपदों के खिलाड़ी शामिल हुए। अनुराग प्रजापति ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए।

युवा समाजसेवी और विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति का जन्म दिन पारम्परिक तरीके से खेल दिवस के रूप में मनाया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के बाद सपा के वरिष्ठ नेता डॉ रूदल यादव ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए खेल को कैरियर बनाने को प्रेरित किया। कहा कि अनुराग प्रजापति स्वयं अच्छे खिलाड़ी हैं और विधानसभा क्षेत्र में होने वाली हर खेल कूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हैं। गुडुरी, अयोध्या नगर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुषों के लिए 1500 मीटर और 5000 मीटर तथा महिलाओं के लिए 3000 मीटर की दौड़ तथा लंबी कूद का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के 3000 मीटर - अंजू पाल (अमेठी) प्रथम, पूजा पटेल (प्रयागराज) द्वितीय, पूनम निषाद (गोरखपुर) तृतीय तथा बालक वर्ग के 5000 मीटर के दौड़ में संदीप यादव(वाराणसी) को प्रथम, शैलेश कुशवाहा (प्रयागराज) को द्वितीय तथा गोलू मौर्य(अयोध्या) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में अकबाल सिंह, संदीप सिंह, सुभाष सिंह, कमलेश पाल, गीता पाल, संजय तिवारी, संदीप दुबे, लखन यादव शामिल रहे। अरुण प्रजापति, शंभू यादव पूर्व डीडीसी, श्री नाथ यादव, पूर्व प्रधानाध्यापक, अभिषेक यादव, सोनू सिंह जितेंद्र पाल, प्रद्युम यादव, आनंद राज बीडीसी, धीरज पाल आदि मौजूद रहे।

प्रमाण पत्र के साथ विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

मां के लिए खाना बना रहे किशोर को सर्प ने डसा, मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। 12 साल का बेटा अपनी लकवा पीड़ित मां के लिए खाना बना रहा था। उसी बीच उसे सांप ने डंस लिया। पिता और उसका बड़ा भाई निमंत्रण से वापस आये तो पता चला। उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां मौत हो गई।

सुरसा थाने के दलेलपुर निवासी लज्जाराम की पत्नी रामलली लकवा पीड़ित है। उसके तीन बेटों में बड़ा बेटा बाहर है। 15 वर्षीय बेटा हिमांशु और 12 वर्षीय प्रांशू घर में रहकर घरेलू कामकाज में हाथ निपटाते हैं। बुधवार की सुबह लज्जाराम बड़े बेटे हिमांशु के साथ अपने मामा के घर न्यौते में आदमपुर गया था। शाम को प्रांशू मां के लिए खाना बना रहा था, उसी बीच उसे सांप ने डंस लिया। लज्जाराम वापस लौटा और प्रांशू की गंभीर हालत देखकर उसे मेडिकल कालेज ले गया, लेकिन उसी बीच प्रांशू की मौत हो गई।

छत पर सो रहे युवक को सांप ने डसा, मौत

हरदोई, अमृत विचार। मकान की छत पर सो रहे युवक को सांप ने डस लिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिहानी कोतवाली के हिंदू नगर निवासी विजय पाल का 20 वर्षीय पुत्र कमलेश राठौर मंगलवार की शाम को कमलेश खाना खाने के बाद सोने के लिए छत पर चला गया। जहां देर देर रात उसे सांप ने डस लिया। कमलेश को परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बुधवार की रात उसकी मौत हो गई।

एक नजर

वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग 2029 तक 420 अरब डॉलर का होगा

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के गैर-कार्यकारी चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अजय चौधरी ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का आकार 2024 में 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है। 2029 तक 420 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण इस क्षेत्र में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। चौधरी ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर सरकार का कदम, साथ ही युवा और प्रौद्योगिकी-प्रेमी आबादी की वजह से वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर जा रहा है। उद्योग निकाय एसोचैम ने कहा कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है और 2029 तक यह 420 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा।

सोने में लगातार छठे सत्र में तेजी, 700 रुपये और मजबूत

नई दिल्ली। ताजा घरेलू मांग के साथ साथ रुपये में अवमूल्यन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 700 रुपये की बढ़त के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिल्ली में सोने में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही। सोना 700 रुपये की तेजी के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 750 रुपये बढ़कर 76,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत पिछले सत्र के 94,400 रुपये प्रति किलो से 400 रुपये घटकर 94,000 रुपये प्रति किलो रह गई।

खाद्य सामग्री महंगी होने पर अर्थशास्त्रियों ने जताई चिंता

आरबीआई बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक वाले लेख में खुलासा

मुंबई, (एजेंसी)

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को जुलाई माह का बुलेटिन जारी किया। इसमें कहा गया है कि 2024-25 की दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले। बावजूद इसके खाने के सामानों की महंगाई चिंता का विषय है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित इस लेख में कहा गया है कि कृषि का माहौल, गांवों में खर्च में सुधार ने मांग में तेजी लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीनों तक नरम रहने के बाद जून 2024 में बढ़ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बड़े पैमाने पर तेजी आना है। यहां

- लेख में कहा गया कि दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले
- जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंची जबकि मई में यह 4.8 प्रतिशत थी

यह जानना जरूरी है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई है जबकि इसके एक महीने पहले मई में यह 4.8 प्रतिशत पर थी। इस लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। इसमें कहा गया है कि यह तर्क दिया जाता रहा है कि खाने के सामान के दामों में तेजी अस्थायी है, लेकिन एक साल के अनुभव से यह बात सही साबित नहीं हो पा रही है। यह मूल्य के स्तर पर लगने वाले झटके में कोई छोटी अवधि नहीं बल्कि यह लंबी अवधि है।

लेख में कहा गया है कि यह साफ है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने हेडलाइन (कुल) मुद्रास्फीति को गति दी है और परिवारों की महंगाई की उम्मीदों पर इसका प्रतिकूल असर दिखा है। इससे मौद्रिक नीति और आपूर्ति प्रबंधन के माध्यम से मुख्य (कोर) और ईंधन मुद्रास्फीति में जो कमी आई, उसका ज्यादा लाभ नहीं हुआ।

एल्युमीनियम कबाड़ आयात पर शून्य शुल्क की मांग

नई दिल्ली। बजट से पहले पुनर्चक्रण उद्योग निकाय एआई ने सरकार से एल्युमीनियम कबाड़ पर आयात शुल्क हटाने का आग्रह किया। मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) के अनुसार, एल्युमीनियम कबाड़ की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से प्रति टन उत्पादन पर केवल 3 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि स्मेल्टर से 1 मीट्रिक टन एल्युमीनियम के उत्पादन पर 14 टन कार्बन उत्सर्जन होता है। एआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम पुनर्चक्रण उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2.5 प्रतिशत आयात शुल्क है। सरकार को इसे तब तक शून्य करना चाहिए जब तक कि घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण सामग्री (कबड़ा) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो जाए।

एफटीए से भारत-रूस व्यापार को मिलेगा बढ़ावा : जीटीआरआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्यात में वृद्धि, स्थानीय मुद्रा में व्यापार और यूरेशियन संघ से हुए समझौते

निर्यात बढ़ाने, स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे कदमों से भारत और रूस के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत को व्यापार घाटे को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि उसे रूस से बाजार मूल्य से सस्ते दाम पर कच्चा पेट्रोलियम तेल मिल रहा है। इससे भारत का समग्र तेल आयात बिल भी कम हो रहा है।

2022 में यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद से भारत और रूस के बीच व्यापार संबंधों में काफी बदलाव आया है। रूस से आयात में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2020-21 और 2023-24 में निर्यात 59% बढ़ा, वहीं आयात में भी वृद्धि हुई है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2023-24 में मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार 65.7 अरब डॉलर होने के साथ यह लक्ष्य हासिल हो सकता है। 2023-24 में रूस को भारत का निर्यात 4.3 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि कच्चे तेल से प्रेरित आयात 61.4 अरब अमरीकी डॉलर था।

दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स के दो ब्लॉक दुनिया की 10 बड़ी खदानों में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने दूसरा और चौथा स्थान पाया

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10% है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है। एसईसीएल ने कहा कि गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7 करोड़ टन है। इस खदान ने 2023-24 में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। जबकि कुसमुंडा ने 5 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया। एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।

जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : फिक्की

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किसे गये सर्वेक्षण के आधार पर आज जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है।

- बजट में रोजगार नवाचार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील

भारत सबसे बड़ा पॉम ऑयल बाजार : गनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत में चावल-चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की मलेशियाई मंत्री ने की अपील

मलेशिया के पौधरोपण और कमोडिटी मंत्री वायबी दातुक सेरी जौहरी बिन अब्दुल गनी ने आम चुनाव के दौरान भारत में चावल और चीनी जैसे आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत उनके लिए बहुत बड़ा पॉम आयॅल बाजार है क्योंकि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग इस सबसे बड़ा खरीददार है।

गनी ने भारतीय वनस्पति-तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) द्वारा आईवीपीए ग्लोबल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर यह बात कही। कॉन्फ्रेंस की थीम- वेज ऑयल्स विजन 2030: अवसर और चुनौतियां थी। गनी ने कहा कि मलेशिया पर भारत के निर्यात प्रतिबंधों के प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अगर भारत खुलता है, तो यह मलेशिया के लिए फायदेमंद होगा। भारत को पाम ऑयल का महत्वपूर्ण निर्यातक मलेशिया, भारत के सुरक्षात्मक उपायों से खुद को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाता है। पिछले वर्ष मलेशिया से भारत को पाम ऑयल और पाम ऑयल उत्पादों का निर्यात कुल 33 लाख टन था, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर था, जो मलेशिया के पाम ऑयल निर्यात का 13% था।

उन्होंने कहा कि 2023 में भारत में तेल और वसा की खपत 2.72 करोड़ टन था और इसमें पॉम ऑयल की हिस्सेदारी 36% थी। भारत में खाद्य और अखाद्य क्षेत्रों में पॉम ऑयल की मांग में तेजी आ रही है क्योंकि मध्यम वर्ग में वृद्धि हो रही है। अभी भारत में मध्यम वर्ग की आबादी 31% है, जिसके 2031 तक बढ़कर 38 % होने का अनुमान है और 2047 तक यह आबादी 60% हो जायेगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

प. बंगाल में किशोरी से दुष्कर्म, चार नाबालिगों सहित सात गिरफ्तार

जलपाईगुड़ी, (प. बंगाल), प. बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चाय बागान में 4 नाबालिगों समेत सात लोगों ने किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के परिवार ने जिन सात लोगों को नामजद किया है, उन्हें बीते तीन दिन में गिरफ्तार किया जा चुका है। सात आरोपियों में से 4 नाबालिग हैं और तीन वयस्क आरोपियों में से दो को पुलिस व एक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि नाबालिगों को किशोर गृह भेजा गया है। किशोरी एक आरोपी के अनुरोध पर दुआर्स क्षेत्र स्थित चाय बागान में सुनसान जगह गई थी। वह किशोरी का मित्र बताया जा रहा है। रविवार दोपहर बाद जब वह उस जगह पहुंची तो सात लोगों ने उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई।

ट्रांसपोर्टर कार्यालय से 3.5 करोड़ लूटने के आरोप में 12 गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में ट्रांसपोर्टर के कार्यालय से 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले हफ्ते यहां किशनगंज इलाके में कुछ लोग ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में घुस गए थे और बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि लूटपाट के सिलसिले में बृहस्पतिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही (आरोपियों की) पहचान और लूटपाट के उनके तरीके का खुलासा करेंगे।

कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी का छापा

1,392 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत हुई कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

बैंक धोखाधड़ी मामला

- हरियाणा, दिल्ली और झारखंड समेत 15 स्थानों की ली गई तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए देश के कई प्रदेशों सहित 15 स्थानों पर छापेमारी की और परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी ने मामले से जुड़े हरियाणा के कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर भी गुरुवार को छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने गुरुवार को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के तहत हरियाणा के महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का एक दल भी था।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के ठिकानों की तलाशी ली, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक राव दान सिंह, उनका बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी तथा उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने राव दान सिंह के रेवाड़ी स्थित फार्म हाउस की भी तलाशी ली है। एएसएल स्टील रोल उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। जिसकी जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है।

सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला, विधायक ने ली रकम नहीं लौटाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया था, लेकिन कभी कर्ज की राशि को लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज की रकम को बट्टे खाते में डाल दिया गया, जिसकी जांच के तहत ईडी ने विधायक के ठिकानों की तलाशी के लिए और कंपनी से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की है। सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से हाल में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह 41,000 से अधिक वोटों के अंतर से भाजपा के धर्मबीर सिंह से हार गए थे।

मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करती है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए
- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का दिया हवाला

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया। वैष्णव ने कहा कि विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता। पंजाब के कार्यक्रम के लिए गए प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

जो अपने पास से सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं : भागवत

रांची, एजेंसी

- झारखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधन, लोगों ने भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर किया स्वागत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं। एकजुट होकर कार्य करने से सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने यह बात गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की शुरुआत में भागवत सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी पहनाकर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर स्वागत किया गया। भागवत ने कहा कि जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका लेकिन एकजुट होकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है।

सूरत में 51.4 करोड़ के मादक पदार्थ सहित तीन लोग गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सूरत के बाहरी इलाके में मेफेड्रोन निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुनील यादव, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पाया गया कि तीनों ने सूरत जिले के पलसाना तालुका के करेली गांव में 20,000 रुपये मासिक पर औद्योगिक इकाई किराए पर ली हुई थी जहां वे विभिन्न सामग्री का उपयोग करके मेफेड्रोन बनाने थे।

तलोजा जेल से अबू सलेम नासिक के केंद्रीय कारागार स्थानांतरित

मुंबई, एजेंसी

- 17 अन्य हाई प्रोफाइल कैदी भी दूसरी जेलों में भेजे गए, इमारत की मरम्मत के चलते की गई व्यवस्था

तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद अबू सलेम तथा 17 अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा गया है या उन्हें सामान्य बैरक में ले जाया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अबू सलेम गैंगस्टर एक्ट तथा 1993 मुंबई बम धमाकों का दोषी है जबकि एंटीलिया आतंकवादी मामले के आरोपी बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के साथ ही एल्गार परिषद मामले के कई आरोपी इनमें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है, जबकि वाजे को ठाणे जेल भेजा गया है और अन्य कैदियों को जेल की सामान्य बैरक में रखा गया है। उच्च सुरक्षा वाले कैदियों को आमतौर पर सुरक्षा उद्देश्यों के लिए अंडा सेल या अलग इमारत में रखा जाता है। तलोजा जेल अधिकारियों ने बताया कि पनवेल में लोक निर्माण विभाग के संरचनात्मक ऑडिट से पता चला है कि उच्च सुरक्षा वाली इमारत उपयोग के लिए असुरक्षित थी।

यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर (सवुक्कू) शंकर (48) को रिहा करने का आदेश दिया। उसे कोयंबटूर पुलिस ने 4 मई को एक साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों पर अपमानजनक बयान देने के आरोप में गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह इस समय कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

- शंकर की मां ने हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी याचिका

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि पीठ शंकर की मां गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देने वाली दायर पर सुनवाई कर रही थी। वहीं चेन्नई पुलिस के अनुसार, शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित हैं, जिनमें से तीन मामलों की जांच चल रही है। दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं। शेष मामलों में सुनवाई लंबित है।

कर्नाटक सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : गौड़ा

बेंगलुरु। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य सरकार को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों पर वरिष्ठ नेताओं के नाम लेने का दबाव डाल रही है।

- राजस्व मंत्री बोले- केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल

राज्य के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने दावा किया कि केंद्र सरकार कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है, जैसा उसने झारखंड, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है और हम इसे आपके साथ साझा करेंगे।

7 घंटे में स्थानांतरित हुए जगन्नाथ मंदिर के रत्न

पुरी, एजेंसी

- मंदिर के भीतर अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया सामान

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थायी भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य गुरुवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।

7 कंटेनरों में रखे गए कीमती सामान

पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी है। सभी सामान को नये कंटेनरों में रखा गया और बाद में मंदिर परिसर में अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया। रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई। चाबियां खजाने में रखी जाएंगी। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो देखा उसका विवरण गोपनीय है। इसे सार्वजनिक रूप से उजागर करना अनुचित होगा।

न्यायमूर्ति कोटिश्वर और महादेवन सुप्रीम कोर्ट में बने न्यायाधीश

नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली और वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही अब उच्चतम न्यायालय में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गयी है जो कि पूर्ण है। उच्चतम न्यायालय में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

नॉटिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

● वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन

भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गयी और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।

● करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

खेल डायरी

विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

नई दिल्ली। शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

चेन्नई। राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

चेन्नई। एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

मुंबई। यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।

तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 7 दिन शेष

पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर

चेन्नई। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।

उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

पेरिस। सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुबंई, एजेंसी

श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

बॉलीवुड हलचल

रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

लखनऊ। उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

महिला एशिया कप | पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

एक नजर

नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

काठमांडू। नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

रामल्लाह। फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

फ्रांस में आग दुर्घटना में सात लोगों की मौत

पेरिस। फ्रांस के नीस शहर में बुधवार रात लगी आग में सात लोगों की मौत हो गयी, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मेनिन ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, अग्निशमन विभाग की तत्काल कार्रवाई से कई और लोगों को हताहत होने से बचाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि आग लगने के पीछे के कारणों की जांच जारी है। आग बुझाने में कुल 25 दमकल गाड़ियां और 72 दमकलकर्मी शामिल थे।

यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद पीछे हटी

कीव। यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था।

चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

वाशिंगटन : अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने के कारण इस मिशन में देरी होती रही जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी, एजेंसी

● लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा

भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12.6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्त्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

हिंसक झड़पों में 18 और लोगों की मौत

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी और इसके अगले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां खड़े अनेक वाहनों को आग लगा दी। इससे वहां पत्रकारों सहित कई कर्मचारी फंस गए। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। समाचारपत्र द डेली स्टार ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के बीच आज देश भर में हुई झड़पों में कम से कम 18 लोग मारे गए तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले, प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा था, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है।

बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय : भारतीय उच्चायोग

ढाका। भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है।

सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

ढाका। बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।

नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

काठमांडू। नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार नेपाल के स्थानीय अधिकारी बचाव कार्य के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के भारतीय अधिकारियों के साथ समन्वय बना रहे हैं। खोज और बचाव कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला

मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ (बीच में) के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

पोर्ट लुई, एजेंसी

● विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)। यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

● वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध के निर्णय को पीपीपी का समर्थन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज द्वारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का गुरुवार को गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने समर्थन करने की घोषणा की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने घोषणा की है कि वह कैबिनेट के सभी फैसलों का समर्थन करेगी। सूचना मंत्री अता तरार ने सोमवार को खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसके बाद कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न हुआ था कि क्या नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को इस मामले में अपने गठबंधन सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

बीजिंग, एजेंसी

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

किन (58) चीन के सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे। उनके पते-ठिकाने की भी जानकारी नहीं है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए हालांकि केंद्रीय समिति ने अब भी किन को कॉमरेड (साथी) कहा है। इसके बाद किन का स्थान उनके पूर्ववर्ती वांग यी ने ले लिया जो पार्टी के उच्चस्तरीय पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं।

तीसरे पूर्ण अधिवेशन में जनरल ली शांगफू और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के दो अन्य वरिष्ठ जनरलों ली यूचाओ और सन जिनमिंग को पार्टी से निष्कासित करने के पोलित ब्यूरो के पहले के फैसले की भी पुष्टि की गई।

चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में इमारत से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है, कई लोग बालकनी पर भी दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इमारत के अंदर फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। खबर में कहा गया है कि प्राथमिक जांच के अनुसार आग निर्माण कार्य के कारण लगी थी।

अलग हुए हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुरुवार को चार साल के रिश्ते के बाद पत्नी नताशा स्टेनकोविक से अलग होने की घोषणा की। दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक संयुक्त बयान में इस फैसले का खुलासा किया। दोनों ने 31 मई 2020 को शादी की थी और इसी साल 30 जुलाई को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ था। उन्होंने 14 फरवरी 2023 को उदयपुर में एक भव्य समारोह में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में रीति रिवाज से दोबारा शादी की थी।

इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, चार साल साथ रहने के बाद नताशा और मैंने मिलकर अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और सब अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब हम लोगों को लगता है कि अलग होने में हम दोनों की भलाई है। उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए एक मुश्किल फैसला था क्योंकि हमने साथ मिलकर परिवार के तौर पर आनंद लिया, एक दूसरे का सम्मान किया और साथ दिया।

● आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैसले का खुलासा किया

खगोल विज्ञान | नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।

चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

नैनीताल : वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

● सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं।